जबलपुर
शनिवार, 3 मई 2025
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-7
- वर्ष : 20, अंक : 3
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 39
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





8 शुरुआत अच्छी पर चुनौतियां भी कई

मैट्रो
14 पटवारी के बाद अब तहसीलदार ...


## केदारनाथ धाम के कपाट खुले सीएम धामी की मौजूदगी में उमड़े हजारों भक्त

# कपाट खुलते ही हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी घाटी, हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा

कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया

केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

बाबा केदार के कपाट खुलने के क्षण का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार था। शुक्रवार सुबह जैसे ही धाम के कपाट खुले हर-हर महादेव के जयकारों से घाटी गूंज उठी। श्रद्धा से भीगे मन भोलेनाथ का वंदन करने लगे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने समर्पण से मन झुकाया। सुबह सात बजे वृष लग्न में केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन पल के साक्षी बने। मंदिर के कपाट खुलते ही केदारघाटी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी।




### श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

सीएम ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम अपने संपूर्ण वैभव के साथ सज संवरकर तैयार है। प्रात काल विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में काापट उद्घाटन के साथ ही भक्तगम देवाधिदेव महादेव केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर रहे हैं। मेरे लिए भी अत्यंत सौभाग्य का क्षण है कि मैं भी कपाटोद्घाटन के दौरान श्री केदारनाथ धाम में उपस्थित हूं। मुख्यमंत्री धामी जी ने केदारनाथ धाम में संचालित 'मुख्य सेवक भंडारा' में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। चारधाम यात्रा का औपचारिक शुभारंभ ऋषिकेश से शनिवार को होगा।

### कल खुलेंगे बद्री विशाल के कपाट

इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर शुरू हो गई है। 4 मई को भगवान बद्री विशाल के कपाट भी खुल जाएंगे और यात्रा पूरे जोर-शोर से शुरू हो जाएगी। हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु चेन्नई
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### सीएम राइज का नाम होगा सांदीपनि विद्यालय




**भोपाल।** प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय होगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने सीएम राइज स्कूलों का नाम बदलकर सांदीपनि विद्यालय करने का आदेश जारी कर दिए हैं। सीएम ने बीते दिनो राज्य स्तरीय कार्यक्रम में घोषणा की थी।

### अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म निर्माता बोनी कपूर अभिनेता अनिल कपूर और संजय कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन हो गया है। उन्होंने 2 मई को 90 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली।

### तिहाड़ में वसूली की जांच करेगी सीबीआई



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीबीआई को तिहाड़ जेल के अंदर जबरन वसूली गिरोह चलाए जाने के आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया। जिसमें जेल के अधिकारी भी कथित रूप से शामिल हैं।

## अमेरिका ने भारत को दी खुली छूट, साथ यह भी कहा-क्षेत्रीय युद्ध न भड़के

# पहलगाम हमले पर उपराष्ट्रपति वेंस की सलाह:आतंकियों को सबक सिखाए भारत



युद्ध की आहट के बीच करीब दो दर्जन देशों ने भारत का खुलकर साथ देने का दिलाया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच भारी टेंशन है। दोनों देश अपने अपने स्तर पर जंग की तैयारी कर रहे हैं। युद्ध की आहट के बीच करीब दो दर्जन देशों ने भारत का खुलकर साथ देने का भरोसा दिलाया है। यहां तक की अमेरिका भी खुले तौर पर कह रहा है कि भारत को हर हाल में आतंकियों का सबक सिखाना ही चाहिए। एक साक्षात्कार में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले का जवाब भारत को पूरी ताकत के साथ देना चाहिए। इसके अलावा वेंस ने कहा कि यदि आतंकवाद के लिए पाकिस्तान किसी भी रूप में जिम्मेदार है तो उसे भारत के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में सहयोग करना चाहिए। साथ ही वेंस सुझाव देते हुए कहा कि व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की नौबत न आए इसका भी ख्याल रखना पड़ेगा।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट से घबराया पाकिस्तान



### भारत पर 10 लाख से अधिक बार हुए साइबर अटैक

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देश भर में 10 लाख से अधिक साइबर हमले किए गए हैं। ये हमले पाकिस्तान सहित कई अन्य देशों से किए गए हैं। वहीं इसे लेकर साइबर वार की भी आशंका जताई जा रही है। महाराष्ट्र पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने इन साइबर हमलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल ने पाया है कि 22 अप्रैल के बाद साइबर अटैक की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। आगे कहा कि भारतीय वेबसाइटों और पोर्टलों को निशाना बनाकर पाकिस्तान, मध्य एशिया, इंडोनेशिया और मोरक्को से ये हमले किए गए। कई हैकिंग ग्रुप्स ने खुद के इस्लामी गुट का होने का दावा किया है।

एनआईए की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

### बॉर्डर पार बैठे अपने आकाओं के संपर्क में थे आतंकी

इधर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगातार जांच में जुटी है। एजेंसी की शुरुआती रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। एजेंसी ने कश्मीर घाटी से लगभग 20 ओवरग्राउंड वर्कर्स की पहचान की है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने हमलावरों को मदद पहुंचाई थी। फिलहाल, इन सभी से पूछताछ की जा रही है।

अब बिलावल का कबूलनामा, बोले

### पाकिस्तान ने आतंकी पालकर गलती की



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो का बयान सामने आया है। बिलावल भुट्टो ने ख्वाजा आसिफ के आतंकवाद वाले बयान पर मुहर लगा दी है। ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में हुए हमले के बाद अपने बयान में कहा था, पाकिस्तान में आतंकवादी पलते हैं। अब इसके बाद बिलावल भुट्टो ने कहा, इस मामले में पाकिस्तान का अपना अतीत रहा है। पूर्व विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान आतंकवादी समूहों को समर्थन देने में जुड़ा हुआ है। जहां तक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था, मुझे नहीं लगता कि यह कोई रहस्य है कि पाकिस्तान का एक अतीत है, नतीता, हमने भुगता है। यह कोई राज नहीं, जिसे छिपाया जा रहा। पाकिस्तान ने भुगता है। हम चरमपंथ की लहर से गुजरे हैं। लेकिन हमने जो झेला है, उसके परिणामस्वरूप हमने अपने सबक भी सीखे हैं। हमने इस समस्या को हल करने के लिए आंतरिक सुधार किए हैं।

मृतक इंदौर के खेड़ा मऊ के रहने वाले

## विदिशा में बारातियों से भरी पिकअप पलटी, 4 लोगों की मौत, 8 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात 10 बजे नेशनल हाईवे 752 बी पर लटेरी से 10 किमी दूर आरी घाट के पास बारातियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप पलट गई। तीन बारातियों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। चौथे की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे में चार लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छाअनुदान से दो-दो लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इंदौर के खेड़ा मऊ से बारात सिरोंज के जटाशंकर के पास आई थी। बारात वापस लौटते समय पिकअप वाहन में 17 बाराती सवार हो गए।

सीएम ने जताया दुख मुआवजे का ऐलान किया

### मुलताई-बैतूल हाईवे पर दो बसों में भिड़ंत, 10 घायल

इधर, मुलताई के एनस गांव के पास शुक्रवार दोपहर 2 बजे दो बसों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 10 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयपुर से रायपुर जा रही एमआर ट्रैवल्स की बस और बैतूल से छिंदवाड़ा जा रही फिरोज खान ट्रैवल्स की बस में टक्कर हो गई। एमआर बस ने तेज रफ्तार में सामने से आ रही फिरोज खान बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद फिरोज खान की बस सड़क से 20 फीट दूर खेत में पलट गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत डायल 100 और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

पिता ने कॉलेज प्रबंधन पर लगाए आरोप

### पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में लगाई फांसी

**सीहोर।** भोपाल नाका स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विषय सेकंड सेमेस्टर की छात्रा रक्षा नायक ने संदेहास्पद परिस्थितियों में कॉलेज के छात्रावास में फांसी लगा ली। छात्रा का शव हॉस्टल के कमरे में झूलते मिला। सूचना के बाद सीहोर जिले की इछावर तहसील के भगवतपुरा गांव के रहने वाले मृतक छात्रा के पिता दशरथ सिंह पहुंचे। उन्होंने इस घटना पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए इस मौत के लिए कॉलेज प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया।



■ प्रेम संबंध की बात सामने आई

घरेलू कलह के चलते पिता बना हैवान

### अपने ही दो बच्चों को उतार दिया मौत के घाट, गिरफ्तार

**धार।** जिले के डही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिगवी के भंवरपुरा में एक पिता ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने दो मासूम बेटों की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आरोपी पिता सिकदार ने अपने 4 वर्षीय बेटे आकाश और 3 वर्षीय बेटे विकास की फालिया से निर्ममता से हत्या कर दी।



■ पुलिस ने कहा आरोपी मानसिक रूप से कमजोर

काल बनी दिल्ली की बारिश

### घर पर पेड़ गिरने से परिवार के 4 की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में शुक्रवार की सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। तेज हवाओं के चलते द्वारका के खरखरी नहर गांव में खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर पेड़ गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय ज्योति और उसके तीन बच्चों के रूप में हुई है। उसके पति अजय को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक तड़के 5.26 बजे एक कमरे के ढहने की सूचना मिली।



■ मरने वालों में मां के साथ तीन बच्चे भी

## पीएम मोदी ने विझिंजम बंदरगाह का किया लोकार्पण




भारत की समुद्री सुरक्षा में बड़ी उपलब्धि ये नागरिकों के लिए नए अवसर खोलेगा

*तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 8,900 करोड़ रुपए की लागत वाले 'विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक तरफ विशाल समुद्र है, जिसमें अनेक अवसर हैं और दूसरी तरफ प्रकृति की सुंदरता है, इन दोनों के बीच यह 'विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी वाला बहुउद्देशीय बंदरगाह' है, जो नए युग के विकास का प्रतीक है।*

## मौसम बदलने के बाद भी रतलाम झुलसा, तापमान 44.2 डिग्री रहा


# बादलों ने गिराया दिन का पारा आज आंधी-बारिश के आसार

आधा दर्जन जिलों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा

*भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित आधा दर्जन जिलों में शनिवार को आंधी बारिश का अलर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेज गर्मी के साथ ही बारिश और ओलों ने दिन के तापमान को कम कर दिया है। जिससे शुक्रवार को प्रदेश के बीस से अधिक जिलों में पारा दो से तीन डिग्री तक कम हो गया। शनिवार को भी भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित आधा दर्जन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



### आज इन जिलों में आंधी चलने का अलर्ट

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि शनिवार को कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, जबलपुर, नरसिंहपुर में हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है।

### खंडवा, खरगौन में रही तेज गर्मी

मई के दूसरे दिन भी ही दिन उज्जैन, शाजापुर, रतलाम, गुना और नरसिंहपुर में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां पारा 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

## एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शंकर प्रकटोत्सव में शामिल हुए सीएम

गुरु शंकराचार्य की चेतना शास्त्र परंपरा से कराती है परिचय

# संतों ने धर्म की स्थापना के लिए प्राण न्योछावर किए, शस्त्र के साथ शास्त्र की परंपरा का समन्वय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे संतों एवं संन्यासियों ने धर्म की स्थापना के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। शस्त्र के साथ शास्त्र की परंपरा का अद्भुत समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने धार्मिक नगरों में शराबबंदी की शुरुआत की है। शराब की दुकानें बंद कर दूध की दुकानें खोली जा रही है। दुग्ध उत्पादन को डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है।

स्वामी अवधेशानंद बोले: मुख्यमंत्री एक दूरगामी सोच रखते हैं, भगवान ने उन्हें इन कार्यों के लिए चुना

राज्य सरकार ने की धार्मिक नगरों में शराबबंदी की शुरुआत

### सांस्कृतिक मूल्यों का संचार और आध्यात्मिक मूल्यों का संवर्धन हो

स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा मुख्यमंत्री सनातनी मूल्य और सांस्कृतिक निष्ठा के साथ प्रदेश की समृद्धि के लिए प्रयासरत हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक मूल्यों का संचार हो और आध्यात्मिक मूल्यों का संवर्धन हो, उज्जैन में सिंहस्थः 2028 को कैसे वैश्विक रूप से भव्यता प्रदान की जाए।



### गुरु शंकराचार्य ने अपने जीवन काल में अनेक महान कार्य किए

ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु की 108 फीट ऊंची प्रतिमा व आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली को राज्य सरकार एकात्म धाम के रूप में विकसित कर रही है, जो चरणबद्ध रूप से पूर्ण हो रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य ने अपने जीवन काल में अनेक महान कार्य किए।

### नागा सन्यासी बनकर धर्म की स्थापना के लिए त्याग किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष के लघु जीवन काल में इतने महान कार्य किए जो कल्पना से परे हैं। शंकराचार्य की दृष्टि हिमालय पर्वत के समान अद्वितीय थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमको सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने का अवसर मिला है।*


कृषि की ताकत, उद्योग का सहारा
बढ़ेगा किसान, बढ़ेगा देश हमारा
खेती से कारोबार की ओर
कृषि-उद्योग समागम 2025
कृषि-उद्योग समागम 2025
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
3 मई, 2025 | दोपहर 12:00 बजे
कृषि उपज मंडी ग्राउंड
सीतामऊ, मंदसौर
कृषि उद्योग समागम - किसानों के हित में नई पहल
तकनीक को प्रोत्साहन
किसान भाई-बहन एक ही मंच पर कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन के, ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त आधुनिक यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों से परिचित होंगे
आधुनिक आदान को बढ़ावा
सिंचाई संयंत्र, बीजों की उन्नत एवं नवीनतम किस्मों तथा वैज्ञानिक रूप से विकसित फर्टिलाइजर्स की जानकारी से भी अवगत होंगे
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण को नए आयाम
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण की नवीनतम पद्धतियों, डेयरी टेक्नोलॉजी तथा मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों की सटीक जानकारी एवं मार्गदर्शन
कृषि और उद्योग की साझेदारी
कृषि एवं उद्यानिकी फसल आधारित उद्योगों से जुड़े उद्यमी, किसान उत्पादक संगठन (FPO), क्रेता-विक्रेता, निर्यातक एवं किसान संगोष्ठी के माध्यम से तलाशेंगे साझेदारी के अवसर
किसान हित की योजनाओं में पंजीयन
फसल बीमा कंपनी, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंकर्स द्वारा किसानों के साथ जानकारी साझा की जाएगी तथा किसान हित की योजनाओं में होगा किसानों का पंजीयन
D-11021/25
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#कृषि_उद्योग_समागम_MP
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

# आंधी-तूफान में उखड़े पेड़, बारिश से सड़कें लबालब

## दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बदला मौसम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई हिस्सों में आंधी-तूफान के चलते पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। दिल्ली की सड़कों पर पानी भर गया है। बूंदाबांदी का सिलसिला तड़के 3 बजे के बाद शुरू हुआ। पहले आईटीओ, मंडी हाउस और मध्य दिल्ली के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश शुरू हुई। कश्मीरी गेट से यमुना बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर जाम लग गया।

ये रहे हालात



### 7 मई तक नहीं मिलेगी राहतः आईएमडी

मौसम विभाग के अनुसार 1 मई से 7 मई तक आंधी व बारिश का अनुमान है। इस कारण से तापमान 34 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 4 मई की सुबह तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 5 और 6 मई को शाम के समय आंधी-तूफान और बादल गरजने की गतिविधियां रहेंगी।

### उड़ानों को परिवर्तित किया, कई को रोका

दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण परिचालन बाधित होने के कारण तीन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और 200 से अधिक उड़ानें विलंबित हो गईं। एक फ्लाइट को अहमदाबाद और दो फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया और कई अन्य फ्लाइट में देरी हुई।

### गुरुग्राम बन गया जलग्राम

गुरुग्राम में बारिश से कई जगहों पर जलभराव हो गया है। घरों के अंदर पानी घुस गया। नरसिंहपुर गांव के सामने दिल्ली जयपुर हाईवे और सर्विस लेन पर तीन फीट पानी भर गया है। आंधी से कई जगह पेड़ टूट गए। इसकी चपेट में आकर पालम विहार में पार्क की दीवार ढह गई। दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। साउथ दिल्ली के शेख सराय में एक बड़ा पेड़ गिरने से 5 से 6 गाड़ी क्षतिग्रस्त और कई बाइकें दबीं।

## हिमाचल की चोटियों पर बर्फबारी, शिमला में झमाझम बारिश

### गिरा पेड़, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त बिजली व्यवस्था हो गई चौपट



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित राज्य के कई अन्य भागों में गुरुवार शाम से बारिश का दौर जारी है। चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-5 व ऊंची पहाड़ियों के अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। कुल्लू सहित लाहौल घाटी में मौसम लगातार खराब बना हुआ है। रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में फाहे गिरे हैं।

### घुमारु गांव में घर पर गिरा पेड़

हमीरपुर उपमंडल बड़सर घुमारु गांव गुरुवार देर रात को तेज अंधड़ में सुरिंदर कुमार के घर पर पेड़ गिर गया। टूटीकंडी में चीड़ का बड़ा पेड़ गिर गया है। इससे खलीनी-टूटीकंडी बाइपास पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। पेड़ गिरने से सड़क किनारे खड़ी 3 गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है।

**एक सप्ताह तक जारी रहेगी बारिशः ये येलो अलर्ट :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य आगामी 8 मई तक लगातार बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट है।

## खबर संक्षेप

### कोलकाता के साल्ट लेक सेक्टर में लगी भीषण आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के बाहरी इलाके के साल्ट लेक के सेक्टर पांच में एक परिसर में शुक्रवार को भीषण आग लग गई जिसके बाद दमकल विभाग ने 12 गाड़ियों को मौके पर भेजा। आशंका है कि रासायनिक पदार्थों के गोदाम में आग लगी है। कई किलोमीटर दूर से आग की ऊंची लपटें और काला धुआं दिखा।




### एंबुलेंस का कहर, 7 को उड़ाया, 1 की मौत

**बेंगलुरु।** शहर के विल्सन गार्डन इलाके में एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने 7 लोगों को टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। घटना 1 मई की है जिसकावीडियो शुक्रवार को सामने आया है। बीटीएस रोड पर संजीविनी चालक चिरंजीव तेज गति से चला रहा था।



### सिद्धारमैया के मंत्री ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री शिवानंद पाटिल ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर को बसवाना बागेवाड़ी क्षेत्र से विधायक पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि वह विजयपुरा शहर के विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती स्वीकार करने के बाद विधायक पद छोड़ रहे हैं।



### अहमदाबाद में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

**वटवा।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। हादसे में 2 लोग घायल हो गए। दमकल की 15 गाड़ियों ने मशक्कत की। वटवा जीआईडीसी फेस 4 स्थित जयश्री इंडस्ट्रीज की बताई जा रही है। केमिकल ड्रम्स में ब्लास्ट होने की वजह से आग भयावह हो गई।



## पीएम ने केरल को दी 8900 करोड़ की सौगात, विझिनजाम बंदरगाह देश को समर्पित

# आज के कार्यक्रम से कई लोगों की नींद हो जाएगी हराम
# यहां 'मजबूत स्तंभ' मंचासीन, पर नहीं लिया कोई नाम



ये बात तो बड़ी दूर तलत जाएगी

### मोदी ने इशारों-इशारों में बहुत कुछ कह दिया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में देश की पहली अंतर्राष्ट्रीय डीपवाटर ट्रांसशिपमेंट परियोजना, विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट का औपचारिक उद्घाटन किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान जनता को भी संबोधित किया। वे अपने तंज के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने कुछ ऐसा ही एक बार फिर किया। उन्होंने सीएम पिनराई विजयन और सांसद शशि थरूर का नाम लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर तंज कसा। पीएम मोदी इशारों-इशारों में कांग्रेस पर तंज कसा और पूरे इंडी गठबंधन पर भी हमला बोल दिया। पीएम ने कहा, कि मैं सीएम को बताना चाहता हूं, आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं, शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ा देगा। जहां पहुंचनी चाहिए वे बात पहुंच भी गई होगी।

### विजयन और थरूर को बताकर 'इंडी गठबंधन' पर कसा तंज

### केरल को 8,900 करोड़ की सौगात दी

केरल की जनता को पीएम मोदी ने को 8,900 करोड़ की सौगात दी। उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।



### विकास और व्यापार करने में आसानी होगी

पीएम मोदी ने कहा कि बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों का आधार रहा है। औद्योगिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

### भगवान आदि शंकराचार्य को नमन किया

उन्होंने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। 3वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं।

### हार्ड हैट पहनकर ट्रांसशिपमेंट हब का चक्कर लगाया

पीएम मोदी तिरुवनंतपुरम शहर से हेलीकॉप्टर द्वारा बंदरगाह क्षेत्र में पहुंचे। हार्ड हैट पहनकर ट्रांसशिपमेंट हब का चक्कर लगाया। उन्होंने केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, विजयन, गौतम अडाणी और थरूर की उपस्थिति में सुविधा के पहले चरण का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया।

### गुलामी से पहले के दौर का भी जिक्र किया

उन्होंने कहा कि गुलामी से पहले हमारे भारत ने हजारों वर्ष की समृद्धि देखी है। एक समय वैश्विक जीडीपी में मेजर शेयर भारत का हुआ करता था। उस दौर में हमें जो चीज दूसरे देशों से अलग बनाती थी, वो थी समुद्री क्षमता, हमारी पोर्ट सिटी की आर्थिक गतिविधि। केरल का इसमें बड़ा योगदान था।



### आंध्र को भी दी 58000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है। प्रधानमंत्री ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं।

### पीएम ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**अमरावती में एक सपना सच होते दिख रहा**


मोदी ने कहा कि आज जब मैं इस अमरावती की भूमि पर खड़ा हूं तो मुझे केवल ये एक शहर नहीं दिख रहा है बल्कि मुझे ये एक सपना सच होते हुए दिख रहा है।

**डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र**

पीएम ने 5,028 करोड़ की 9 केंद्रीय परियोजनाओं की नींव रखी। इनमें नागायलंका में डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र, यूनिटी मॉल, गुंटकल-मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज और 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं। मिसाइल परीक्षण केंद्र में प्रक्षेपण केंद्र भी होगा।

## नेशनल हेराल्ड मामले में नोटिस

### सोनिया, राहुल और पित्रोदा की मुश्किलें बढ़ीं अदालत ने भेजा नोटिस





**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुनवाई का अधिकार है। किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

### आरोप पत्र में सुमन का भी नाम

इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया और राहुलपर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने सोनिया और राहुल नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई।

## बंगाल के 'जगन्नाथ धाम' पर विवाद

### ममता माफी मांगें, यह नाम हिंदू मान्यताओं के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर के नाम को लेकर ओडिशा में विरोध शुरू हो गया है। पुरी जगन्नाथ मंदिर के पंडितों, सेवकों, विद्वानों, कलाकारों और शोधकर्ता मंदिर का नाम 'जगन्नाथ धाम' रखने पर आपत्ति जता रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने 30 अप्रैल को पूर्वी मेदिनीपुर जिले के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया था। उन्होंने मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया। ओडिशा के लोगों ने मंदिर बनाने का समर्थन किया, लेकिन नाम पर एतराज जताया। उनका कहना है कि जगन्नाथ धाम सिर्फ पुरी में है, अन्य मंदिर को यह नाम देना हिंदू मान्यताओं-परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने ममता बनर्जी से भी माफी मांगने को कहा है। इससे लोग नाराज हैं।



## राष्ट्रपति 'एजिंग विद डिग्निटी' में बोलीं

### वरिष्ठों को बताया अतीत से जुड़ने की कड़ी, भविष्य का मार्गदर्शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण के साथ ही विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने कहा एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था का काफी समय सम्मान और सक्रियता के साथ बिताएं।



## पाकिस्तानी परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

वीजा की अवधि निकल चुकी

### अधिकारी परिवार के दस्तावेज की जांच पड़ताल करें, फिलहाल निर्वासित न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान निर्वासित होने के कगार पर पहुंचे एक परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जम्मू कश्मीर के 6लोगों को एक परिवार पर निर्वासन की तलवार लटकी है। ये परिवार कथित तौर पर वीजा की अवधि निकल जाने के बाद भी भारत में रुका हुआ है। परिवार का कहना है कि उनके पास भारत में रहने के वैध दस्तावेज हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सभी दस्तावेजों की जांच करें। अदालत ने दस्तावेजों की वैधता पर जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया है। हालांकि कोई समयसीमा तय नहीं की है। अदालत ने फैसला लिए जाने तक याचिकाकर्ता परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का भी निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा याचिकाकर्ता दस्तावेज की जांच से संतुष्ट नहीं हैं उच्च न्यायालय जा सकते हैं।



### पीओके से भारत के कश्मीर पहुंचा परिवार

याचिकाकर्ता अहमद तारिक बट्ट का परिवार भारत के जम्मू कश्मीर में रहता है और याचिकाकर्ता के दो बेटे बंगलूरू में नौकरी करते हैं। यह परिवार साल 1987 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से जम्मू कश्मीर पहुंचा था। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने भारत से पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित करना शुरू कर दिया है। परिवार के 5सदस्यों को हिरासत में लिया गया है।

## बुजुर्ग की गुहार सुन अदालत ने बदला अपना फैसला

तेलंगाना के निजामाबाद की अनोखी तस्वीर

### जज साहब कोर्ट नहीं आ सकते, मीलॉर्ड इंसाफ देने के लिए खुद रोड पर उतर आए

एजेंसी ▶▶ निजामाबाद

तेलंगाना के निजामाबाद जिले के बोधन कस्बे में सोमवार को एक अनोखी तस्वीर देखने को मिली। यहां एक जज एसमेम्ली साई शिवा बुजुर्ग कपल को इंसाफ देने के लिए खुद सड़क पर उतर आए। दरअसल दोनों खराब सेहत के कारण कोर्ट तक आने में लाचार थे। जज के इस मानवीय कदम की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।



### यह था मामला

कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार कांतापु सयाम्मा और कांतापु नादपी गंगाराम पर साल 2021 में उनकी बहू ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। तेलंगाना पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए के तहत केस दर्ज किया था। दिसंबर 2021 में चार्जशीट दाखिल होने के बाद बोधन कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही थी। करीब 30 बार सुनवाई होने के बाद आखिरकार 22 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया गया।

**जज ने सड़क पर ही फैसले पर साइन किए**

हालांकि यह घटना देश में अदालतों की खस्ताहाल बुनियादी ढांचे की पोल खोलती है। एक बुजुर्ग के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है कि वह कोर्ट पहुंच सके या ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि इस स्थिति में कोर्ट उनके घर तक पहुंच जाए। जज कोर्ट के बाहर सड़क पर ही फैसले पर साइन करते दिखे।

## राम मंदिर भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरू

# 23 को राम मंदिर के प्रथम तल पर होगी राम दरबार की स्थापना



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या यहां के जग प्रसिद्ध राम मंदिर भवन निर्माण समिति की 3 दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्य मंदिर के प्रथम तल में राम दरबार की प्रतिमा और शेषावतार मंदिर की प्रतिमाएं आनी शेष हैं। 23 को राम दरबार की प्रतिमा राम मंदिर में स्थापित की जाएगी।

**50** पास दर्शन के लिए जारी होंगे

**750** श्रद्धालु एक दिन में दर्शन करेंगे

**50** पास प्रतिघंटे जारी किए जाएंगे

**10** सेंसर इस मंदिर में लगाए गए

### भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने जानकारी दी

**तीन महीने में मंदिर का लोड**



मिश्रा ने बताया कि 3 महीने में मंदिर का लोड फैक्टर चेक किया जाएगा। रुड़की के वैज्ञानिकों की ओर से मंदिर के मापदंड को देखते हुए प्रति घंटे 50 श्रद्धालुओं को ऊपर जाने की अनुमति दी गई है। राम मंदिर में 10 सेंसर लगाए गए हैं। पत्थरों के मूवमेंट जांचेंगे।

**बाउंड्री को छोड़कर मंदिर परिसर में सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे:** मूकंप में भी सेंसर पहले ही संकेत करते हैं। सेंसर के जरिए तीन माह में मंदिर पर पड़ने वाले लोड का अध्ययन किया जाएगा। राम मंदिर की बाउंड्री को छोड़कर मंदिर परिसर में सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे।

### 30 मई को शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण जी की प्रतिमा लगेगी

30 मई से पहले शेषावतार मंदिर में भी लक्ष्मण जी की प्रतिमा को स्थापित कर दिया जाएगा। तीन जून से राम मंदिर के राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होगी। 3 से 5 जून तक प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव होगा। राम दरबार में श्रद्धालुओं के दर्शन की तिथि ट्रस्ट तय करेगा। पास के जरिए एक दिन में 750 श्रद्धालु राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। प्रति घंटे 50 पास जारी किए जाएंगे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पास जारी होगा।

संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 का आयोजन

# भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के अवशेष वियतनाम पहुंचे वेसाक पर्व पर 21 मई तक 30 लाख श्रद्धालु कर सकते हैं दर्शन

एजेंसी ⏭ हनोई

भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को वियतनाम पहुंचें। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 के मौके पर किया गया है। वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है।

बता दें कि इस पवित्र अवशेष को केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल लेकर वियतनाम पहुंचा। जहां एक धार्मिक समारोह हुआ, फिर एक भव्य जुलूस के साथ इसे थान ताम पगोडा ले जाया गया, जहां इसे आम जनता के दर्शन के लिए रखा गया है। इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिया, जिसमें बताया गया कि भारत से पवित्र बुद्ध अवशेष वियतनाम पहुंच गए हैं।

इन्हें पहले वियतनाम बौद्ध यूनिवर्सिटी के बुद्ध हॉल में लाया गया और फिर भव्य जुलूस के साथ थान ताम पगोडा में सार्वजनिक दर्शन के लिए रखा गया है। साथ ही हो ची मिन्ह सिटी में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण है।

वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है

वियतनाम में बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप मानते हैं



### यात्रा शांति का प्रतीक

केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर वियतनाम जाना आत्मा को छू लेने वाला अनुभव है। यह यात्रा शांति, करुणा और एकता का प्रतीक है। अवशेष 2 से 21 मई 2025 तक वियतनाम में रहेंगे। इस यात्रा में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कंदुला दुर्गेश और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### भारत और वियतनाम के रिश्ते गहरे होंगे

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 2 मई से 21 मई 2025 तक वियतनाम के अलग-अलग शहरों में रखी जाएंगी। इस दौरान 30 लाख से ज़्यादा लोग इनके दर्शन करने पहुंच सकते हैं। यह आयोजन भारत और वियतनाम के रिश्तों को और गहरा करने के साथ-साथ दुनियाभर में शांति और सद्भाव का संदेश भी देता है।



### आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा में मिले थे अवशेष

बता दें, यह पवित्र अवशेष सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार में विराजित है और आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा से खुदाई में मिला था। माना जाता है कि यह अवशेष 246 ईस्वी से भी पहले का है। आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने कहा कि वियतनाम एक बौद्ध-बहुल देश है और यहां बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप माना जाता है। यह आयोजन वेसाक दिवस और वियतनाम के राष्ट्रीय दिवस के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और वियतनाम में दूसरी-तीसरी शताब्दी के बौद्ध अवशेषों में ऐतिहासिक समानताएं हैं और एक विशेष प्रदर्शनी के जरिए इन साझा विरासतों को भी दिखाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डल झील में पलटा शिकारा, बचाव कार्य शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में स्थित डल झील में बड़ा हादसा हो गया है। शुक्रवार यानी 2 मई की शाम को एक शिकारा तेज हवा की वजह से पलट गया है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लोग पानी में डूबने से बचने के लिए मदद की गुहार लगाते दिख रहे हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय प्रशासन को सूचना मिलते ही तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। शिकारा पलटते ही अफरा-तफरी मच गई।




### हाईवे पर ट्रक पलटा, 300 गाड़ियों को नुकसान

**सिडनी।** शुक्रवार की सुबह एक ट्रक ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक पर 750 किलोग्राम नुकीला धातु का मलबा फैला दिया, जिससे शहर की ओर जाने वाली लेन बंद करनी पड़ी। सड़क पर पड़े नुकीले धातु की वजह से सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। न्यू साउथ वेल्स राज्य पुलिस ने कहा कि यह घटना सुबह के समय एम1 पैसिफिक मोटरवे पर हुई और इस घटना में 300 से अधिक वाहनों के टायर क्षतिग्रस्त हो गए। एम1, एक मालवाहक और यात्री मार्ग है जो सिडनी के उत्तर में है।



### अगले हफ्ते पृथ्वी पर गिरेगा अंतरिक्ष यान

**वॉशिंगटन।** 1972 में सोवियत संघ द्वारा शुक्र ग्रह के लिए भेजा गया एक पुराना अंतरिक्ष यान कोसमोस 482 अनियंत्रित होकर धरती पर लौट रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह घटना मई के पहले दो हफ्तों में हो सकती है, संभवतः 10 मई के आसपास। तकनीकी खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं जा सका और तब से लगभग 53 वर्षों से पृथ्वी की अंडाकार कक्षा में चक्कर लगा रहा है। यह यान 51.7 डिग्री उत्तर और दक्षिण अक्षांश के बीच दुनिया के किसी भी हिस्से में गिर सकता है।



पहलगाम आतंकी घटना पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो की तीखी प्रतिक्रिया

# ‘इस्लाम’ आतंक की तालीम नहीं देता, हम ‘आतंकवाद’ के खिलाफ... भारत के साथ

एजेंसी ⏭ जकार्ता

पहलगाम आतंकी हमले की वैश्विक नेताओं ने व्यापक निंदा की है। साथ ही लोग भारत के साथ एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। साथ ही आतंकवाद की निंदा की गई। पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के 50 से अधिक शहरों में हमले की निंदा करते हुए स्मारक सभाएं और सामुदायिक प्रार्थना सभाएं हुईं हैं। पहलगाम आतंकी हमले की इंडोनेशिया ने भी निंदा की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकी हमलों की तालीम नहीं देता है। हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं।

### ब्रिटेन ने की भारत और पाक से तनाव कम करने की अपील

लंदन में ब्रिटिश संसद के निचले सदन ‘हाउस ऑफ कॉमन्स’ में “कश्मीरः बढ़ता तनाव” के मुद्दे पर बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के सदस्यों ने “भयानक हमले” की निंदा की और क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर लेबर पार्टी सरकार का रुख जानना चाहा। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री लॉर्ड रे कोलिन्स ने सरकार की ओर से बताया कि रविवार को विदेश मंत्री (डेविड लैमी) ने भारतीय विदेश मंत्री और पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री दोनों से बात की।

## आतंकी हमले पर विश्व के 50 से अधिक शहरों में निंदा व प्रार्थना सभाएं हुईं

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी

आतंकवादियों को हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए



### इंडोनेशिया में सर्वाधिक मुस्लिम रहते हैं

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए हमें हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मुझे बुलाकर बात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चिंता जताई। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

### पाक ने एलओसी पर फिर तोड़ा संघर्ष विराम, भारत ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। अधिकारी के अनुसार, 01-02 मई की रात पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया।

### भारत ने आईएमएफ से कहा पाक के लोन की करें समीक्षा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड की बैठक 9 मई को होने जा रही है। इसी बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पाकिस्तान 1.3 अरब डॉलर के समझौते का रिव्यू भी लिया जाना है। इससे पहले भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान को दिए गए अपने ऋणों की समीक्षा करने को कहा है। समीक्षा के विपरीत परिणाम मिलने पर आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच 7 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज पर बन रही बात बिगड़ सकती है।

### पाक वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने को मजबूर

*भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ऐलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे 70 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।*

### भारत-पाक के बीच स्थिति पर जल्द ही यूएन में बैठक की संभावना

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) अध्यक्ष ने परमाणु हथियार संपन्न दक्षिण एशियाई देशों भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर चिंता जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच की स्थिति पर चर्चा करने के लिए सुरक्षा परिषद की बैठक जल्द हो सकती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की यह बैठक विचार व्यक्त करने तथा तनाव कम करने में मदद करने का एक अवसर होगी। मई महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष यूनान के राजदूत एवं संयुक्त राष्ट्र में देश के स्थायी प्रतिनिधि इवेंजेलोस सेकेरिस ने कहा कि बेशक, अगर बैठक के लिए अनुरोध आता है, तो... मुझे लगता है कि यह बैठक होनी चाहिए क्योंकि जैसा कि हमने कहा कि संभवतः यह विचार व्यक्त करने का एक अवसर भी है और इससे तनाव कम करने में कुछ मदद मिल सकती है। हम इस पर विचार करेंगे।

भारत और ईयू के बीच बनी सहमति

# मुक्त व्यापार समझौते पर इस साल के अंत तक करेंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ⏭ ब्रसेल्स

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए अपनी साझा सहमति व्यक्त की है। ब्रसेल्स में बैठक के बाद शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान की भावना से लंबित मुद्दों को सुलझाने के अपने उद्देश्य को दोहराया। इसमें 12-16 मई को नई दिल्ली में होने वाली अगली बैठक भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि यह प्रतिबद्धता पीएम नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के दिल्ली दौरे के दौरान दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है।

### अर्थव्यवस्था के विकास के लिए गहरी साझेदारी

गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ मेरी बातचीत प्रोडक्टिव रही। हमने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता को समाप्त करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जैसे-जैसे हम अपनी वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा ध्यान व्यवसायों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने, विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हमारी अर्थव्यवस्थाओं के विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारी साझेदारी को गहरा करने पर है। हमने इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार समझौते को आकार देने में निवेश और गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की।

### व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति रही

पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए टैरिफ चर्चाओं के साथ-साथ गैर-टैरिफ बाधाओं (एनटीबी) पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल ट्रांजिशन का समर्थन कर विविध और मजबूत सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर ग्लोबल कॉमर्स की उभरती वास्तविकताओं को दर्शाने की आकांक्षा रखता है। दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार संपन्न होने के बाद यह समझौता व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक ट्रांसफोर्मेटिव पिलर के रूप में काम करेगा, बाजार पहुंच को बढ़ाएगा, इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

वेव्स में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# हमें अपनी परंपराओं, विरासत व विचारों को महत्व देने की जरूरत

एजेंसी ⏭ ढाका

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अतीत में बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व एवं उपनिवेशवाद ने बहुलवाद को दबा दिया था तथा वैश्विक व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों के बीच परंपराओं, विरासत एवं विचारों को महत्व देना आवश्यक है। जयशंकर ने ‘विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन’ (वेव्स) में ‘ग्लोबल मीडिया डायलॉग’ को संबोधित करते हुए प्रतिभाओं के लिए सहज गतिशीलता सुनिश्चित करने की भी जोरदार वकालत की ताकि वे रचनात्मकता में और योगदान दे सकें। जयशंकर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग की अपार संभावनाओं को भी रेखांकित किया और कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच विदेश मंत्री ने आगाह किया कि उभरती प्रौद्योगिकियों का गैर-जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ती चिंता का विषय होगा और पूर्वाग्रह को कम करना, विषय-वस्तु का



लोकतंत्रीकरण करना तथा इसकी नैतिकता को प्राथमिकता देना, ये सभी उभरते विमर्श का हिस्सा होंगे। जयशंकर ने 60 देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चाई यह है कि दुनिया मूलतः, कुदरती रूप से और अनिवार्य रूप से विविधतापूर्ण है तथा अतीत में उपनिवेशवाद और बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व दोनों ने बहुलवाद को दबा दिया है। हम अब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करना चाहते हैं, ऐसे में केवल राजनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रता पर जोर देना पर्याप्त नहीं है। यह भी उतना ही आवश्यक है कि हम अपनी परंपराओं, अपनी विरासत, विचारों, प्रथाओं और अपनी रचनात्मकता को महत्व दें।

हार्वर्ड पर ट्रंप का बड़ा एक्शन

# यूनिवर्सिटी को अब नहीं मिलेगी टैक्स छूट, बोले- वो इसी लायक

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उनका प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स-छूटका दर्जा समाप्त करने जा रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘ट्रुथ सोशल’ पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम हार्वर्ड का टैक्स-छूट दर्जा समाप्त करने जा रहे हैं। वो इसी लायक हैं। इस कदम को हार्वर्ड और ट्रंप प्रशासन के बीच चल रहे विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर विविधता, समानता और समावेशनपहलों को लेकर दबाव बनाया है, जिन्हें प्रशासन नस्लीय भेदभाव के रूप में देखता है। वहीं, ट्रंप ने ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद की भी जिम्मेदारी दे दी है। वाल्ट्ज को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब उन्होंने गलती से एक पत्रकार को उस चैट ग्रुप में जोड़ लिया।



227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला, वाला ऑडियो वायरल

# ऑडियो क्लिप मामले में बढ़ी शेख हसीना की मुश्किलें, कारण बताओ नोटिस जारी

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीसी) ने शेख हसीना और उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक ऑडियो क्लिप के आधार पर न्यायमूर्ति मुर्जता मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने ये आदेश पारित किया है। शेख हसीना पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और धमकियां देने के आरोप लगे हैं। आईसीटी में अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने बताया कि हसीना और प्रतिबंधित छात्र लीग (बीसीएल) नेता शकील आलम बुलबुल को 15 मई तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप सामने आया, जिसमें कथित तौर पर बांग्लादेश की पूर्व पीएम कह रही हैं, ‘मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला है। मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज किए गए हैं।’ वकील तमीम ने बताया कि आईसीटी ने क्लिप की फॉरेंसिक जांच के बाद ये नोटिस जारी किया है।



### 8 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने गुरुवार को नारायणगंज में पिछले साल जुलाई में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोपी 8 व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। आईसीटी के मुख्य अभियोजक मुहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा कि आरोपी नारायणगंज में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नागरिकों पर क्रूर हमलों में शामिल थे।

वायु भवन में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

# एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी बने नए उप वायु सेना प्रमुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को नए उप वायु सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एयर मार्शल एस.पी. धरकर का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। कार्यभार संभालने से पहले एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण-पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में तैनात थे।

वायु सेना मुख्यालय ‘वायु भवन’ में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारतीय वायु सेना ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, और वायु सेना मेडल से सम्मानित एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने 2 मई 2025 को उप वायु सेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। वे आरआईएमसी, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और यूएस एयर कमांड एंड स्टाफ



कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। जून 1986 में उन्हें लड़ाकू पायलट के रूप में कमीशन दिया गया था। एनडीए से पास आउट होते समय राष्ट्रपति ने उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। एयर मार्शल तिवारी एक अनुभवी लड़ाकू पायलट हैं। वह क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें 3600 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाया है और मिराज-2000 पर हथियारों और प्रणालियों के ऑपरेशनल परीक्षणों में भी भाग लिया है। कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

नए पोप के चुनाव की तैयारी तेज, 7 मई को होगा सम्मेलन

# सिस्टीन चैपल में लगी चिमनी, धुएं से मिलेगा नियुक्ति का संकेत

एजेंसी ⏭ वेटिकन सिटी

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद नए पोप को चुनने के लिए 7 मई को होने वाले सम्मेलन (कॉन्क्लेव) की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए शुक्रवार को वेटिकन में सिस्टीन चैपल की छत पर एक खास चिमनी लगाई गई, जो नए पोप के चुनाव की घोषणा का संकेत देगी। वेटिकन के फायर ब्रिगेड कर्मियों को यह चिमनी लगाते हुए देखा गया।

यह प्रक्रिया कॉन्क्लेव की तैयारियों का अहम हिस्सा मानी जाती है। नए पोप के चुनाव के लिए वेटिकन में मौजूद सभी कार्डिनल एक बंद कमरे यानी सिस्टीन चैपल में बैठकर वोटिंग करेंगे। हर दिन दो बार वोटिंग होती है, एक बार सुबह और एक बार दोपहर में। जब सभी कार्डिनल वोट डाल लेते हैं, तो उन बैलेट पेपर (मतपत्रों) को एक विशेष भट्टी में जलाया जाता है।

वेटिकन में सभी कार्डिनल एक बंद कमरे में वोटिंग करेंगे

एक दिन में दो बार वोटिंग बाद मतपत्र जलाए जाएंगे

### पोप नहीं चुनने पर निकलेगा काला धुआं



वोटिंग के दौरान चिमनी से निकलने वाले धुआं की भूमिका जनता की जानकारी के लिए अहम होती है। अगर चिमनी से काला धुआं निकलता है, तो इसका मतलब होता है कि अभी किसी को भी पोप नहीं चुना गया है। इसके लिए वोटों के साथ कुछ रसायन मिलाए जाते हैं जैसे, पोटेशियम परक्लोरेट, एंथ्रासीन और सल्फर। वहीं अगर चिमनी से सफेद धुआं निकलता है, तो इसका मतलब होता है कि नया पोप चुन लिया गया है। तब वोटों के साथ पोटेशियम क्लोरेट, लैक्टोज और क्लोरोफॉर्म रेजिन मिलाकर जलाया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय होती है। जब तक नया पोप नहीं चुन लिया जाता, तब तक दुनिया को सिर्फ इसी चिमनी से निकलने वाले धुएं से जानकारी मिलती है। यह परंपरा सदियों पुरानी है और वेटिकन की पहचान का हिस्सा बन चुकी है।

### तीन अश्वेतों के नाम पर हो रहा विचार

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद कई कैथोलिक नेता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या चर्च को इस बार अपना पहला अश्वेत पोप चुनना चाहिए। ऐसे में तीन अफ्रीकी कार्डिनलों के नाम पर गंभीर विचार हो रहा है। यदि अगला पोप उप-सहारा अफ्रीका से हुआ तो वह वेटिकन के इतिहास में पहला होगा। हालांकि, यह चयन प्रक्रिया लंबी है, लेकिन कैथोलिक अफ्रीकियों को उम्मीद है कि फ्रांसिस का उत्तराधिकारी उनके महाद्वीप से एक अश्वेत कार्डिनल हो सकता है।

## हाईकोर्ट ने प्रशासकीय समिति को पुनर्विचार के लिए वापस भेजा मामला

# बर्खास्त एडीजे को राहत, सेवा समाप्ति के बदले दो वेतनवृद्धि रोकने का सुझाव

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक बर्खास्त एडीजे को राहत दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने एडीजे की सेवा समाप्ति की सजा को 2 वेतनवृद्धि रोकने के दंड में बदलने का सुझाव दिया।कोर्ट ने एडीजे की सजा पर पुनर्विचार करने मामला वापस फुल कोर्ट या प्रशासकीय समिति को भेजा है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को सेवा समाप्ति की तिथि से 50 फीसदी बैकवेज भी प्रदान करें और वह पूर्ण पेंशन लाभ पाने का भी हकदार है।

दरअसल, देवास निवासी रूप सिंह आलावा मध्य प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। मध्य प्रदेश शासन के विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने फुल कोर्ट की अनुशंसा पर 19 अक्टूबर 2015 उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया था। याचिकाकर्ता पर आरोप था कि 9 नवंबर 2012 को एक आपराधिक प्रकरण में आरोपी की जमानत याचिका को भ्रष्ट उद्देश्य या बाहरी प्रभाव में स्वीकार की थी,



जबकि हाईकोर्ट ने इसी आरोपी की चार जमानत याचिकाएं पहले ही खारिज कर दी थीं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी एवं आदित्य नारायण शर्मा ने पैरवी की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने त्रुटिपूर्ण निर्णय दिया था, जिसे गंभीर कदाचरण की श्रेणी में नहीं माना जा सकता। याचिकाकर्ता का 28 वर्षों का निष्कलंक सेवा रिकॉर्ड है और उनकी ईमानदारी पर कभी संदेह नहीं किया गया। याचिकाकर्ता अब 65 वर्ष के हो गए हैं और सेवानिवृत्ति आयु भी समाप्त हो गई है। इसलिए सजा को बदलना उचित है।

## मप्र रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के एमडी को अवमानना नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर मप्र रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के प्रबंधक निदेशक मनीष सिंह व श्रम अधिकारी बिंदु बहादुर सिंह को अवमानना नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने यह निर्देश दिए।अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी राम प्रकाश सिंह की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टहनगुरिया, अरविंद सिंह चौहान व शुभम वाटकर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूर्व में याचिका पर राहतकारी आदेश पारित किया गया था। इसके तहत सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर 10 दिन के भीतर सभी देयकों का भुगतान करने कहा गया था। जिसके बाद हाई कोर्ट के आदेश सहित अभ्यावेदन दिया गया। लेकिन आदेश का पालन नदारद रहा। इसीलिए अवमानना याचिक दायर की गई।

## एमबीबीएस में मर्सी अटेम्प्ट के मामले पर जवाब तलब

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एमबीबीएस में एक अतिरिक्त मर्सी अटेम्प्ट की मांग करने के मामले में मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर के रजिस्ट्रार और नेशनल मेडिकल कमीशन के सचिव को नोटिस जारी किये। जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अनावेदकों से जवाब मांगा है। खंडवा निवसी अब्दुल परवेज खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने कोर्ट को बताया कि एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में चौथा प्रयास अंतिम प्रयास होता है। यदि कोई छात्र प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण नहीं होता है तो उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम छोड़ना पड़ता है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता 60 फीसदी दिव्यांग है। मेरिट में स्थान पाने पर उसे इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिया गया। एनोटॉमी विषय में अनुत्तीर्ण होने के कारण उसे दूसरे वर्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से मांग की गई कि उसे एक कर्सी अटेम्प्ट की अनुमति दी जानी चाहिए, नहीं तो उसका कैरियर बर्बाद हो जाएगा।



# कांचघर, चुंगीचौकी में मुस्लिम किन्नर मचा रहे आतंक : मनीषादास किन्नर

जबलपुर।

महंत मनीषादास किन्नर साध्वी ने आयोजित पत्रकार वार्ता में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि कांचघर, चुंगीचौकी इलाके में मुस्लिम किन्नरों ने आतंक मचा रखा है, ये मुस्लिम किन्नर हिन्दुओं के घरों में जाकर जबरदस्ती पैसा वसूल रहे हैं। साथ ही इस इलाके में रह रहे सनातनी किन्नरों को धमकी दे रहे हैं कि आप लोग आशीर्वाद देने घरों में न पहुंचें, अगर आप लोग पहुंचेंगे तो आपको जान से मार दिया जाएगा। किन्नर महंतदास ने बताया कि मेरे साथी हिन्दू किन्नरों को मुस्लिम किन्नरों द्वारा मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, ये मुस्लिम किन्नर दिया खान, मुस्कान कुरैशी और उनके अन्य साथी हैं, जो हमारे हिन्दू बहुल क्षेत्रों में टोली बनाकर बधाई देने के नाम पर दुआ-बददुआ का भय दिखाकर अवैध वसूली कर रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय जनता में भय का वातावरण बना हुआ है। पत्रकार वार्ता में सनातनी किन्नरों के साथ क्षेत्रीय जनता ने मुस्लिम किन्नरों का तीखा विरोध किया है। साथ ही पुलिस में शिकायत भी की है। महंत मनीषादास किन्नर ने बताया कि मुस्लिम किन्नर झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं और हिन्दू घरों से एकत्रित धन को मुस्लिम समाज में उपयोग कर रहे हैं, जिसका हम तीव्र विरोध कर रहे हैं पत्रकार वार्ता में किन्नर रोशरी तिवारी, प्रीति, सुनैना, पूजा सहित क्षेत्रीयजन भी मौजूद रहे।

## सिद्धबाबा वार्ड में लाड़ली उत्सव का आयोजन

**जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास शहरी क्रमांक 6 जबलपुर में परियोजना स्तरीय लाड़ली उत्सव का आयोजन सिद्धबाबा वार्ड में किया गया। स्थानीय पार्षद श्रीमती वर्षा बिरहा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। जिसमें उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरण कर पौधारोपण किया एवं चयनित बालिकाओं को पुरूस्कार वितरण किया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 5 मई को रिवझा और पवई के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एडीशनल एसपी आनंद कलादगी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मझौली के पास स्थित रिवझा और पाटन विकासखंड के उड़ना के पास स्थित पवई में आयोजित कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के साथ हेलीपेड का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त आयोजित कार्यक्रमों की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि रिवझा और पवई दोनो जगह भागवत कथा आयोजित होंगे।

# कविता की जगह कांग्रेस की राखी को पार्षद घोषित करें

## कांग्रेस नेताओं ने फर्जी जातिप्रमाण पत्र को लेकर सिस्टम पर उठाए सवाल

जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 24 (हनुमानताल) से भाजपा की पार्षद कविता रैकवार का निर्वाचन फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के बाद जबलपुर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस इस मामले में हमलावर है। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस ने मांग की है कि फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के मामले में न केवल कविता रैकवार पर, बल्कि इस पूरे षड्यंत्र में शामिल अधिकारियों और जिम्मेदारों पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं मांग की गई है की दूसरे नम्बर पर आई प्रत्याशी को पार्षद घोषित किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ विधायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, विधायक विनय सक्सेना सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

विधायक लखन घनघोरिया ने कहा, यह सिर्फ एक व्यक्ति की धोखाधड़ी नहीं है, बल्कि एक पूरे तंत्र की विफलता है। इसमें शामिल सभी को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा, यह भाजपा की नीति और नियत दोनों का प्रत्यक्ष उदाहरण है की चुनाव जीतने के लिये किसी भी हदतक जाने को तैयार है। उन्होंने कहा यह निर्णय पहले होना चाहिये था, लेकिन भाजपा नेताओं के दबाव में मामला टलता गया। यदि समय पर ले लिया गया होता, तो जनता के साथ धोखा नहीं होता। वहीं, हनुमानताल वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रहीं राखी सराफ ने कहा कि वह जनसेवा की भावना से चुनाव लड़ी थीं और अब जब असली सच सामने आ गया है, तो उन्हें पार्षद पद सौंपा जाना न्यायसंगत होगा।

### क्या होगा आगे

अब जब वार्ड क्रमांक 24 की सीट रिक्त हो गई है, चुनाव आयोग जल्द ही उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू करेगा। हालांकि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि उपचुनाव की आवश्यकता नहीं है और दूसरे नंबर पर रही उनकी प्रत्याशी को ही पार्षद पद की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

### फर्जी था प्रमाण पत्र

नगर अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कविता रैकवार ने पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने के लिए 10 नवंबर 2020 को जो जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था, वह फर्जी था। लम्बी लड़ाई के बाद समिति की रिपोर्ट के आधार पर कविता रैकवार को नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19(2) के तहत आगामी पांच वर्षों तक अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

### संभागायुक्त ने की कार्यवाही

गौरतलब है की हनुमानताल वार्ड की पार्षद कविता रैकवार द्वारा फर्जी प्रमाण लगाकर आरक्षित वार्ड से चुनाव लड़ने का मामला लम्बे समय से चल रहा था। लम्बी जांच और कार्यवाही के बाद जबलपुर के संभागायुक्त अभय वर्मा ने अपने रिटायरमेंट से एक दिन पहले, 29 अप्रैल को भाजपा पार्षद का निर्वाचन रद्द कर दिया और दोबारा चुनाव प्रक्रिया शुरु करने के निर्देश दिये थे।

## 76 छात्रों को राज्यपाल प्रदान करेंगे स्वर्ण पदक

# मेडीकल विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

जबलपुर।

मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर का बहुप्रतीक्षित द्वितीय दीक्षांत समारोह आज 3 मई को नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र घंटाघर के आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री लोक निर्माण विभाग मप्र शासन राकेश सिंह, राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल रहेंगे। समारोह के सारस्वत अतिथि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग




नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉक्टर बीएन गंगाधर रहेंगे। विवि के कुलगुरु डॉक्टर अशोक खंडेलवाल मंचासीन रहेंगे। समारोह में 32 हजार छात्रों की उपाधि कुलाधिपति मान्य करेंगे। कार्यक्रम में 76 स्टूडेंट्स को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। कुलसचिव डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल ने बताया आयोजन की तैयारी कर ली हैं। सुरक्षा, प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन उच्च स्तर पर किया गया है।

### शटल एवं ई रिक्शा की व्यवस्था

कुलसचिव डॉ। बघेल ने बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र घंटाघर के आडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह के लिए पार्किंग की व्यवस्था तैय्यब अली पेट्रोल पंप के पास स्थित क्राइस्चर्च स्कूल प्रांगण में की गई है। यहां से छात्रों व अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए विवि द्वारा शटल एवं ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। एमयू प्रशासन द्वारा समारोह स्थल पर शुक्रवार को कार्यक्रम की रिहर्सल की गई।

# जबलपुर की दो प्रमुख सड़कों के नाम महापुरुषों के नाम पर होंगे : निगमाध्यक्ष

जबलपुर।

शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देते हुए नगर निगम जबलपुर ने दो प्रमुख सड़कों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव मेयर-इन-काउंसिल द्वारा पारित कर सदन में प्रस्तुत किया गया था, जिसे सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई है।

पहली सड़क, रानीताल चौक से शहीद स्मारक तक, अब स्वर्गीय ठाकुर शिवराज सिंह कटरा दादा मार्ग के नाम से जानी जाएगी। इस नामकरण का निर्णय मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देशानुसार लिया गया। वहीं दूसरी सड़क, बंगाली कॉलोनी से मस्ताना चौक तक, का नाम अब परम पूज्य समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मार्ग रखा जाएगा। इस प्रस्ताव को केंट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के पत्रानुसार स्वीकृति मिली है। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने बताया कि महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' द्वारा इन दोनों प्रस्तावों को मेयर-इन-काउंसिल में पारित कर निगम सदन में प्रस्तुत किया गया था। नगर निगम की यह पहल महापुरुषों के योगदान को जनमानस तक पहुँचाने और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया 1 विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आथित्य में कैंट विधानसभा क्षेत्र में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया 1 कार्यक्रम का शुभारम्भ कन्या पूजन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना राज्य सरकार की विभिन्न लोकप्रिय योजनाओं में से एक है 1 लाडली लक्ष्मी योजना से लाखों लाडलियाँ लाभान्वित हो रही हैं1 इसकी लोकप्रियता के कारण ही विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा इसे अपने अपने राज्यों में भी लागू किया गया है। विधायक श्री रोहाणी ने लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया1 इस अवसर पर पार्षद श्याम कनोजिया, विभा उपाध्याय, आशीष राव, सौरभ गोयल, पुष्पराज सिंह, संगीता पासी, संजय जैन, राहुल रोहाणी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीष सेठ, पर्यवेक्षक स्वाति इंदुरख्या तथा मनीषा भूमरकर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चीन से एमबीबीएस करने वाले छात्रों को दी जाए प्रीपीजी में बैठने की अनुमति

**हाई कोर्ट में याचिका के जरिए मांग : नोटिस जारी कर तलब किया गया जवाब**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने चीन से एमबीबीएस करने वाले छात्रों को प्रीपीजी में बैठने की अनुमति संबंधी अंतरिम राहत दे दी है। इसके साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। याचिकाकर्ताओं ने चार माह पूर्व इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष बढ़ाए जाने को चुनौती दी है। उनका तर्क है कि खेल प्रारंभ होने के बाद बीच में नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता विदिशा निवासी डा. सौरभ रघुवंशी व उज्जैन निवासी डा. जय शर्मा सहित आठ डाक्टरों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिककार्ताओं ने चीन में साल 2017 में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया था। कोरोना महामारी के कारण उन्हें साल 2019 में घर वापस लौटना पड़ा था। उन्होंने एमबीबीएस कोर्स की पूरी पढ़ाई आनलाइन मोड में करी थी। विदेश से एमबीबीएस कोर्स करने वालों को प्रदेश में रजिस्ट्रेशन के लिए एक साल तक इंटर्नशिप करना आवश्यक थी। कोरोना काल में उसे बढाकर दो वर्ष कर दिया गया था। एमबीबीएस कोर्स पूर्ण करने के बाद उसने दो वर्ष की इंटर्नशिप प्रारंभ की थी। इंटर्नशिप का कार्यकाल 31 मार्च, 2025 को पूर्व होना था। इसके पूर्व भी नवम्बर, 2024 में आदेश जारी कर इंटर्नशिप कार्यकाल तीन साल का कर दिया गया। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने युद्ध के कारण यूक्रेन तथा फिलीपींस से एमबीबीएस का कोर्स करने वाले मेडिकल छात्रों के इंटर्नशिप कार्यकाल को बढाकर तीन वर्ष किया था। एमपी मेडिकल काउंसिल ने विदेश के एमबीबीएस कोर्स करने वाले सभी छात्रों पर उक्त नियम लागू कर दिए। मप्र प्रीपीजी एग्जाम जून व जुलाई, 2025 में आयोजित है और फार्म भरने की अंतिम तिथि सात मई निर्धारित की गई है। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष बढ़ाने के कारण वह परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद एमपी मेडिकल काउंसिल को याचिकाकर्ता छात्रों को आनलाइन फार्म भरने की अनुमति देने के आदेश जारी करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आगमन आज

**जबलपुर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आज शनिवार 3 मई को जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल पटेल मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होने जबलपुर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल मंगुभाई पटेल का शनिवार की सुबह 10.20 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल डुमना एयरपोर्ट से सुबह 10.55 बजे घण्टाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र पहुँचेंगे तथा यहाँ सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्विद्यालय जबलपुर



के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह के तुरंत बाद राज्यपाल श्री पटेल सर्किट हाउस प्रस्थान करेंगे, जहां उनका दोपहर 1.30 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस से डुमना एयरपोर्ट रवाना होंगे तथा दोपहर 2 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा ग्वालियर प्रस्थान करेंगे।

## 5100 कलश धारण कर तीन किलोमीटर पैदल चली महिलाएं

# भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा के साक्षी बने हजारों श्रद्धालुजन

हरिभूमि सिहोरा।

सिहोरा के निकटवर्ती ग्राम रिंवझा भव्य एंव दिव्य कलशयात्रा का साक्षी बना जिसमें करीब 5100 कलश धारण कर तीन किलोमिटर तक हजारों महिलाएं पैदल चली। 3 से 9 मई तक आयोजित लक्ष्मी नारायण यज्ञ एंव श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन देश के प्रसिद्ध संत अनिरुद्धाचार्य जी के द्वारा अपनी जन्मभूमि में पहली बार किया जा रहा है जिनको लेकर क्षेत्रीय जनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कलशयात्रा में पुष्प वर्षा भी कि गई।

### वृंदावन बना यज्ञ स्थल

ऐतिहासिक यज्ञ में शामिल होने देश के कोने कोने से आये महाराज जी के शिष्यों ने यज्ञ भागवत कथा स्थल को वृंदावन बना दिया चहूओर बस जयश्री कृष्ण ही गूंज रहा है। पूरे स्थल को आकर्षक ढंग से सजाने और संवारने में क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई एंव बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे सहित अन्य लोगों के साथ स्वयं ही लगे रहे। वहां का माहौल देखकर तो लगता था की यह वृंदावन बना गया है।

### अपने गांव में पैदल चले संत

संत अनिरुद्धाचार्य जी कलशयात्रा में सबसे पहले रथ पर फिर अपने गांव की छोटी छोटी गलियों में सबके साथ सबसे पीछे पैदल चल रहे थे चूंकि रिंवझा ग्राम उनकी जन्मस्थली है और वे यही पर पले पढ़ें है इसलिए सभी कलश यात्रा में सबसे पीछे पैदल चल रहे थे।इसमें शामिल सभी महिलाओं ने पीले कलर के साड़ी पहनी थी। कलशयात्रा ने रिंवझा ग्राम का भी भ्रमण किया।

**9 मई तक रिंवझा में लक्ष्मी नारायण यज्ञ एंव भागवत कथा**





### दूर-दूर से पहुंची महिलाएं

सप्त दिवसीय भागवत कथा एंव यज्ञ की कलश यात्रा में शामिल होने सिहोरा,बहोरीबंद,पाटन विधानसभा के कोने कोने से पहुंची महिलाएं सर पर पीले कलर का मिटटी का कलश एंव नारियल धारण कर चल रही थी अनेक महिलाओं ने बताया कि वे तीस किलोमीटर दूर से इसमें पुण्य लाभ अर्जित करने आई है । सभी के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शाम पांच बजे की कड़ी धूप में भी वे बिना चप्पल के तीन किलोमीटर पैदल चलीं ।

### कलशयात्रा में शामिल हुए जन प्रतिनिधि

लक्ष्मी यज्ञ की मंगल कलशयात्रा में सांसद आशीष दुबे,पाटन विधायक अजय विश्नोई, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे, सिहोरा विधायक संतोष बरकडे, सिहोरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे, जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री सहित भक्त गण शामिल रहे जो कलशयात्रा में साथ साथ चले। इसी तरह व्यवस्था में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एसडीओपी पारुल शर्मा, थाना प्रभारी सिहोरा विपिन सिंह, मझौली थाना प्रभारी जे पी द्विवेदी, गोसलपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह, खितौला थाना प्रभारी अर्चना सिंह, प्रधान आरक्षक गणेश्वर सिंह, परम यादव सहित सभी थानों के बल का सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने में सराहनीय योगदान रहा।



पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे, निकाला विरोध मार्च, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुस्लिम समाज ने किया विरोध

हरिभूमि सिहोरा।

पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज सिहोरा एवं खितौला ने शुक्रवार हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर मौन विरोध मार्च निकाला। साथ ही इस आतंकवादी घटना का पुरजोर विरोध किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए नूरी मस्जिद से विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च में भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे। विरोध प्रदर्शन बाद राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आतंकवादी हमले में निर्दोष 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी।

ज्ञापन में कहा गया कि हम इस आतंकवादी घटना का पुरजोर विरोध एवं निंदा करते हैं। आतंकवाद का कोई धर्म या मजहब नहीं होता । धरती की जन्नत कहे जाने वाली इन खूबसूरत वादियों में हुए इस नरसंहार एवं क्रूरतापूर्वक किये गए इस कृत्य का मुस्लिम समाज घोर विरोध करता है एवं मृतकों को श्रद्धांजलि देता है। हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि जल्दी ही दोषियों को पकड़ा जाए एवं इन्हें कठोर से कठोर सजा फांसी दी जाए। देश के हम सब देशवासियों में एकता अखंडता बनी रहे एवं देश को जब भी हमारी जरूरत पड़ेगी, देश के लिए मर-मिटने को हमारा मुस्लिम समाज हमेशा तैयार हैं। ज्ञापन सौंपते समय जानाब सकीर मौलाना, गुलाम नबी अंसारी, गुड्डू कुरेशी, फ़ैज़ आलम शाह, शेख साबिर, सकीर मकरानी, अरशद खान पार्षद, मोन्टी मंसूरी, गुलाम हुसैन, मंसूर मांसूरी, हाजी अलीम उद्दीन, शेख इस्त्राइल, बसिद अली,अहसान अंसारी,मोहसिन खान, अमजद खान, कासिम कुरेशी, शकील खितौला गुड्डा खितौला,पप्पू खान, गुलाम कुरेशी के साथ बडी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

### एक बदमाश ने युवक से मारपीट कर आंख में चोटें पहुंचाईं

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत नगर निगम कार्यालय के सामने एक बदमाश ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर आंख में चोटें पहुंचा दी। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बधैया मोहल्ला गोहलपुर निवासी 34 वर्षीय अंडा ठेला संचालक अमित यादव गत रात लगभग 1.15 बजे अंडा का ठेला लेकर अपने घर बधैया मोहल्ला जा रहा था जैसे ही नगर निगम कार्यालय के सामने पहुंचा तभी छोटू उसे गालियां देने लगा, गालियां देने से मना करने पर मारपीट कर आंख के पास चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

समरसता सेवा संगठन ने किया भगवान परशुराम एवं भगवान चित्रगुप्त के अवतरण पर दिवस विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण

# समरस होकर पेड़ लगाएं जीवन को समृद्ध बनाएं

**जबलपुर।** सब सबको जाने सब सबको माने के मंत्र के साथ समरस भारत से समर्थ भारत के निर्माण के उद्देश्य को लेकर समरसता सेवा संगठन ने भगवान परशुराम एवं भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस पर मुख्य अतिथि शिवनारायण पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रो. एसएस संधू, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर भगवान परशुराम को समर्पित करते हुए रुद्राक्ष का और भगवान चित्रगुप्त को समर्पित करते हुए सिंदूर का पौधा अग्रवाल




धर्मशाला ग्वारीघाट के समीप स्थित नर्मदा उद्यान में रोपित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवनारायण पटेल ने इस अवसर पर कहा आज भगवान परशुराम, भगवान चित्रगुप्त के अवतरण दिवस के साथ ही आद्य शंकराचार्य एवं भक्त शिरोमणि सूरदास की जन्म जयंती भी है और समरसता सेवा संगठन के इस मंच से हम इन चारों को नमन करते हैं। उन्होंने कहा आद्य शंकराचार्य ने सनातन की रक्षा के लिए अद्वैत वेदान्त को ठोस आधार प्रदान किया। भगवान परशुराम ने अधर्मियों के समूल नाश करते हुए अपने ज्ञान, तप से शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा दी। भगवान चित्रगुप्त ने ब्रह्मांड का लेखा-जोखा रखने का कार्य किया। आज हम इनके अवतरण दिवस पर समरस होकर कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं।



# फायर सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती चिकित्सालय में राज्य शासन के निर्देशानुसार फायर सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की कार्यशाला एवं मॉक ड्रिल सिविल डिफेंस एवं फायर ब्रिगेड नगर निगम एसडीआरएफ की टीम द्वारा आयोजित की गई जिसमें रानी दुर्गावती अस्पताल के चिकित्सीय अधिकारी नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षा कर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सुनील गर्ग डिवीजनल वार्डन सिविल डिफेंस जबलपुर एवं अजय शर्मा फायर फाइटर नगर निगम जबलपुर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षक डॉक्टर नीता पाराशर, डॉक्टर तुषार गुप्ता, आरएमओ डॉक्टर ममता गुप्ता, डॉ. भावना मिश्रा, अर्चना शिवहरे, पावस श्रीवास्तव, शिशिर सक्सेना एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

पवईधाम में स्वामी महेन्द्रानंद के सान्निध्य में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

# सिर्फ पृथ्वी पर सुलभ है भागवत कथा इसका सदैव पान करे : इंद्रेशजी महाराज

हरिभूमि पाटन, जबलपुर।

पाटन के पवई धाम में स्वामी महेन्द्रानन्द महाराज जी द्वारा आयोजित श्री शिवसमारधना महायज्ञ व श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के द्वितीय दिवस में भागवत भूषण परम पूज्य श्री इंद्रेशजी महाराज ने श्रीमद्भागवत का मंगलाचरण करते हुए कहा भागवत में परम सत्य का चिन्तन किया गया है। भागवत में निष्कपट परम धर्म का निरुपण किया गया है। भागवत की विशेषता यह है कि इसके श्रवण से स्वयं भगवान श्रीकृष्ण हृदय में आकर अवरुद्ध हो जाते है। भगवान को हृदय में बसाने का माध्यम यह सद्ग्रंथ है। श्रीमद्भागवत वेद रूपी कल्प वृक्ष का परिपक्व फल है। शुकदेव रूपी तोते की चंञ्चुका स्पर्श ने इसे और भी मधुर बना दिया है। यह सिर्फ पृथ्वी वासियों के सद्भाग्य से सुलभ हुआ है, अतः भगवद्भक्त रसिको को इसका सदैव पान करना चाहिए। आगे इन्द्रेश जी ने बताया भागवत की रचना व्यास जी के द्वारा की गई, नारद जी के चरित्र व परीक्षित चरित्र वर्णन किया। अपार जनसमुदाय पवई धाम सरकार, पाटन में उमड़ रहा है। यह कथा दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक 7 मई तक चलेगी। नित्य प्रातःकालीन सत्र में 8 बजे से 12 बजे तक युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा श्री शिवसमाराधन अनुष्ठान में 51 यजमानों से रुद्राभिषेक व शिव पूजन कराया जाता है। सायं 7 बजे से 10 बजे तक ज्योतिष दरबार में ऋचाजी से कुण्डली परामर्श कराकर अधिकांश भक्त लाभान्वित हो रहे है।



### आदि शंकराचार्य ने की धर्म की स्थापना

पूज्य इंद्रेश जी महाराज ने पवईधाम में यज्ञ में कहा कि आज का दिन परम मंगल मय है। आज ही भगवत्पाद श्रीशंकराचार्य जी का प्राकट्य दिवस है। श्रीशंकराचार्य जी भगवान शंकर के अवतार हैं। भगवान शंकर स्वयं धर्म रक्षा के लिये शंकराचार्यजी के रूप में भारतभूमि के केरल प्रान्त के काडली नाम ग्राम में अवतरित हुये थे। आठ वर्ष की आयु में आचार्य शंकर चारों बेदों के के ज्ञाता हो गये थे। उन्होंने अधर्म का उन्मूलन किया और धर्म की पुनः स्थापना की। आज आचार्यक जन्म दिवस है, उन्हें कर बार-बार प्रणाम। आज पूज्य आचार्य श्रीरामानुजाचार्य जयन्ती भी है तथा सूरदासजी ने आज के दिन ही अपने देह का त्याग किया था। स्वामी महिंद्रानंद जी ने शंकराचार्य जी के जन्मदिन की बधाई दी।

### व्यासपीठ का हुआ पूजन

सर्वेश पचौरी (पटेल) मुख्य यजमान भागवत कथा, श्री श्याम मनोहर जी पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, श्री विष्णु शंकर पटेल, सह यजमान श्री लाल सिंह यादव ,श्री राकेश पचौरी, श्री योगेश गोर मथुरा श्री इन्द्र सिंह यादव,श्री प्रमोद पलहा, इन्द्र कुमार चौधरी (मुन्ना भैया), श्री बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति , जितेंद्र पचौरी मीडिया प्रभारी , श्री नवनीत माहेश्वरी श्रीमती सुनीति माहेश्वरी ,श्री गोरी शंकर तिवारी , मनोज पटेल , देवेंद्र सिंह , विभव पचौरी , एवं पवई धाम सेवा समिति पवई धाम में भंडारा प्रबंधन मुकेश सिंह ठाकुर आदि ने श्रीमद्भागवत पूजन किया।

मझौली में वारदात, दोनों पक्षों से 3 घायल

# गालीगलौज को लेकर मारपीट, ढाबे में तोड़फोड़

हरिभूमि जबलपुर।

मझौली थाना अतंर्गत छीतापाल तिराहा में ढाबा के सामने गालीगलौज करने से मना करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर बेसबॉल डंडे से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए। वहीं बदमाशों ने ढाबा संचालक के ढाबा में तोड़फोड़ कर करीब 10 हजार रुपए का नुकसान कर दिया।



मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छीतापाल निवासी 32 वर्षीय ढाबा संचालक योगेश सिंह उर्फ पप्पू राजपूत गत शाम लगभग 5.30 बजे छीतापाल तिराहा स्थित ढाबा में था, तभी पड़रिया निवासी दीपांशु राजपूत अपनी बुलट से आया और ढाबा के सामने बुलट खड़ी कर के रास्ते में आने जाने वाली मारूती वेन चालकों को गाली गलौज करने लगा, ढाबा के सामने गालियां देने से मना करने पर दीपांशु राजपूत ने योगेश के साथ गाली गलौज करते हुये उसका गला पकड़ लिया, उसने अपना गला छुड़ाया तो दीपांशु राजपूत वहां से चला गया था लगभग 10 मिनिट बाद दीपांशु राजपूत पड़रिया निवासी सक्षम राजपूत और अन्य दो लड़को के साथ आया और सक्षम ने बेसबॉल के डंडे से उस पर हमला कर दिया और अन्य दो ने उसके साथ मारपीट कर दी। ढाबा का कर्मचारी पंकज बर्मन बीच बचाव करने लगा तो दोनों अन्य लड़को ने पंकज बर्मन के साथ भी मारपीट कर पीठ व हाथ में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं सभी आरोपियों ने ढाबा में घुसकर टेबल कुर्सी खाना की भट्टी तथा खाने पीने के सामान बिखरा दिया एवं टीव्ही तथा ब्लूटूथ स्पीकर तोड़कर लगभग 10 हजार रूपये का नुकसान कर भाग गए।

वहीं दूसरा पक्ष ग्राम पड़रिया निवासी 20 वर्षीय किसान दीपांश राजपूत अपने ममेरे भाई प्रेमसिंह राजपूत के साथ छीतापाल तिराहा ढाबा खाने गया था। शाम लगभग 6 बजे उसने ढाबा चलाने वाले पप्पू सिंह राजपूत को रोटी सब्जी लगाने का आर्डर दिया काफी समय इंतजार करने के बाद भी खाना नहीं भेजा तो उसने दोबारा खाना लगाने को कहा, इसी बात पर पप्पू राजपूत गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो पप्पू और ढाबा कर्मचारी पंकज बर्मन दोनों ने दीपांश राजपूत के साथ मारपीट कर हाथ पैर कंधे में चोटें पहुंचा दी तथा दोनों ने जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने योगेश सिंह उर्फ पप्पू राजपूत रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 324(2), 3(5) बीएनएस एवं दीपांश राजपूत रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# शौच के लिए गए वृद्ध ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत देसहाई माता मंदिर के पास ग्राम धनगंवा में शौच के लिए गए एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनगवां निवासी 62 वर्षीय पईया कोल गत रात लगभग 10.30 बजे देसहाई माता मंदिर के पास स्थित एक खेत में शौच के लिए गया था शुक्रवार की सुबह लगभग 5.30 बजे उसका बेटा परमलाल सोकर उठा तो देखा पिताजी घर पर नहीं थे। देसहाई माता मंदिर के पास स्थित खेत में पहुंचा जहां उसके पिता पईया कोल ने गमछा में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# युवक पर चचेरे भाई ने किया हमला

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम हरदुआ कला में एक युवक पर उसके चचेरे भाई ने लकड़ी से मारपीट की। बताया गया है कि बड़े भाई की शादी की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ा और मारपीट हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरदुआ कला निवासी 21 वर्षीय मिस्त्री प्रकाश उर्फ छोटू दीवान चौधरी से बड़े भाई नीलू चौधरी की शादी की बात को लेकर गत शाम लगभग 7 बजे चचेरा भाई नीलेश चौधरी घर के सामने आकर गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर लकड़ी से प्रकाश उर्फ छोटू दीवान चौधरी के सिर पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**श्री यदुवंश प्रसाद मिश्रा-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री यदुवंश प्रसाद मिश्रा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार श्रीवास-** सिद्धबाबा वार्ड छोटी खेरमाई के पास निवासी श्री रमेश कुमार श्रीवास (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री त्रिवेणी मांझी-** यादव कॉलोनी निवासी श्री बालकृष्ण मांझी की पुत्री सुश्री त्रिवेणी मांझी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल-** प्रेमसागर निवासी श्री बाबू लाल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा देवी कहार-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मोहन लाल कहार की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी कहार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मन्टूरिया बाई-** कांचीपुरम कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री मुनेश्वर प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती मन्टूरिया बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण पांडे-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नारायण पांडे (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमेश कुमार मिश्रा-** उत्तर मिलौनीगंज निवासी श्री उमेश कुमार मिश्रा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पलता शर्मा-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता शर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्जुन दास सिंधी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अर्जुन दास सिंधी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल-** गोरा बाजार प्रायमरी स्कूल के पास निवासी श्री बाबू लाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमवती पटेल-** न्यू रामनगर अमखेरा अधारताल निवासी श्री बुद्धसेन पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती पटेल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र गुप्ता-** शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री महेंद्र गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### रुपया एक पैसे बढ़कर 84.53 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ 84.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश जारी रहने और मजबूत घरेलू आंकड़ों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में रुपया एक समय सात महीने के उच्च स्तर 83.76 पर पहुंच गया।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर बंद



**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद, रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह और विदेशी पूंजी का प्रवाह जारी रहने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 260 अंक और निफ्टी में 12.50 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

### मोदी सख्त वार्ताकार, भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'सख्त वार्ताकार' बताते हुए भारत के साथ ही



उम्मीद जताई है कि भारत जवाबी शुल्क से बचने के लिए व्यापार समझौता करने वाले शुरुआती देशों में शामिल होगा। इसके साथ ही वेंस ने भारत पर लंबे समय तक व्यापार में अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।

### पंडा ने सेल के वित्त निदेशक का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** अशोक कुमार पंडा ने सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील



अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह कंपनी के वित्त प्रभाग के कार्यकारी निदेशक थे। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बुधवार को कार्यभार संभालने वाले पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था।

### प्राइम फोकस करेगी 3,000 करोड़ का निवेश



**मुंबई।** प्राइम फोकस ने शुक्रवार को एक 'फिल्म सिटी' स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इसमें मनोरंजन से जुड़ी हर जरूरी सुविधा होगी। बीएसई में सूचीबद्ध मनोरंजन कंपनी ने यहां 'वेव्स 2025' कार्यक्रम के दौरान इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### डिप्टी गवर्नर के विभागों में किया फेरबदल



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने डिप्टी गवर्नर के विभागों में शुक्रवार को फेरबदल किया। हाल ही में पदभार संभालने वाली पूनम गुप्ता को प्रमुख मौद्रिक नीति विभाग का प्रभार दिया गया है। आरबीआई के चार डिप्टी गवर्नर हैं। केंद्रीय बैंक ने गुप्ता को डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने और कार्यभार संभालने के बाद उनके विभागों में फेरबदल किया। पूनम गुप्ता को मौद्रिक नीति के अलावा कॉर्पोरेट रणनीति व बजट, संचार एवं वित्तीय स्थिरता सहित सात अन्य विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# चीनी व्यापार संगठन का चीनी एमएसपी, एथनॉल की कीमतों में संशोधन का आग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत और चीनी मिलों पर पड़ रहे आर्थिक दबाव के मद्देनजर चीनी के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा एथनॉल की कीमतों में संशोधन करने का शुक्रवार को आग्रह किया।

फरवरी 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर यथावत बना हुआ है। यहां तक कि गन्ने के रस व 'बी-हैवी' शीरा से बने एथनॉल की (एक्स-मिल) कीमत भी 2023-24 से क्रमशः 65.60 रुपए प्रति लीटर तथा 60.70 रुपए प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रखी गई। हालांकि, गन्ने का समर्थन मूल्य या उचित व लाभकारी मूल्य हर वर्ष बढ़ाया जाता रहा है। अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए इसे 15 रुपए बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

### मिलें वहन कर रही अधिक लागत

एआईएसटीए के अनुसार, 2019 से गन्ने के एफआरपी में 29 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में राज्य परामर्श मूल्य तय करने वाली मिलों को गन्ने की बहुत अधिक लागत वहन करनी पड़ती है। मजदूरी, रसायन, परिवहन, पैकिंग सामग्री आदि सहित कच्चे माल की लागतों में पिछले छह वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसलिए वर्तमान लागत के साथ चीनी के एमएसपी का संरेखण सबसे महत्वपूर्ण है। चीनी व्यापार संगठन ने कहा, 'ऐसा न करने पर परिचालन लाभहीन हो जाएगा और उद्योग की स्थिति खराब हो सकती है जिससे किसानों, उपभोक्ताओं तथा समग्र अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा।'

## 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर कायम

### कीमतों को संशोधित करना जरूरी

अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ के चेयरमैन प्रफुल विठलानी ने बयान में कहा, 'किसानों, उपभोक्ताओं, एथनॉल कार्यक्रम और वित्तीय संस्थानों, जिन्होंने चीनी उद्योग में भारी निवेश किया है... उनके हित में चीनी के एमएसपी तथा एथनॉल की कीमतों को उत्पादन की मौजूदा लागत के अनुरूप संशोधित करना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि एफआरपी अब गन्ना उत्पादन की लागत का 105.2 प्रतिशत है। एफआरपी में वृद्धि ने गन्ने को सबसे अधिक लाभकारी फसल के रूप में अपनी जगह बनाए रखने में मदद की है। हालांकि, प्रसंस्करण उद्योग की वित्तीय व्यवहार्यता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।



### खतरे में एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम

एआईएसटीए ने एथनॉल की कीमतों पर इस बात पर जोर दिया कि 'एथनॉल मूल्य निर्धारण लाभकारी न होने से देश का एथनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम खतरे में आ सकता है, जिससे चीनी मिलों की वित्तीय व्यवहार्यता कमजोर हो सकती है जिन्होंने आसवन क्षमता में भारी निवेश किया है।' इससे उद्योग पर बिना बिकी चीनी के भंडार का बोझ बढ़ सकता है, खासकर तब जब सत्र 2025-26 में चीनी उत्पादन स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जिंस की कीमतों में भारी गिरावट आने वाली है जिससे निर्यात अव्यवहारिक हो जाएगा।

## 'सूचकांक' अप्रैल में बढ़कर 58.2 हो गया

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति में अप्रैल में सुधार हुआ और उत्पादन जून 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' अप्रैल में बढ़कर 58.2 हो गया जो मार्च में 58.1 था। यह 10 महीने में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में तेज वृद्धि से समर्थन मिला।





### नया कारोबार 14 वर्ष में सबसे अधिक

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्ष में सबसे अधिक स्तर पर बढ़ा। इस मांग का अफ्रीका, एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका ने नेतृत्व किया। एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' अप्रैल में नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है, क्योंकि व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य व अमेरिकी शुल्क घोषणाओं के अनुकूल हो रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ रोजगार और क्रय गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### बिक्री शुल्क सबसे अधिक बढ़ा

कीमतों के मोर्चे पर, भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग ने कंपनियों की मूल्य निर्धारण शक्ति को बढ़ावा दिया जिससे बिक्री शुल्क अक्टूबर 2013 के बाद सबसे अधिक बढ़ गया। यह कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि के बावजूद था। अप्रैल के आंकड़ों में आने वाले वर्ष में उत्पादन की संभावनाओं के बारे में मजबूत आशावाद स्पष्ट था, जो मांग की मजबूती की उम्मीदों से प्रेरित था। विपणन प्रयासों, दक्षता में वृद्धि और नए ग्राहक पूछताछ ने भी सकारात्मक पूर्वानुमानों को बल दिया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# जून से भारत निर्मित आईफोन खरीदेगा अमेरिका : टिम कुक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दी जानकारी

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने शुक्रवार को कहा कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा। कंपनी की दूसरी तिमाही से संबंधित जानकारी देते हुए एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड वियतनाम में बने होंगे।

कुक ने कहा, 'जून तिमाही के लिए, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन भारत में बने होंगे। वहीं अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड उत्पाद वियतनाम में बने होंगे। अमेरिका के बाहर कुल उत्पाद बिक्री में सबसे अधिक हिस्सेदारी चीन की होगी।'

उन्होंने कहा कि जून तिमाही में एप्पल के लिए अधिकतर उत्पाद पर शुल्क दर 20 प्रतिशत होगी जो उन उत्पादों के लिए अमेरिका में आयात पर लागू होता है जो चीन में बने हैं। कुक ने कहा, 'इसके अलावा, चीन के लिए अप्रैल में कुछ श्रेणियों के उत्पादों के आयात पर 125 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क घोषित किया गया था। हमारे लिए यह हमारे कुछ अमेरिकी एप्पल केयर तथा सहायक उपकरण के लिए है और इन उत्पादों के लिए चीन पर कुल 145 प्रतिशत शुल्क है।'

### राजस्व में पांच फीसदी की वृद्धि

एप्पल का 29 मार्च 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में राजस्व पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 95.35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में 90.75 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। मैक और आईपैड की बिक्री में वृद्धि से इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, मार्च 2024 तिमाही में आईफोन की बिक्री 45.96 अरब अमेरिकी डॉलर से करीब दो प्रतिशत घटकर 46.84 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई है।

# देश में अब तक रिकॉर्ड 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान केंद्रीय पूल में अब तक 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल के 205.41 लाख मीट्रिक टन से 24.78 फीसदी ज्यादा है। इस समय जिन प्रमुख राज्यों से खरीद हो रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा हैं।

उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीद हो रही है। इसमें अभी तक 7.55 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जो पिछली बार के 5.88 लाख मीट्रिक टन से कहीं ज्यादा है। पंजाब से 103.89 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 67.57 एलएमटी, हरियाणा से 65.67 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। राजस्थान से 11.44 एलएमटी की खरीद हुई है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि चालू रबी विपणन सत्र में अभी काफी वक्त है। इस बार देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले साल के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की संभावना है। इसमें किसानों को 24 से 48 घंटों के भीतर भुगतान किया जा रहा है।

### ठोस कोशिशों का नतीजा

खाद्य सचिव ने कहा, इस साल गेहूं खरीद की स्थिति सकारात्मक परिणाम खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभागों की ठोस कोशिशों का नतीजा है। राज्य विशिष्ट कार्य योजनाओं को राज्यों के साथ पहले ही साझा किया जा चुका है। गेंहू खरीद को लेकर सरकार ने खासी सजगता बरती है।

## ऑडी कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने 15 मई से वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की शुक्रवार को घोषणा की। जर्मनी की वाहन कंपनी ने कहा कि विनिमय दर और कच्चे माल की लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के मकसद से कीमतों में इजाफा किया जा रहा है। देश में उसके सभी मॉडल की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने बयान में कहा, 'विनिमय दर और कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण हम दो प्रतिशत तक का मूल्य समायोजन लागू कर रहे हैं।'

# ईपीएफओ की योजना निर्माण श्रमिकों के लिए फायदेमंद

■ पूरे भारत में श्रम कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



निर्माण श्रमिकों को भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक व्यवस्था के तहत मिलने वाले लाभ के मुकाबले ईपीएफओ की भविष्य निधि योजना बेहतर सुरक्षा देती है। एक क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने दोनों कानूनों के बीच अस्पष्टता को दूर करते हुए यह फैसला सुनाया। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (कोच्चि) उत्तम प्रकाश ने यह स्पष्टीकरण आदेश दिया, जो पूरे भारत में श्रम कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। ये दोनों कानून 1) - कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 (ईपीएफ अधिनियम) और 2) भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) अधिनियम, 1996 हैं। केरल उच्च न्यायालय ने निर्माण श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख राष्ट्रीय कानूनों के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष का समाधान करने को कहा था, जिसके बाद यह आदेश आया।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 688.13 अरब डॉलर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.13 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि लगातार आठवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पहले के सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.17 अरब डॉलर बढ़कर 580.66 अरब डॉलर हो गईं।

# सोने में 1,080 और चांदी में 1,600 रुपए की उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ सोना 96,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया

विदेशों में मजबूत रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,080 रुपए बढ़कर 96,800 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,830 रुपए टूटकर 95,720 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,080 रुपए बढ़कर 96,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,930 रुपए घटकर 96,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोने में तेजी आई। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,600 रुपए उछलकर 97,100 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में चांदी की कीमत 2,500 रुपए घटकर 95,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई थी।





## भारत चीन पर अपनी निर्भरता कम करेगा

# अमेरिका से उर्वरक आयात बढ़ाने के उपाय तलाश रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन जैसे देशों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए भारत अमेरिका से उर्वरक आयात बढ़ाने के तरीके तलाश रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसका मकसद अमेरिका के साथ व्यापार असंतुलन को कम करना है।

देश का उर्वरक आयात वित्त वर्ष 2024-25 में 7.16 प्रतिशत घटकर 8.29 अरब डॉलर का रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह आयात 8.92 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2022-23 में 15.32 अरब डॉलर का हुआ था। अधिकारी ने कहा कि भारत के शीर्ष पांच आयात स्रोत रूस, सऊदी अरब, ओमान, चीन, मोरक्को और अमेरिका हैं। रूस से इसकी आवक, वित्तवर्ष 2024-25 में 11.18 प्रतिशत घटकर 1.84 अरब डॉलर का रह गया, जबकि इससे पहले 2023-24 में यह 2.07 अरब डॉलर का था। चीन से भी यह 2024-25 में 61.13 प्रतिशत घटकर 0.88 अरब डॉलर रहा जबकि 2023-24 में यह 2.25 अरब डॉलर था।



**अमेरिका ने व्यापार घाटे पर जताई चिंता**

अमेरिका ने भारत के साथ बढ़ते व्यापार घाटे पर चिंता जताई है। पिछले वित्तवर्ष में, अमेरिका को भारत का निर्यात वित्तवर्ष 2023-24 में 77.52 अरब डॉलर के मुकाबले 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया। वित्तवर्ष 2024-25 में आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जो वित्तवर्ष 2023-24 में 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष वित्तवर्ष 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर से पिछले वित्तवर्ष में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

### द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने का उद्देश्य

भारत और अमेरिका वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इस बढ़ते अधिशेष के कारण, अमेरिका ने दो अप्रैल को भारत सहित कई देशों के खिलाफ शुल्क लगाने की घोषणा की। हालांकि, नौ अप्रैल को भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क 9 जुलाई तक टाल दिया गया था क्योंकि दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।भारत अपने कृषि क्षेत्र के लिए उर्वरकों का एक प्रमुख आयातक है। कृषि क्षेत्र देश के लगभग आधे कार्यबल को रोजगार देता है।

# कोल इंडिया का कोयला उठाव घटकर 6.34 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उठाव अप्रैल में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 6.34 करोड़ टन रह गया। कोल इंडिया का अप्रैल 2024 में कोयला उठाव 6.42 करोड़ टन रहा था। कोयला उठाव से तात्पर्य कोयला खदान से आपूर्ति किए गए कोयले की मात्रा से है। यह कोयला उत्पादन से अलग है क्योंकि इसमें पहले से भंडारित कोयला भी शामिल हो सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अप्रैल में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 6.21 करोड़ टन पर लगभग स्थिर रहा। अप्रैल 2024 में यह 6.18 करोड़ टन रहा था। कोल इंडिया की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

2024-25 में कोल इंडिया ने 78.11 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष के लिए कंपनी के लक्ष्य से करीब सात प्रतिशत कम है। कोल इंडिया का 2024-25 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 83.8 करोड़ टन (एमटी) था। सीआईएल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 87.5 करोड़ टन उत्पादन और 90 करोड़ टन उठाव का लक्ष्य रखा है।

## चिंतन

# भारत को आत्मरक्षा का अधिकार आतंक के दोषियों को नहीं बख्शेगा

आतंकवाद पर अमेरिका को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। किसी भी आतंकी घटना को अमेरिकी हित के दृष्टिकोण से देखने की जरूरत नहीं है। आतंकवाद केवल और केवल आतंकवाद है और इसके दोषी व साजिशकर्ता कभी माफ नहीं किए जा सकते। खुद अमेरिका ने 9/11 के गुनहगार ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के सैन्य क्षेत्र एबटाबाद से पकड़कर सजा दी। पहलगाम आतंकी घटना की अमेरिका ने निंदा जरूर की है, लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने सीधे तौर पर पाकिस्तान को कंडेम नहीं किया है। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने, जिनकी भारत यात्रा के दौरान पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ, अमेरिका पहुंचने के बाद पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को 'कुछ हद तक जिम्मेदार' बताते हुए भारत के साथ सहयोग की उम्मीद जताई। अमेरिका की ओर से बार-बार भारत से संयम बरतने की अपील भी आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख के विपरीत है, जबकि पहलगाम आतंकी हमले में 27 बेकसूर नागरिक मारे गए हैं, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद सबसे भीषण आतंकवादी हमला है। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के प्रॉक्सी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने आगे बढ़कर इस हमले की जिम्मेदारी ली, इसका सीधा मतलब है कि इस हमले में पाकिस्तान किसी न किसी रूप में लिप्त है। पाकिस्तान ने खुद कई बार स्वीकार किया है कि वह अमेरिकी मदद का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने-पोसने में करता रहा है। इसके बाद अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी व फिर कटौती की। अभी हाल ही में पाकिस्तान के दो-दो मंत्रियों ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान का आतंक का इतिहास रहा है, किसी तीसरे के लिए उसने आतंक को पनाह दी। पाकिस्तान स्थित कई आतंकियों को अमेरिका खुद व संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है। अमेरिका को यह भी पता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ लंबे अर्से से एस्टाब्लिशमेंट प्रायोजित आतंकवाद का इस्तेमाल करता रहा है, अनेक बार भारत ने सबूत दुनिया के सामने रखे हैं, इसके बाद भी अगर अमेरिका पहलगाम घटना के बाद दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय संघर्ष का हवाला देते हुए भारत से संयम बरतने और पाकिस्तान से जांच में सहयोग करने की अपील कर रहा है तो यह उसका कहीं से भी आतंकवाद को लेकर कड़ा रवैया नहीं है। भारत ने अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्क रूबियो के साथ बातचीत में स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के मामले में भारत किसी देश का दबाव नहीं सहेगा। अमेरिका की ओर से केवल निंदा किए जाने से भारत खुश नहीं है। भारत का स्पष्ट संदेश है कि पहलगाम के दोषियों और उसके साजिशकर्ताओं को सख्त सजा मिलेगी। भारत आतंकवाद के खिलाफ स्टेप बाय स्टेप कदम उठा रहा है, जिसमें सीमा बंदी से लेकर सिंधु जल समझौता को निलंबित करने तक शामिल हैं। अब भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट कराने की तैयारी में है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) भी भारत व पाक के बीच तनाव पर बैठक करेगी। भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है, कोई भी यूं ही आतंकी हमला कर बच नहीं सकता है। इजराइल ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत ही आतंकी गुट हमास के खिलाफ सैन्य एक्शन लिया। भारत सरकार ने भी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी है। विश्व आतंकवाद के खिलाफ आंख मूंद कर नहीं रह सकता है। यह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का वक्त है, भारत इसका खात्मा करने तक लड़ता रहेगा।

# शुरुआत अच्छी पर चुनौतियां भी कई



विश्लेषण
प्रदीप सरदाना

रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है।

पिछले दो महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कामकाज को देखते हुए मुझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्रियों का स्मरण हो आया। मैं दिल्ली सरकार और उससे पूर्व दिल्ली प्रशासन को लगभग 50 बरसों से करीब से देख रहा हूँ। सन 1993 में नवगठित विधानसभा से पूर्व 1967 से 1990 तक यहां दिल्ली महानगर परिषद थी। परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद का पद तब मुख्यमंत्री के समतुल्य सा था। मैंने सबसे पहले मार्च 1978 में तत्कालीन मुख्य कार्यकारी पार्षद (सीईसी) केदार नाथ साहनी का इंटरव्यू किया था। वह एक योग्य शासक और बेहद शालीन व्यक्ति थे। दिल्ली में 35 पुनर्वास बस्तियों का निर्माण उन्हीं के कार्यकाल में हुआ।

यूं दिल्ली के अन्य तीन सीईसी से भी मेरी आगे-पीछे मुलाकातें होती रहीं। जिनमें प्रथम सीईसी विजय कुमार मल्होत्रा तो पीजीडीएवी महाविद्यालय में मेरे शिक्षक भी रहे। उन्होंने सबसे पहले हरित और सुंदर दिल्ली पर ध्यान देकर दिल्ली में पेड़-पौधे लगवाने के साथ बहुत से पार्क और फव्वारों का निर्माण भी कराया। दिसंबर 93 से 1998 तक पहले मदन लाल खुराना फिर साहिब सिंह वर्मा और फिर चंद दिनों के लिए सुषमा स्वराज ने दिल्ली सीएम का पद संभाला। उसके बाद 15 बरस तक कांग्रेस की शीला दीक्षित दिल्ली की सीएम बनीं। मैंने इन सभी के भी कई बार इंटरव्यू किए। सभी से कई मुलाकातें हुईं। खुराना, साहिब सिंह और शीला दीक्षित ने तो दिल्ली के विकास के लिए बहुत कुछ किया। हां, दीक्षित भ्रष्टाचार के आरोपों में भी घिरी रहीं। लेकिन पिछले करीब 10 साल में केजरीवाल और आतिशी के कार्यकाल में दिल्ली बुरी तरह पिछड़ गयी। इस दौरान कागजों और भाषणों में ही बहुत कुछ हुआ लेकिन धरातल पर निल बटा सन्नाटा ही रहा। इधर जब गत 20 फरवरी को रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि पहली बार विधायक बनीं रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी ? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ मिलकर जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है। असल में रेखा गुप्ता के आरंभिक रंग ढंग दर्शाते हैं कि भाजपा को एक नयी सशक्त नेत्री,अच्छी मुख्यमंत्री मिल गयी है। जो रोग भी पहचानती हैं और उसका उपचार भी अच्छे से जानती हैं। इधर भाजपा के अन्य मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता देखें तो मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने लोकप्रियता के साथ जनता से अपना जो रिश्ता कायम किया वह बेमिसाल है। मध्यप्रदेश से केंद्र में आने के बावजूद शिवराज का अपने राज्य से मोह कम नहीं हुआ। बरसों पहले खुराना का दिल भी सिर्फ दिल्ली के लिए धड़कता था। बाद में वह चाहे केंद्र में मंत्री बने या राजस्थान के राज्यपाल लेकिन वह दिल्ली को नहीं भूल पाये। उनके




सपनों में दिल्ली ही रही। इधर अब उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और असम के हिमंत बिस्वा भाजपा के सर्वाधिक लोकप्रिय सीएम ही नहीं फायर ब्रांड नेता भी हैं। रेखा गुप्ता में भी मुझे शिवराज और खुराना की कुछ झलक तो मिलती ही है। साथ ही सुषमा स्वराज की भी। वह उनकी तरह बन पाती हैं या नहीं यह तो बाद में पता लगेगा, लेकिन सिर्फ दो महीने में ही अपनी कार्यप्रणाली और कामकाज की छाप छोड़कर जो लोकप्रियता उन्होंने पाई है, उससे विपक्ष ही नहीं भाजपा के कई नेता और मुख्यमंत्री तक हैरान हैं।

रेखा गुप्ता ने इन दो महीनों में ही जो बड़े कार्य कर दिखाये, उनमें आयुष्मान योजना सबसे बड़ा कदम है। अभी 28 अप्रैल को 70 और उससे अधिक आयु के दिल्ली के सभी बुजुर्गों के लिए उन्होंने आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी करने शुरू भी कर दिये। इस योजना में पंजीकृत देशभर के अस्पतालों में सभी बुजुर्ग 10 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह निःशुल्क करा सकेंगे। इससे पहले गरीब व्यक्तियों के लिए भी आयुष्मान कार्ड मिलने का काम 10 अप्रैल को शुरू हो गया। फिर 20 अप्रैल को जल माफिया पर लगाम कसते हुए, दिल्ली सरकार ने जीपीएस युक्त 1111 जल के ऐसे टैंकर शुरू किए जिससे निःशुल्क स्वच्छ जल मिलने के साथ टैंकर की निगरानी भी हो सकेगी। फिर यमुना की सफाई के साथ गंदे नालों की सफाई का काम भी व्यापक स्तर पर शुरू हो गया है। साथ ही 8 मार्च को दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए 2500 रुपये माह की सहायता वाली 'महिला समृद्धि योजना' के लागू करने का कार्य भी शुरू हो चुका है। फिर 25 मार्च को खीर बनाने की नयी परंपरा के साथ एक लाख करोड़ रुपये का दिल्ली का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करना भी बताता है कि दिल्ली की योजनाएं अब धन के अभाव में रुकेंगी नहीं। रेखा गुप्ता की कूटनीति और शिष्टाचार की बात करें तो वह इस दौरान राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और कुछ मुख्यमंत्रियों से भी अलग से मिलीं हैं। साथ ही भाजपा के उन दिग्गज नेताओं से भी जो आज मुख्यधारा में न होकर लगभग एकांतवास में हैं। यहां तक कि दिल्ली के सभी सांसदों से भी वह घर जाकर मिलीं। उधर रेखा गुप्ता अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए अपने दौलतराम कॉलेज की प्राचार्या से मिलीं तो एबीवीपी और दिल्ली विश्वविद्यालय के समारोह में अपनी पुरानी यादों को भी उन्होंने दिल से साझा करते हुए युवाओं को अपने मन के बड़े सपने देखने की सलाह दी। यहां तक कि आरएसएस और अनेक धार्मिक समारोहों में भी वह बराबर शामिल हो रहीं हैं। रेखा ने घर में पहले की तरह विशाल कंजक पूजन भी कराया।

दिल्ली की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए भी उनका दरबार नियमित लग रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की तरह बिना अवकाश लिए वह जिस तरह लगातार काम कर रही हैं, वह उन्हें बहुतों से अलग और विशेष बनाता है। गत 12 अप्रैल को वह सड़क पर उस व्यक्ति की कार रोक लेती हैं जो चलती कार से गायों को रोटी डाल यातायात जाम और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। सीएम उसे विनम्रता से समझाकर हाथ मिला वचन लेती हैं कि वह आगे ऐसे नहीं करेगा। स्कूल की छात्राओं के कार्यक्रम का आयोजन कराकर वह उनके दुख दर्द के साथ उनके सपने भी जानती हैं। उधर निजी स्कूल द्वारा फीस बढ़ाने, गंदे नालों की सफाई न होने के साथ जलभराव और एक विदेशी महिला का पासपोर्ट खो जाने पर रेखा गुप्ता के सख्त तेवर भी साफ दिखाई देते हैं। यदि आगे भी वह इसी गति और स्फूर्ति से कार्य करती रहीं तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित दिल्ली का स्वप्न जल्द पूर्ण हो सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मानवीय संकट
मुनीष भाटिया




# दक्षिण एशिया में धर्म के नाम पर हो रही हिंसा

दक्षिण एशिया में हिंदू समुदाय आज एक जटिल और गहराते मानवीय संकट का सामना कर रहा है। पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान, ये तीनों क्षेत्र भले ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से भिन्न हों, परंतु एक समान पीड़ा में बंधे हुए प्रतीत होते हैं। हिंदू समुदाय पर हो रहे संगठित हमले, उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबंदियां, और शासन की चुप्पी या निष्क्रियता। यह संकट अब किसी एक देश या राज्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक वैश्विक मानवाधिकार चिंता का विषय बन चुका है, जिसे नजरअंदाज करना स्वयं मानवता के खिलाफ अपराध होगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला इस संकट का और भी खतरनाक आयाम प्रस्तुत करता है। इस हमले में आतंकवादियों ने निशाना बनाकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की। यह न केवल मानवाधिकार पर हमला था, बल्कि यह संदेश भी था कि अब धार्मिक पहचान को निशाना बनाना आतंकवाद की रणनीति का हिस्सा बन चुका है। यह मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता दोनों पर एक गहरा आघात है, जिसकी अनदेखी केवल और अधिक त्रासदी को न्योता देना होगा। पश्चिम बंगाल, जिसे कभी 'सांस्कृतिक राजधानी' कहा जाता था, आज धार्मिक असंतुलन और टकराव का केंद्र बनता जा रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों हावड़ा, रिसड़ा, उत्तर 24 परगना, बीरभूम और मालदा में रामनवमी, हनुमान जयंती और दुर्गा पूजा जैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजनों पर बार-बार पथराव, हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। धार्मिक जुलूसों पर हमले अब अपवाद नहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति बनते जा रहे हैं। प्रशासन की निष्क्रियता या पक्षपातपूर्ण रवैया इस स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। कई घटनाओं में पुलिस की समय पर कार्रवाई नहीं होना, या दोषियों पर सख्त कार्रवाई न करना, यह संकेत देता है कि या तो राज्य प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा, या फिर राजनीतिक लाभ-हानि की गणना के तहत चुप्पी साधे बैठा है। यह न केवल संवैधानिक मूल्यों का हनन है, बल्कि राज्य के नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। बांग्लादेश, जो 1971 में धर्मनिरपेक्षता के आदर्श के साथ अस्तित्व में आया था, अब उस मूल भावना से लगातार दूर होता जा रहा है। अक्टूबर 2021 में कमिला और नोआखली जिलों में हुए दंगों के दौरान हजारों हिंदू घर और मंदिरों को जलाया गया, जबकि सरकार और प्रशासन ने देर से कार्रवाई की। यह चुप्पी इस बात का संकेत है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय, जो अब 8% से भी कम रह गया है, अपने ही देश में असुरक्षित और अकेला महसूस करता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बांग्लादेश अपने अल्पसंख्यकों को वह संरक्षण देने में विफल हो गया है जो एक आधुनिक राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है? पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की स्थिति सबसे अधिक भयावह है। यह देश, जो खुद को इस्लामी गणराज्य घोषित करता है, वहां गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता हमेशा खतरे में रही है। हिंदू लड़कियों का अपहरण कर जबरन निकाह और धर्मांतरण की घटनाएं आए दिन सामने आती हैं, जिसमें राज्य संरचनाएं कई बार मूकदर्शक बनी रहती हैं। 2020 में कराची और रहीम यार खान में मंदिरों पर हुए हमलों ने वैश्विक मीडिया में सुर्खियां बटोरीं, लेकिन फिर भी कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। पाकिस्तान में 'ब्लासफेमी लॉ' का दुरुपयोग कर अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं को निशाना बनाना एक हथियार बन गया है, जिसमें झूठे आरोपों के चलते उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह गहन चिंता का विषय है कि जब विश्व के किसी भी कोने में मुस्लिम, ईसाई या अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ अन्याय होता है, तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, मानवाधिकार संगठन, और वैश्विक बुद्धिजीवी वर्ग तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं। लेकिन जब पीड़ित हिंदू होता है, चाहे वह बंगाल में हो, बांग्लादेश में या पाकिस्तान में – तो एक प्रकार का मौन छा जाता है। यही मौन सबसे बड़ा अन्याय है। मानवाधिकार की परिभाषा क्या केवल राजनीतिक रूप से 'उपयुक्त' माने जाने वाले समुदायों तक सीमित है? क्या बहुसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद अल्पसंख्यकों की पीड़ा को नकार देना ही उदारवाद है? यह दोहरा मापदंड मानवाधिकार के सार्वभौमिक स्वरूप को अपंग बनाता है और न्याय की अवधारणा को खंडित करता है। आज जब हिंदू समुदाय एक संगठित संकट के दौर से गुजर रहा है, तो हमारी संवेदनशीलता, हमारी नैतिकता और हमारी चुप्पी, सबकुछ इस परीक्षा का हिस्सा है और इस परीक्षा में मौन रहना, सबसे बड़ा अन्याय है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शंकराचार्य को ज्ञान देकर अंतर्धान हो गए भगवान शंकर



संकलित
**दर्शन**

शंकराचार्य नित्य-प्रति गंगा में स्नान करके तर्पण किया करते थे। सूर्योदय से पूर्व उनकी पूजा पूर्ण हो जाती। एक दिन सूर्योदय होते-होते वे पूजा समाप्त करके विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे। उन्होंने देखा कि गली में शमशान घाट में काम करने वाला एक व्यक्ति चार कुत्तों को चारों दिशाओं में बिठाए हुए रास्ता रोके खड़ा है। शंकराचार्य ने बहुत नम्र भाव से कहा, 'आप एक ओर हट जाएं तो मैं विश्वनाथजी के दर्शन करने चला जाऊं।' उस व्यक्ति ने शुद्ध संस्कृत में उनका प्रतिवाद करते हुए कहा, 'ओ संन्यासी! मार्ग से किसे हटा रहे हो? मेरे इस शरीर को या इसकी आत्मा को? हमने तुम्हारा शास्त्रार्थ सुना है। तुम्हारा सिद्धांत है कि वह पूर्ण ब्रह्म सर्वत्र सब में, तुम में और मुझ में एक समान विद्यमान है। पर तुम मुझे इस तरह दूर भगा रहे हो मानो मैं तुमसे भिन्न कोई और हूं? यदि तुम इस शरीर को हटाना चाहते हो, जो अन्न से बना हुआ है तो जो मांस-मज्जा तुम्हारे शरीर में है, वही मेरे में है। यदि तुम शुद्ध चैतन्य को अलग करना चाहते हो तो वह तो यहां-वहां सर्वत्र है। फिर तुम किसे हटाना चाहते हो? क्या इस पवित्र गंगा में प्रतिबिंबित सूर्य की आभा उस बिंब से अलग है, जो मेरे निवास स्थान के समीप एक गंदे तालाब में पड़ती हुई दिखाई दे रही है?' उस व्यक्ति की अकाट्य युक्ति सुन कर और संस्कृत भाषा का शुद्ध व्यवहार देखकर शंकर स्तंभित रह गए। उनकी आंखें आश्चर्य से विस्फारित हो उठीं। उन्होंने उसे प्रणाम किया।

## मन एक सेतु की भांति



संकलित
**प्रेरणा**

दुनिया कभी नहीं रही अराजकता और अव्यवस्था में, केवल मन रहा है। संसार तो परम रूप से व्यवस्थित है। यहां कोई अव्यवस्था नहीं, सुव्यवस्था है। केवल मन ही सदा अव्यवस्था में रहता है और सदा अव्यवस्था में ही रहेगा। मन एक सेतु की भांति है, इसे पार करना है। दूसरे किनारे को प्राप्त करना ही है। और तुमने तो सेतु पर ही घर बना लिया है। तुमने सेतु पर रहना शुरू कर दिया है। तुम मन के साथ जुड़ गए हो। तुम पड़े हो जाल में, क्योंकि तुम कहीं नहीं हो। कैसे तुम कहीं न होने वाली जमीन पर व्यवस्थित हो सकते हो? 'वापस आओ, वापस लौट आओ, उस किनारे पर जिसे कि तुम छोड़ चुके हो।' और वापस लौटना होता नहीं, क्योंकि तुम समय में पीछे की ओर बढ़ नहीं सकते। बढ़ना केवल एक ही है, वह है आगे की ओर- आगे। अतीत तुम पर गहरा प्रभाव बनाए रहता है; क्योंकि तुम होते हो सेतु पर। अतीत भी सेतु पर होने से तो बेहतर लगता है। एक छोटी झोपड़ी भी ज्यादा ठीक होती है, सेतु पर होने की अपेक्षा। कम-से-कम वह एक घर तो है; तुम सड़क पर नहीं होते। तुम्हारे अंतस को निर्विचार कर देने का, मन को गिरा देने का, सेतु पर से सरकने का, अज्ञात में बढ़ने का और रहस्य में छलांग लगा देने का। इसलिए मैं कहता हूं... हिसाब-किताब मत लगाना, क्योंकि वह मन की चीज है। इसीलिए मैं कहता हूं कि आध्यात्मिक खोज सीढ़ी-दर-सीढ़ी नहीं होती, आध्यात्मिक खोज है- एक अचानक छलांग। वह साहस है, वह कोई हिसाब-किताब नहीं। वह बुद्धि की चीज नहीं, क्योंकि बुद्धि है मन का हिस्सा।

## सटाका




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। –मोहन साहू

## ट्रेंड

### अभिव्यक्ति का अधिकार



लोकतंत्र अभिव्यक्ति और संवाद द्वारा परिभाषित होता है। अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने से लोकतंत्र कमजोर होता है। यदि अभिव्यक्ति करने वाला स्वयं को सदैव सही व दूसरों को गलत मानता है, तो अभिव्यक्ति का अधिकार विकृत हो जाता है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### दिल्ली को बदलने का काम



ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार दिल्ली को बदलने के लिए मिलकर काम कर रही है। मैं यह वचन देता हूं कि देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे, और दिल्ली को एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए रास्ता तैयार करेंगे जिस पर हम सभी को गर्व होगा।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### प्यारे दोस्तों की देखभाल



हमारे प्यारे दोस्तों के लिए विशेष देखभाल। असम सरकार ने पालतू जानवरों की देखभाल के वास्ते तीन अस्पताल विकसित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है जो 2025 के अंत तक चालू हो जाएंगे।
- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### प्रधानमंत्री से आग्रह



पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में, शहीद के दर्जे की उनकी मांग में, मैं साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वो इस त्रासदी में जान गंवाने वालों को यह सम्मान दें।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

### पहलगाम हमला : अमेरिकी कश्मीरी हिंदुओं ने कहा- तय हो जवाबदेही

अमेरिका में रह रहे कश्मीरी हिंदू पहलगाम आतंकी हमले के बाद व्यापक जवाबदेही तय करने और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जागरूकता पैदा किये जाने की मांग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में पिछले हफ्ते मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि 22 अप्रैल को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए हमले ने सुरक्षा तैयारियों में चूक और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदायों के खतरों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। प्रतिबंधित पाकिस्तानी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक छद्म समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। 'इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम' (आईएकेएफ) के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय साजवाल ने दावा किया कि इस हमले को रोका जा सकता था। उन्होंने दावा किया, ''हजारों पर्यटक प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं, फिर भी हमले के दिन कोई सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आई। एक उच्च-स्तरीय राजनयिक यात्रा के बावजूद, बुनियादी जोखिम आकलन को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज कर दिया गया।'' साजवाल ने कहा कि ध्यान अक्सर सीमा पार आतंकवाद पर होता है, लेकिन स्थानीय स्तर पर भी उन्हें (आतंकवादियों को) ऐसे लोगों से सहयोग मिलता है।



## ऑफ बीट

### इजरायल की आबादी पहली बार हुई एक करोड़ के पार

इजरायल की आबादी पहली बार 1 करोड़ के पार हुई है। 1948 के बाद से यह पहला मौका है, जब इजरायल की संख्या 10.1 मिलियन हुई है। देश की स्थापना के बाद से अब तक यहूदी मुल्क की आबादी में 12 गुना तक इजाफा हो चुका है। इजरायल के जनसांख्यिकी विभाग के अनुसार बीते साल की तुलना में इजरायल की आबादी में 1 लाख 35 हजार यानी 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात है कि अब भी यहूदियों की आबादी 80 लाख भी नहीं पहुंची है। इजरायल का संघर्ष पड़ोस के फिलिस्तीन, लेबनान, मिस्र जैसे देशों से लंबे समय से रहा है। 1948 में देश की स्थापना के बाद से ही यह संघर्ष चलता रहा है। ऐसे में यहूदियों और पूरे इजरायल की ही आबादी एक करोड़ से कम होना चर्चा का विषय रहा है। अब इजरायल की आबादी तो एक करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है, लेकिन यहूदियों की संख्या अब भी 80 लाख से नीचे है। आंकड़े के अनुसार इजरायल की आबादी में यहूदियों की संख्या फिलहाल 77.6 फीसदी ही है। देश में 2.1 मिलियन यानी करीब 20 फीसदी मुसलमान, ईसाई और अरब हैं। इसके अलावा ढाई लाख लोग यानी 2.5 फीसदी ऐसे भी हैं, जो किसी भी कैटिगरी में नहीं आते। इनमें विदेशी छात्र, मजदूर और अवैध रूप से वहां पहुंचे प्रवासी शामिल हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# चीन की दीवार की रक्षा कैसे करता है 'जीवित पदार्थ', शोध ने खोला राज

दुनिया के सात ऐतिहासिक अजूबों में चीन की दीवार अपनी विशालता के लिए बहुत मशहूर है। सैकड़ों सालों से यह लंबी दीवार या दीवारों को समूह मजबूती से टिका हुआ है और यह वैज्ञानिकों के लिए पड़ताल का मुद्दा रहा है कि आखिर इतने सालों के बाद भी यह दीवार खत्म क्यों नहीं हो गई है। करीब 2200 किलोमीटर तक फैली यह दीवार आज तक इतनी संरक्षित तो रही है, लेकिन इसके संरक्षण के भी प्रयास किए जा रहे हैं। साइंस एडवांस में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने इस दीवार के संरक्षण में उस पर जमे जिवित पदार्थों के फायदे और जोखिम को लेकर चल रही बहस खत्म करते हुए एक रहस्य को उजागर किया है।

कुछ लोगों को लगता है कि भौतिक और रासायनिक प्रक्रियाएं मिलकर सतह के नीचे की संरचना को एक तरह के अपक्षय से पीड़ित कर देती हैं और इसलिए उन्हें चीन की विशाल दीवार जैसी संरचनाओं के संरक्षण के लिए हटा देना चाहिए। वहीं कई लोगों का मानना है कि जीवित पदार्थों की यह परत एक तरह से दीवार के संरक्षण का काम कर रही है।

**अलग अलग पदार्थों का उपयोग :** कई हिस्सों में यह कहें कि बहुत सारी दीवारों से मिल कर बनी इस संरचना के बारे में बताया जाता है कि यह चीन के उत्तरी सीमा के इलाके में सातवीं ईसा पूर्व से बनना शुरू हुई थी। इसके बहुत सारे हिस्से टेढ़े मेढ़े और ऊंचे नीचे पहाड़ों पर रेंगते हुए पत्थर की तरह दिखाई देते हैं। इसके बहुत सारे पुराने हिस्से चिकनी मिट्टी से समृद्ध हैं जो लकड़ी के फ्रेम के बीच चट्टान की तरह ठोस होने तक लगाए गए थे।

## 2200 किलोमीटर तक फैली यह दीवार आज तक संरक्षित




**जीवित पदार्थों की परत**

चीन अमेरिका और स्पेन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में बायोक्रस्ट की चीन की दीवार के संरक्षण या नुकसान में भूमिका की पड़ताल की. बायोक्रस्ट वे जैविक पदार्थ हैं जो दीवार की परत पर की मिलीमीटर से कई सेंटीमीटर की गहराई तक जम जाते हैं। इनमें बैक्टीरिया, काई, फफूंद, और अन्य छोटे पौधे शामिल होते हैं जो किसी भी सतह पर ऊग आते हैं।

### 600 किलोमीटर लंबे हिस्से का अध्ययन

इस धारणा को मानने वालों का कहना है कि बायोक्रस्ट सतह की मिट्टी को हवा और बारिश बचाने में एक बड़ी भूमिका निभाती है और एक तरह से उसके लिए कवच का काम करती है, जिस तरह से वे प्राकृतिक सतह की रक्षा करते हैं। इसी की सच्चाई जानने के लिए शोधकर्ताओं की टीम ने चीन की विशाल दीवार के करीब 600 किलोमीटर लंबे हिस्से का गहन अवलोकन किया जिसमें सूखी जलवायु वाले हिस्से पर ज्यादा गौर किया गया। यह बहस लंबे समय से चल रही थी कि चीन की दीवार के लिए जीवित पदार्थ फायदेमंद हैं या नुकसानदेह।



### क्या हुआ फायदा

शोधकर्ताओं ने पाया कि दीवार के बचे हुए हिस्सों के दो तिहाई भाग बायोक्रस्ट की परतें चढ़ी हुई हैं जिनमें साइनोबैक्टीरिया और काई के प्रजातियों की कॉलोनी तक यहां वहां बिखरी हुई देखने को मिलीं. देखा गया कि जहां जहां काई और पौधे आदि हैं वहां दीवार की सतह के नीचे के भाग कम छेद वाले थे और आसानी से गिरने या बिखरने वाले नहीं थे। जहां आमतौर पर माना जाता है कि काई और छोटे पौधे दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं। शोधकर्ताओं ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चीन की दीवार के मामले में ये आम तौर पर मौसम की वजह से होने वाले अपक्षय की तुलना में कम नुकसानदेह साबित हुए, बल्कि उससे उनकी रक्षा तक करते हुए पाए गए।

## रोचक खबरें

### तरबूज के छिलके से ऐसे बना डाला हेलमेट यूजर्स बोले– ये है गर्मी स्पेशल आविष्कार



गर्मियों में तरबूज खाना तो सभी को पसंद होता है। गर्मियों में लोग रोज ही तरबूज खाते हैं क्योंकि उसके वाटर कंटेंट से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है। हालांकि, उसका छिलका हम फेंक देते हैं। लेकिन एक शख्स ने उसके छिलके का ऐसा इस्तेमाल किया कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जुगाड़ नेचर और खुराफाती बुद्धि वाले इस शख्स ने तरबूज के छिलके का हेलमेट बना डाला। इतना ही नहीं उसे उसने एक छोटे बच्चे को पहनाया भी और फिर उसे बाइक पर लेकर निकल पड़ा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मैक्सिमम_मंथन नाम के यूजर द्वारा शेयर किया गया वीडियो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहा है। वीडियो जिसे संभवतः मनोरंजन के पर्पस से बनाया गया है में दिखाया गया है कि एक शख्स ने तरबूज के छिलके से हेलमेट-जैसा कुछ बनाया है। उसने उसमें पॉलीथीन का बेल्ट भी लगाया है। इस हेलमेट को वह एक छोटे बच्चे को पहनाता है और फिर उसे बाइक पर बैठा कर बाहर चला जाता है।

#### तेज बुद्धी की भी तारीफ

शख्स के असाधारण एक्सपेरिमेंट के वीडियो ने यूजर्स को दंग कर दिया है। वे हैरान हैं कि कोई ऐसा कैसे कर सकता है। साथ ही उन्हें इस आविष्कार को देखकर हंसी भी आ रही है। उन्होंने कमेंट सेक्शन में साफ तौर पर मौज लेते हुए प्रतिक्रिया दी है। कमेंट सेक्शन में मजेदार कमेंट की बाढ़ आ गई है। यूजर्स ने शख्स की तेज बुद्धी की भी तारीफ की है। वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, "भाई हमारे देश में इंजीनियर की कमी नहीं है।" दूसरे यूजर ने लिखा, "खाने वाली चीज हेलमेट का भी काम देती है, आज पता चला।"

### ड्राइवर ने कैब को बना डाला 'स्वीट होम' अंदर की व्यवस्था देख दंग रह गई पैसेंजर

इन दिनों एक उबर कैब ने इंटरनेट पर तहलका मचाया हुआ है। कैब की खूब चर्चा हो रही है। एक महिला यात्री द्वारा कभी ना भूलने वाले अपने ट्रैवल एक्सपेरिएंस को शेयर किए जाने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौरा निकल पड़ा है। इंटरनेट की जनता कैब की तुलना पूरी तरह से सजे 1BHK (Bedroom hall Kitchen) अपार्टमेंट से कर रही है। दरअसल, महिला ने X पर कार के इंटीरियर की तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, "आज सचमुच 1bhk में यात्रा कर रही हूं। अब तक की सबसे शानदार उबर राइड!" महिला का यह पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गया। वायरल तस्वीरों में कार के अंदर का सुव्यवस्थित इंटीरियर दिखाया गया है, जिसमें आगे की सीटों के पीछे अलमारियां और होल्डर लगे हुए हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उबर ड्राइवर ने अपनी कार को एक मोबाइल कम्फर्ट ज़ोन में बदल दिया है, जिसमें कोल्ड ड्रिंक, स्नैक्स, खिलौने, दवाइयां और यहां तक कि एक छोटा सा डस्टबिन भी रखा हुआ है। यात्री पानी की बोतलें, एनर्जी ड्रिंक, चॉकलेट, बिस्किट, टिश्यू, टूथब्रश और छाते ले सकते थे।



### अंतिम संस्कार में ज्यादा आ रहा था खर्च पिता के शव को 2 साल तक छिपाए रहा बेटा

कहते हैं कि अंतिम संस्कार एक ऐसी चीज होती है, जो कि हर इंसान का हक होती है। इंसान अजनबियों के अंतिम संस्कार कर देता है ताकि उसे मुक्ति मिल जाए लेकिन जापान में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर सभी ने अपना माथा पकड़ लिया। दरअसल, यहां एक लड़के ने अपने पिता की मौत को दुनिया से केवल इसलिए छिपाए रखा क्योंकि वह उनके अंतिम संस्कार खर्च करने के लिए पैसे नहीं थे। लेकिन जब हकीकत पता चली तो माजरा कुछ और ही निकला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके ऊपर पिता की पेंशन गबन करने का केस चल रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 56 साल के नोबुहिको सुजुकी की हरकतें तब सामने आईं जब उन्होंने पिछले एक हफ्ते से अपना रेस्टोरेंट नहीं खोला। पड़ोसियों को इस बात की चिंता हुई तो उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। जब पुलिस ने ताला तोड़ कर अंदर देखा तो.. अंदर अलमारी में सुजुकी के पिता का कंकाल मिला। सुजुकी को जब इस बात की खबर मिली तो वह भी वहां पर पहुंच गया। पुलिस ने उसे पूछताछ करने के लिए बुलाया। इस पर सुजुकी ने बताया कि उसके पिता की मौत साल 2023 में हो गई थी। वह 86 साल के थे। सुजुकी ने बताया कि मैं उस दिन अपने पिता को घर पर अकेला छोड़ कर गया था, जब वापस लौटा तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी। मेरे पास इतने पैसे नहीं थे कि मैं उनका अंतिम संस्कार कर सकूं इसलिए मैंने उन्हें अलमारी में रख दिया। पुलिस के मुताबिक शुरुआत में सुजुकी को अपनी गलती पर पछतावा हुआ लेकिन जल्दी ही उसने अपने पिता को ही उनकी मौत का जिम्मेदार ठहराया।



## म्यूज़ियम

# विंटेज कारों के शौकीन हैं तो जाएं एक बार मैसूर जरूर

**पयाना कार संग्रहालय देखने आते हैं दूर दूर से लोग**

एजेंसी ▸▸ मैसूर

कर्नाटक के मैसूर में स्थित, पयाना कार संग्रहालयऑटोमोटिव इतिहास और विरासत का एक प्रमाण है। यह एक अनोखा संग्रहालय है जो कि भारत का सबसे बड़ा विंटेज कार म्यूजियम है। जहां आपको पुरानी से पुरानी कार देखने को मिलेगी. ये म्यूजियम यह दर्शाता है कि किस प्रकार ऑटोमोबाइल का विकास हुआ है। यहां पर आपको विंटेज कारों की प्रभावशाली एवं आकर्षक प्रदर्शिनी देखने को मिलेगी जो कि कई दशकों के नवाचार और डिजाइन को दर्शाती है। पयाना कार संग्रहालय जो कि भारत का सबसे बड़ा विंटेज कार म्यूजियम है।



### विंटेज कारों में प्रत्येक की अपनी अनूठी कहानी

ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में हुए परिवर्तन और विकास को दर्शाता है यहां इससे जुड़े 10 महत्वपूर्ण बातें बताई गई है- डी. वीरेंद्र हेगड़े ने पयाना कार संग्रहालय की स्थापना और परिकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विरासत और परंपरा के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा के लिए जाने जाने वाले हेगड़े का विंटेज ऑटोमोबाइल के प्रति जुनून इस संग्रहालय के निर्माण में परिणत हुआ है। विंटेज कार म्यूजियम ऑटोमोटिव प्रगति पर प्रकाश डालता है जिसने वर्षों से परिवहन को आकार दिया है, जो इसे ऑटोमोबाइल में रुचि रखने वाले उत्साही और विद्वानों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक संसाधन बनाता है। संग्रहालय की वास्तुकला की डिजाइन पारंपरिक मैसूर शैली और समकालीन डिजाइन का मिश्रण दर्शाती है, जो इसमें रखे गए ऐतिहासिक विंटेज खजानों के लिए एक बेहतर स्थान बनाती है। संग्रहालय में विंटेज कारों का एक विविध संग्रह है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी कहानी और ऑटोमोटिव इतिहास में योगदान रहा है।

### संरक्षण के लिए समर्पित

संग्रहालय में विंटेज कारों के संग्रह में, सबसे पुरानी विंटेज कार 1900 के दशक की शुरुआत की है, जो ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में शुरुआती नवाचारों को प्रदर्शित करती है। पुनर्स्थापना और संरक्षण की दृष्टि से निर्मित यह संग्रहालय पुरानी कारों की बहाली और संरक्षण के लिए समर्पित है, यह दर्शाता है कि ये ऐतिहासिक कलाकृतियां भविष्य की पीढ़ियों की सराहना के लिए प्राचीन स्थिति में रहें और ऑटोमोबाइल के विकास की यात्रा को जान सके। संग्रहालय शैक्षिक कार्यक्रम और निर्देशित पर्यटन प्रदान करता है, जो आगंतुकों को प्रदर्शन पर कारों के इतिहास, डिजाइन और तकनीक के बारे में गहन ज्ञान प्रदान करता है।



### इंटरैक्टिव प्रदर्शनी

आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए, संग्रहालय में इंटरैक्टिव प्रदर्शनी है जो मेहमानों को विंटेज कारों के टेक्नॉलजी का पता लगाने और ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी के विकास की समझ देती है। संग्रहालय अक्सर विंटेज कार शो और कार्यक्रम आयोजित करता है, जो ऑटोमोटिव इतिहास का जश्न मनाने के लिए क्षेत्र भर से कार उत्साही और कलेक्टरों को एक साथ लाता है। पयाना कार संग्रहालयकार के सांस्कृतिक पहलुओं और समाज पर इसके प्रभाव को भी उजागर करता है, यह दर्शाता है कि कैसे ऑटोमोबाइल ने दशकों से जीवन शैली और संस्कृति को प्रभावित किया है।

## 19 मिमी आंख बाहर निकाल लेता है ये शख्स, गिनीज बुक में भी दर्ज है नाम



आज की दुनिया में हर इंसान के भीतर कोई न कोई खासियत जरूर छुपी होती है, बस उसे पहचानने और सही मंच पर प्रस्तुत करने की जरूरत होती है। दुनिया में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अलग-अलग तरह के अद्भुत हुनर के दम पर लोग अपने नाम से इतिहास रचते हैं। इसी तरह विलियम्स मार्टिन सांचेज लोपेज ने भी अपनी अनोखी कला के जरिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया है। हालांकि, उनकी इस कला ने हर किसी को बुरी तरह हैरान कर दिया है। तो आज की इस खबर में हम आपको उनकी उस कला के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। आइए विस्तार से जानते हैं।

हाल ही में, एक रिपोर्ट के अनुसार इटली के उरुग्वे में रहने वाले विलियम्स मार्टिन सांचेज लोपेज ने अपनी आंखों से ऐसा कमाल कर दिखाया है कि दुनिया हैरान रह गई। अपनी इस कला के चलते उन्होंने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। बता दें कि लोपेज इटली में रहते हैं और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में काम करते हैं। उनके चार बच्चे हैं।

### लोगों का करते हैं मनोरंजन

यही नहीं, मालूम हो कि इससे पहले यह रिकॉर्ड ब्राजील के सिडनी डी कार्वाल्हो मेस्किटा के नाम था, जो अपनी आंखों को 0.71 इंच तक बाहर निकाल सकते थे। इस कला को मेडिकल में प्रोट्रूजन कहा जाता है। लोपेज का कहना है कि इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें कोई दर्द या असुविधा महसूस नहीं होती। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से बातचीत में लोपेज ने कहा कि वे लोगों का मनोरंजन करना पसंद करते हैं और उनकी यह अनोखी कला दूसरों को एक अलग तरह का नजरिया देती है।

## ऑडी में बैठकर शख्स बेच रहा था दूध

सोशल मीडिया के इस दौर में अगर कोई आदमी कहे कि वह कमाने के लिए कुछ नहीं कर सकता है तो यह बात सरासर गलत है। इंटरनेट के इस जमाने में लोग रोजगार के लिए ऑनलाइन कपड़ों से लेकर घर के सामान तक बेच रहे हैं। वहीं, कई बच्चे कम उम्र में ही सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी बन गए हैं और हर महीने कमाई कर रहे हैं। रोजाना न्यूज में हमें यह देखने सुनने को मिलता है कि चाय बेचने से लेकर दूध बेचने वाले तक मोटी कमाई करके शानदार घर और गाड़ी ले रहे हैं। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक दूधिया साइकिल या बाइक पर दूध की डिलीवरी नहीं करता है, बल्कि ऑडी कार में घर-घर दूध पहुंचाने जाता है। इस वीडियो को देख लोग हैरान हो गए हैं और यह युवाओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वह गलत प्रोफेशन में हैं या कम कमा रहे हैं।



### ऑडी कार में बेचते हैं दूध

बता दें कि आज की डेट में अमित भड़ाना अपनी ऑडी कार में दूध घर-घर पहुंचाते हैं और उनकी यह कार लगभग एक करोड़ तक की है। उनकी यह दिलचस्प स्टोरी अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रही है। लोग उन्हें ?हार्ले वाला दूधिया? के नाम से भी बुलाने लगे हैं। अमित का कहना है कि गाड़ी चलाना मेरा पुराना शौक था और मैं इसे छोड़ नहीं सकता था। इसलिए मैंने इसे अपने बिजनेस के साथ मिला लिया। आज की डेट में मेरा बिजनेस भी टॉप पर चल रहा है।

### अमित ने बैंक नौकरी छोड़कर बेचा दूध

अमित भड़ाना का परिवार शुरू से ही दूध का कारोबार करता था। अमित इसी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचा और इसे अपनी आमदनी के साथ भी जोड़ने का फैसला किया। उन्होंने बाद में अपनी बैंक की नौकरी छोड़ दी और दूध के सप्लाई का काम फिर से शुरू कर दिया। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले एक हार्ले डेविडसन बाइक खरीदी, जिससे उनका काम भी पूरा हो गया और उनका शौक भी पूरा होने लगा। फिर जैसे-जैसे उनका बिजनेस बढ़ने लगा। वैसे-वैसे उन्होंने बाइक छोड़कर कार लेने का भी फैसला किया।

## जॉब

**जॉब पाने के लिए डिग्रियां होने की जरुरत नहीं**

# घर का काम करवाना है बस, सैलरी 84 लाख रुपए!

सोशल मीडिया पर नौकरी के एक पोस्ट की काफी चर्चा हो रही है। इस पोस्ट में जिस जॉब प्रोफाइल की बात की जा रही है, उसमें सेलेक्ट होने पर 84 लाख रुपये की सैलरी मिलेगी। खास बात ये है कि ये जॉब पाने के लिए डिग्रियां होने की जरुरत नहीं है, बस घर का काम करना आना चाहिए। अगर कोई घर का काम करना जानता है तो उसे 84 लाख रुपये की सैलरी वाली ये नौकरी मिल सकती है। ऐसे में जानते हैं कि आखिर इस नौकरी में क्या खास बात है और किस काम के लिए इतनी सैलरी दी जा रही है।



### दुबई की प्रीमियर डॉमेस्टिक स्टाफिंग

दरअसल, दुबई की एक रिक्रूटमेंट कंपनी ने एक जॉब पोस्ट किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि दो 'हाउस मैनेजर' के लिए उम्मीदवारों की तलाश है, जिन्हें दुबई और अबूधाबी में वीआईपी क्लाइंट्स के लिए काम करना होगा। इस काम के लिए 30 हजार एईडी यानी करीब 7 लाख रुपये हर महीने के दिए जाएंगे. नौकरी का ये पोस्ट दुबई की प्रीमियर डॉमेस्टिक स्टाफिंग और प्राइवेट रिक्रूटमेंट कंपनी रॉयल मेशन ने किया है। रॉयल मेशन ने अपने पोस्ट में लिखा है, 'जॉब ऑपार्च्युनिटी : फुल टाइम हाउस मैनेजर. तुरंत हायरिंग. हमें दुबई और अबू धाबी में वीआईपी लोगों के लिए दो हाउस मैनेजर की आवश्यकता है।' इस पोस्ट पर अब यूजर्स के बड़ी संख्या में कमेंट आ रहे हैं और उनका कहना है कि इस काम के लिए तो वो अपनी नौकरी छोड़ सकते हैं।

### क्या होगा काम?

चुने गए हाउस मैनेजर को घर के रोजमर्रा के काम की देखरेख करनी होगी, कर्मचारियों की देखरेख करनी होगी, मेंटेनेंस से कोर्डिनेशन रखना होगा, घर के बजट का मैनेजमेंट करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी काम सुचारू रुप से हो रहे हैं या नहीं। पोस्ट में ये भी कहा गया है कि "उम्मीदवारों के पास ऑर्गेनाइजेशनल स्किल,अलग-अलग कामों का प्राथमिकताओं से करवाने की क्षमता होनी चाहिए। इस पोस्ट के साथ ही एजेंसी ने एप्लीकेशन डिटेल भी शेयर की है, लेकिन उम्मीदवारों से "कॉल करने से बचने के लिए कहा है, क्योंकि अभी उन्हें काफी कॉल आ रहे हैं। बता दें कि इस एजेंसी को हाउसहोल्ड सर्विस की रिक्रूटमेंट के लिए जाना जाता है।

## मध्य प्रदेश के इस शहर को विदेशी पर्यटक ने बताया सिंगापुर



भारत में इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर कहा जाता है। लगातार सात सालों से स्वच्छता के मामले में इंदौर भारत में नंबर एक पर बना हुआ है। यहां की साफ-सुथरी सड़कें देखकर आपको लगेगा कि यह भारत का नहीं, बल्कि कोई विदेशी शहर है। शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इंदौर में 'कचरा कैफे' जैसी पहल की शुरुआत की गई है। यहां पर प्लास्टिक के बदले लोगों को खाना दिया जाता है। यहां पर आने वाले विदेशी पर्यटक शहर की सफाई देखकर हैरान हो जाते हैं। एक ऐसे ही यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पर्यटक के साथ हुआ। यूके के डेनियल पिंटो जब इंदौर घूमने के लिए पहुंचे, तो यहां की सफाई देखकर चौंक गए। उन्होंने शहर की सफाई को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।



### इंदौर की सफाई देखकर विदेशी हैरान

डेनियल एक व्लॉगर हैं। जब उन्होंने इंदौर की सफाई देखी, तो हैरान रह गए। उन्होंने शहर की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। अब यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि भारत के सबसे साफ शहर इंदौर में आपका स्वागत है। मैं ये सोचकर नहीं आया था कि यह शहर इतना साफ होगा, लेकिन यहां आकर तो ऐसा लगा जैसे मैं सिंगापुर में हूं।

### 1 किलो प्लास्टिक लाने पर मुफ्त खाना

डेनियल ने वीडियो में बताया है कि इंदौर में हर घर से कचरा उठाने की सुविधा है। 1,800 **CCTV** कैमरों से शहर में निगरानी की जाती है और यहां एक खास कचरा कैफे भी है, जहां 1 किलो प्लास्टिक लाने पर मुफ्त खाना दिया जाता है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट **@dnzh.travels** पर वीडियो को पोस्ट किया है। इस वीडियो को लाखों लोगों ने देखा है, तो वहीं खबर लिखे जाने तक 38 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे लाइक किया था।



# आप का सदस्यता अभियान प्रारंभ

**जबलपुर।** आम आदमी पार्टी का प्रादेशिक स्तर पर शुक्रवार से सदस्यता अभियान चालू हो गया है जिसमें कार्यकर्ता आमजन के बीच में पहुंचकर सदस्य बनाने का अभियान चलाएंगे। जबलपुर में कृषि उपज मंडी में मजदूर दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। मजदूरों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया, इसके बाद लेबर चौक यादव कालोनी में आम जनों को सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जबलपुर जोन के प्रदेश संगठन मंत्री एड रामकिशोर शिवहरे जिला अध्यक्ष रितेश सिंह जिला उपाध्यक्ष रतन गर्ग बृजेश चतुर्वेदी जगदीश माली चंद्रमणि वर्मा धर्मदास आचार्य जी किसान नेता अमरेश पटेल जिला प्रवक्ता टीएन त्रिपाठी मजदूर नेता घनश्याम चक्रवर्ती आरती ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## नर्मदा तटों पर होंगे स्नान, ध्यान और धार्मिक अनुष्ठान

# वैशाख माह की गंगा सप्तमी आज

**जबलपुर।** वैशाख माह की पुण्य गंगा सप्तमी तिथि आज 3 मई को मनाई जाएगी। इस दिन गंगा नदी सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान दान करने और भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने का पुण्य फल प्राप्त होता है। आज गंगा सप्तमी पर नर्मदा तटों पर स्नानार्थियों की भीड़ उमड़ेगी। वैशाख शुक्ल की सप्तमी को गंगा जी अवतरित हुई थी, इसलिए इसे गंगा सप्तमी के त्यौहार के रुप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन गंगा जी धरती पर आई थीं। स्कंद पुराण, वाल्मीकि रामायण आदि में गंगा की जन्म कथा का वर्णन मिलता है। गंगा नदी को हिन्दू धर्म में देवी का रूप माना जाता है। गंगा नदी के तट पर कई अलग-अलग तीर्थ स्थित हैं। गंगा नदी को भारत की सभी नदियों में सबसे पवित्र और पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। गंगाजल को अमृत के समान माना गया है। गंगा जी से कई त्योहारों का भी संबंध रहा है। मकर संक्रांति, कुंभ और गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा जी में स्नान



और प्रार्थना की जाती है।

### गंगा जी के जन्म की कथा

गंगा जी भक्ति और समर्पण के आकर्षण का केंद्र हैं। गंगा जी के महत्व और वैभव का वर्णन करते हुए उनके बारे में अनेक ग्रन्थ लिखे गए हैं। गंगा जी के विषय में अनेक किवदंतियाँ प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक कथा के अनुसार गंगा जी की उत्पत्ति भगवान विष्णु के पैरों के पसीने से हुई थी। यह भी कहा जाता है कि गंगा जी की उत्पत्ति भगवान ब्रह्मा के कमंडल से हुई थी। एक और कथा के अनुसार कहा जाता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार में बाली का वध किया तो भगवान ब्रह्मा ने भगवान विष्णु के चरण साफ किए और जल को अपने कमंडल में रख लिया। एक अन्य कथा के अनुसार, भगवान शिव ने भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और नारद मुनि के लिए एक गीत गाया था। भगवान विष्णु को पसीना आने लगा और भगवान ब्रह्मा ने इस पसीने को अपने कमंडल में रख लिया। कहा जाता है कि इसी कमंडल से गंगा जी की उत्पत्ति हुई थी।

### गंगा सप्तमी का महत्व

शास्त्रों के अनुसार गंगा जी वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन स्वर्ग लोक से भगवान शिव के केश में पहुंची थीं। इसलिए इस दिन को गंगा जयंती और गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। जिस दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई थी उसे गंगा जयंती के नाम से जाना जाता है। इसी प्रकार जिस दिन गंगा जी पृथ्वी पर पहुंची थीं उसे गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। पुराणों के अनुसार, गंगा जी की उत्पत्ति भगवान विष्णु के अंगूठे से राजा सगर जी के 60 हजार पुत्रों की राख को आशीर्वाद देने के लिए हुई थी, जो कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे। राजा सगर के उत्तराधिकारी भागीरथ ने गंगा जी की पूजा अर्चना की और उन्हें इस धरती पर लाए। इसलिए गंगा जी को भागीरथी के नाम से भी जाना जाता है।



# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुआ नया अनुबंध

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच कॉर्पोरेट सैलेरी पैकेज के तहत नया अनुबंध (एम.ओ.यू.) किया गया है। कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी की ओर से, मुख्य महाप्रबंधक (मा सं एवं प्रशा.) नीता राठौर एवं भारतीय स्टेट बैंक की ओर से उप महाप्रबंधक हरे राम सिंह के बीच अनुबंध किया गया। अनुबंध के दौरान बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक देवेश गोयल, सहायक महाप्रबंधक शैलेश चतुर्वेदी, नयागांव शाखा के मुख्य प्रबंधक चेतन शर्मा और कंपनी की ओर से मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, अति. मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) एस.के. गिरिया, महाप्रबंधक (स्थापना) आर.सी. साहू उपस्थित रहे। अनुबंध में वेतन के आधार पर सिल्वर, गोल्ड, डायमंड, प्लैटिनम एवं रोडियम श्रेणियों में बांटा गया है, श्रेणी के आधार पर खाताधारकों को निम्नलिखित सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। व्यक्तिगत मृत्यु/अपंगता होने की स्थिति में लाभ- समस्त श्रेणी के खाताधारकों को व्यक्तिगत सामान्य मृत्यु होने पर दस लाख एवं दुर्घटना मृत्यु होने पर एक करोड़, हवाई दुर्घटना में मृत्यु होने पर एक करोड़ साठ लाख, स्थायी अपंगता होने पर एक करोड़, स्थायी आंशिक अपंगता पर अस्सी लाख तक का बीमा का निःशुल्क लाभ मिलेगा।

**अब व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु होने पर एक करोड़ एवं सामान्य मृत्यु होने पर दस लाख रूपये का बीमा लाभ**



# पेंशनर्स ने पहलगाम हमले के विरोध में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को शाम 5.30 बजे जिले के पेंशनर्स पदाधिकारियों ने मालवीय चौक में एकत्रित होकर पहलगांव में हुए हमले के विरोध में नारेबाजी की, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये तथा निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के पदाधिकारियों ने देश के प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि भारत के साथ जैसी क्रूरतापूर्ण कार्यवाही की गई है उसी अनुसार आतंकवादियों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाए, म.प्र. के 5.5 लाख पेंशनर्स तथा उनके परिजनों ने पूरी तरह से केन्द्र शासन द्वारा की गई कार्यवाही का समर्थन किया है। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कलेक्टर नरसिंहपुर वेदप्रकाश शर्मा (आई.ए.एस.), एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पाण्डे, एम.एल. चौकसे, विजय चौकसे, राकेश श्रीवास्तव, सी.एल. दोहरे, शारदा प्रसाद शुक्ला, आर.के. अग्रवाल, श्रवण कुमार श्रोती, आनंद कुमार शुक्ला सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

### धनगर समाज महासंघ के चुनाव 4 मई को

**जबलपुर।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ जबलपुर महानगर की कार्यसमिति का चुनाव 04 मई दिन रविवार को अपरान्ह 04 बजे से कंट्रोल रूम कॉफी हाउस घंटाघर जबलपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित है, जिसमें महानगर की मुख्य कार्यसमिति एवं महिला विंग के पदाधिकारियों का आगामी तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से चयन होगा। सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति का आग्रह है।

# जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई करने एसपी से मिला प्रतिनिधि मंडल

**जबलपुर।**

रविदास समाज जबलपुर के महासचिव राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी कार्यालय जबलपुर में आवेदन दिया जिसमें गोहलपुर थाना अंतर्गत संजू चौधरी के साथ मारपीट, जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले एवं पूरे चौधरी समाज को गाली गलौज करने वाले व्यक्ति मोहन पंडित पर तुरंत एफईआर दर्ज करने संबंधी प्रतिनिधिमंडल ने एसपी कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से भेंट की और घटना से अवगत कराया तथा बताया कि 25/4/25 की घटना होने के बावजूद गोहलपुर टीआई द्वारा इस मामले की कोई जांच नहीं की गई और न ही एफ.आई.आर. दर्ज की गई। राजेंद्र चौधरी ने बताया कि यदि आज की तिथि में मोहन उर्फ राकेश पंडित पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो तीन मई 2025 को समाज एवं अन्य प्रतिनिधिमंडल संगठनों के साथ गोहलपुर थाने का घेराव किया जाएगा, इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। प्रतिनिधि मंडल में गोंडवाना संरक्षण के संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी, जिलाध्यक्ष अजय झारिया, जानकी चौधरी, अशोक चौधरी, रोशन चौधरी, मुकेश सतनामी, राहुल चौधरी, अंकुश चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# सनातन धर्म के प्राण है भगवान आदि शंकराचार्य : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में वैशाख शुक्ल के शुभ अवसर पर भगवत्पाद आदि शंकराचार्य पावन जयंती का आयोजन हुआ। भगवत्पाद आदि शंकराचार्य का पादुका पूजन किया गया। भगवान सदाशिव का रूद्राभिषेक किया गया एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानंद के परम सान्निध्य में धार्मिक संगोष्ठी आयोजित की गई। आदि शंकराचार्य प्रवचन माला में पूज्य श्री ने बताया कि भगवान आदि शंकराचार्य ने संस्कृत साहित्य को अत्यंत समृद्धशाली, प्रभावशाली बनाया तथा भारतीय दर्शन के सभी दर्शनों में अग्रगण्य सिद्ध करते पूरे विश्व में भगवान आदि शंकराचार्य अद्वैत दर्शन का सर्वत्र डंका बज रहा है। पूजन एवं संगोष्ठी में उपस्थित आचार्य वासुदेव शास्त्री, नर्मदा प्रसाद शास्त्री,भारत सिंह यादव, सच्चिदानन्द शेकटकर, आशुतोष दीक्षित, पं. राजीव, सुधांशु गुप्ता, ब्रजेश दुबे, मनोज आदि उपस्थित रहे।



# परशुराम धाम में उपनयन संस्कार, निःशुल्क परिचय सम्मेलन, विवाह संपन्न

**जबलपुर।**

परशुराम धाम ग्वारीघाट में उपनयन संस्कार, निःशुल्क परिचय सम्मेलन एवं वैदिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया। सत्यम कुशवाहा सविता कुशवाहा विधि विधान से ब्राह्मण समाज ने समरसता के भाव से अक्षय तृतीया को कन्यादान कर विवाह संपन्न कराया। वैदिक विधि विधान राजकुमार दुबे एवं जगतगुरु राघव देवाचार्य बटुक उपनयन संस्कार समाज एवं राष्ट्र के लिए एवं माता-पिता शिक्षा का प्रतीक है, सभी वेदों का ज्ञान होना समाज में सर्वश्रेष्ठ सेवा कर समाज को विधि विधान से धर्म संस्कृति से जोड़ना यही ब्राह्मण का प्रमुख कर्म है। 11 बटुकों ने उपनयन संस्कार एवं 24 युवक- युवतियों ने अपना परिचय दिया, केवल तीन परिवारों में विवाह की चर्चा हुई। कार्यक्रम में जगतगुरु राघव देवाचार्य ने कहा समाज राष्ट्र के लिए धर्म और संस्कृति का भाव है राष्ट्र को ही सर्वोपरि माना गया है। इसी परिपेक्ष में धनंजय वाजपेई ने कहा समाज सेवा जीवन को एक नया मार्ग दिखाती है। रावेंद्र तिवारी ने कहा धर्म संस्कृति हमारे जीवन धारा है। डॉ. अरुण मिश्रा ने कहा जियो और जीने दो हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है। कार्यक्रम में उपस्थित पंडित धनंजय बाजपेई, यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सुधाकर मिश्र, डॉ. अरुण मिश्रा, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, सार्थक शर्मा, सुधा मिश्रा, डॉ. स्वागतिकापति मीरा दुबे, जागृति शुक्ला, सुशील त्रिवेदी, अन्नपूर्णा बाजपेई, प्रीति बाजपेई, विष्णु शुक्ला, अमित बाजपेई, श्रेयांश बाजपेई, माधव पांडे, एआरएस पांडे आदि उपस्थित थे।



# महाकौशल कालेज प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी आईसीएचआर के सदस्य सचिव नियुक्त

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी का चयन भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) दिल्ली में सदस्य सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। यह देश का प्रतिष्ठित संस्थान है। इस संस्थान में डॉ. अलकेश चतुर्वेदी प्रदेश के दूसरे व्यक्ति है जो इस पद पर आसीन होगें।

डॉ. अलकेश चतुर्वेदी की नियुक्ति पर महाविद्यालय के प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. नरेन्द्र शुक्ला, डॉ. रवीश तमन्ना, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. भावना तिवारी के साथ प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुये हर्ष व्यक्त किया।





# जीआरपी ने की चालानी कार्यवाही

**जबलपुर।** रेलवे जीआरपी थाना पुलिस ने 02 मई को प्लेटफार्म क्रमांक 01 और 06 के बाहर चालानी कार्यवाही करते हुए बिना नम्बर वाहनों, तीन सवारी वाहन चालकों तथा नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान जीआरपी एसआई संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, आरक्षक गोपाल सिंह, कौशल तिवारी, उमेश चौरे, पुष्पेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों के प्रमोशन शीघ्र प्रारंभ किए जाएं

## प्रमोशन की आस में कर्मचारी हो रहे सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश में विगत 8 वर्षों से उच्चतम न्यायालय में प्रकरण लंबित होने की वजह से पदोन्नति प्रक्रिया बंद है जिससे हजारों कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हैं और हजारों कर्मचारी बिना पदोन्नत हुए सेवा निवृत्त होते जा रहे हैं, पदोन्नति नहीं होने से कर्मचारियों को आर्थिक हानि के साथ मानसिक पीड़ा भी हो रही है। संघ ने बताया कि इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, विनोद सिंह, राम प्रसाद दुबे, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है।

# साइंस ऑफ हैप्पीनेस पर हुआ कार्यक्रम

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 29 अप्रेल को रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस द्वारा साइंस ऑफ हैप्पीनेस पर एक दिवसीय कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस की फैकल्टी ईशमीत कौर एवं मुख्य वक्ता के रूप में रेखी सेंटर USA की माइंड लैब रिसर्च एण्ड इंप्लीमेंटेशन की कंसल्टेंट आर्ची बनर्जी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रवीण मानकर मंचासीन रहे। प्राचार्य ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि साइंस ऑफ हैप्पीनेस केवल एक विषय नहीं है, यह जीवन जीने की एक कला है जो हमें यह सिखाता है कि हमारी खुशी बाहरी वस्तुओं से नहीं, बल्कि हमारे दृष्टकोण, सोच और जीवनशैली से जुड़ी होती है, अतः हम सब इस वैज्ञानिक सोच को अपनाकर अपने जीवन को खुशहाल, संतुलित एवं अर्थपूर्ण बनाएं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिखा पाराशर, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे आदि का सहयोग रहा।

# पराक्रम फाउंडेशन की चतुर्थ राष्ट्रीय वार्षिक बैठक सम्पन्न

## राष्ट्रीय विचारों के संवर्धन में 'मेकिंग इंडिया फोर्स' के रूप में उभर रही संस्था : डॉ. पवन तिवारी

**जबलपुर।**

पराक्रम फाउंडेशन की चतुर्थ राष्ट्रीय वार्षिक बैठक का आयोजन जबलपुर में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन संस्था के अब तक के कार्यों की समीक्षा, आगामी योजनाओं के निर्धारण तथा राष्ट्रीय विचारों के प्रसार में उसकी भूमिका पर विमर्श हेतु आयोजित किया गया था।

बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्रीकांत नामदेव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं संस्था के मार्गदर्शक डॉ. पवन तिवारी तथा फाउंडेशन के सचिव प्रताप आदित्य बोस की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

'पराक्रम वार्षिक वृत्त' (वार्षिक स्मारिका) का औपचारिक विमोचन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. पवन तिवारी ने पराक्रम फाउंडेशन को 'मेकिंग इंडिया फोर्स' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि यह संस्था उन शक्तियों का प्रभाव निष्प्रभावी कर रही है जो भारत को 'ब्रेकिंग इंडिया' की दिशा में ले जाने का प्रयास करती हैं। पराक्रम फाउंडेशन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सेवा और समाजोत्थान की चेतना का संचार कर रही है, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ. पवन स्थापक, डॉ. वाणी अहलूवालिया, डॉ. अंकित पांडेय, वासु शुक्ला, अशोक पांडेय, अम्बुज द्विवेदी, रावेंद्र सिंह, योगेंद्र भरद्वाज सहित संस्था के अनेक सक्रिय सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों ने आगामी वर्ष में और अधिक प्रभावी रूप से सामाजिक एवं राष्ट्रीय सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।




**CHANGE OF NAME**

1. I, **Bandana Davi** is legally wedded spouse of No. **6947300N,** Rank- **HAV,** Name- **Awadesh Kumar,** presently residing at Vill. - **Malaq,** PO- **Dilkhusha,** Teh. - **Sarojini Nagar,** Dist- **Lucknow,** State- **UP,** PIN- **226002** do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:- **(a)** That, I have changed my name from **Vandana Devi** to **Bandana Devi** due to **07th May 1985** (in words) **(Seven May Nineteen Eighty Five). (b)** That, I am producing this affidavit for the purpose of evidence for my name. **(c)** That, both Names **Vandana Devi** to **Bandana Devi** pertains to one and the same person. **(d)** That, I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only **Bandana Devi. (e)** That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं लोकेश कुमार श्रीवास्तव पिता श्री रमेशचंद श्रीवास्तव निवासी- रामपुर एफ सी आई गोदाम जबलपुर का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा नाम पासपोर्ट में लोकेश श्रीवास्तव था जिसे बदलकर नये पासपोर्ट में मैने लोकेश कुमार श्रीवास्तव करवा लिया है। अतः आगे से अब मुझे लोकेश कुमार श्रीवास्तव से जाना पहचाना जावे।

**नया नाम**
**लोकेश कुमार श्रीवास्तव**
**पुराना नाम**
**लोकेश श्रीवास्तव**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **SAVITA YADAV** M/o Army No **13770957H** Rank **HAV** Name **NITIN KUMAR OF UNIT 5 JAK RIF** presently, residing at **H NO. 14/27, BAGDI MOHALLA, SANJAY GANDHI NAGAR, SADAR, CANTT, JABALPUR (MP)** declare that my name and my date of birth mistakenly recorded in my son service documents as **SAVITA BAI** and date of birth **10/06/1968** which is incorrect my correct name **SAVITA YADAV** and correct date of birth **01/01/1963** as per my **AADHAR CARD AND OTHER DOCUMENTS** Now I am applying for correction objection if any may convey to concerned authority vide affidavit dated **02/05/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **VINOD YADAV** F/o Army No **13770957H** Rank **HAV** Name **NITIN KUMAR OF UNIT 5 JAK RIF** presently, residing at **H NO. 14/27, BAGDI MOHALLA, SANJAY GANDHI NAGAR, SADAR, CANTT, JABALPUR (MP)** declare that my name and my date of birth mistakenly recorded in my son service documents as **VINOD KUMAR** and date of birth **10/06/1957** which is incorrect my correct name **VINOD YADAV** and correct date of birth **01/01/1959** as per my **AADHAR CARD AND OTHER DOCUMENTS** Now I am applying for correction objection if any may convey to concerned authority vide affidavit dated **02/05/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं राजा राम केवट उम्र 51 वर्ष, पिता श्री ब्रज लाल केवट, निवासी- ब - 1, प्रोफेसर कॉलोनी, सुहागी, जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि :-1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि, डाक घर बचत बैंक रेजीमेंट पोस्ट ऑफिस, जबलपुर, म.प्र. में मेरी पुत्री व मेरे नाम से संयुक्त खाता खुला हुआ है जिसका खाता क्र....है 3. यह कि, उपरोक्त खाते में त्रुटिवश मेरी पुत्री का घर का नाम कु. परी केवट पिता राजाराम दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। 4. यह कि, मेरी पुत्री का सही नाम वैष्णवी केवट पिता राजा राम केवट है और यही नाम मेरी पुत्री के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि, उपरोक्त खाते में मेरी पुत्री का सही नाम वैष्णवी केवट पिता राजा राम केवट दर्ज कर पढ़ा व लिखा जाए एवं यही नाम समझा जाए।

# सरकार जल्द ही जारी करेगी आईएएस अफसरों के तबादलों की सूची, मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलने के बाद होगी जारी

## 30 जून को सागर संभागायुक्त रावत रिटायर होंगे

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

इस वर्ष 2025 में कई आईएएस अफसर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबलपुर संभागायुक्त अभय कुमार वर्मा एक दिन पहले 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए। यहां जल्दी ही किसी आईएएस अफसर की नियुक्ति कर दी जाएगी। राज्य सरकार ने तबादलों की सूची तैयार कर ली है।

जल्दी ही यह सूची जारी कर दी जाएगी। इसी तरह 31 मई को दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन और 30 जून को सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत भी रिटायर हो जाएंगे।

### मई को दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन सेवानिवृत्त होंगे




### एसीएस प्रमुख सचिव सचिव के भी होंगे तबादले

जीएडी सूत्रों के अनुसार जल्द ही कुछ अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसर भी इधर से उधर होंगे। इसके लिए सरकार की प्राथमिकता वाले कामों पर तेजी से काम करने वाले कुछ और अफसरों को मौका दिया जा सकता है। कई अधिकारियों के पास ज्यादा काम है, उनके कामों में बदलाव कर नई जिम्मेदारी देने की तैयारी भी शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार पंचायत और ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, महिला और बाल विकास विभाग में अफसरों को इधर से उधर किया जाएगा।

### जबलपुर संभागायुक्त वर्मा 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए

*जबलपुर संभागायुक्त वर्मा 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद अब जबलपुर संभागायुक्त के पद के लिए सचिव स्तर के अधिकारी की पोस्टिंग होना है। प्रदेश के बड़े संभागों में शामिल जबलपुर आयुक्त बनने के लिए आईएएस अफसरों में लॉबिंग शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही इसी सप्ताह किसी अधिकारी की पदस्थापना जबलपुर संभागायुक्त के पद पर कर दी जाएगी।*

### मार्टिन की जगह किसी आईएएस अफसर की होगी नियुक्ति

*इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की अपर सचिव शैलबाला मार्टिन भी 30 अप्रैल को रिटायर हो गई हैं। इसके बाद 31 मई को दतिया कलेक्टर मॉकिन का रिटायरमेंट है। इसलिए दतिया समेत कुछ अन्य जिलों के कलेक्टरों को बदला जा सकता है। वहीं सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत का रिटायरमेंट जून में होना है। इसके साथ ही कई और जिलों के कलेक्टरों को भी बदला जा सकता है। ऐसे अफसरों की सूची बन रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश के कई ऐसे जिले हैं, जहां के कलेक्टरों का परफारमेंस ठीक नहीं है। संगठन के तौर पर उनकी शिकायतें हो रही है।*

नशे में था कार चालक, रांग साइड पर था वाहन

# सड़क हादसे में पति-पत्नी और मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा जिला के सीतापुर में एनएच 43 पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार पति-पत्नी और उनके तीन महीने के बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में कार चालक और उसमें सवार लोगों को भी चोट आई है।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, सीतापुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे 43 में बिशुनपुर के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी दी। इस हादसे में



सुनील लकड़ा व उसकी पत्नी अस्मतिया और उसके 3 माह के बच्चे की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक दंपती अपने बच्चे के निमोनिया के इलाज के लिए अंबिकापुर आ रहे थे। कार की टक्कर के बाद तीनों उछलकर अलग-अलग दिशा में जा गिरे। जिसके कारण उन्हें गंभीर चोट पहुंची और मौके पर ही तीनों की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### मजदूरों का पैर धोकर साफा बांधकर सम्मान

**भोपाल।** श्रमिक दिवस पर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में श्रमिक सम्मान के अंतर्गत कार्यक्रम किए। नीमच में भी मजदूरों के पैर धोकर साफा बांधकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान आप प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में देश के इस महत्वपूर्ण अंग अर्थात श्रमिकों के लिए कहीं पर भी बैठने की छायादार स्थान, पानी की व्यवस्था, रेन बसेरा, टॉयलेट जैसी मूलभूत व्यवस्था भी प्रदेश में उपलब्ध नहीं है। हम आज इस अवसर पाए संकल्प लेते है की आम आदमी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनते ही हम इन सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे।

### जाति जनगणना तेलंगाना मॉडल पर कराएं : पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि जाति जनगणना कराने का फैसला देर आए दुरुस्त आए की तरह है। यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से मांग करते रहे हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारा पीएम से आग्रह है कि केंद्र सरकार तेलंगाना और कर्नाटक की तर्ज पर जातीय जनगणना कराएं। यह मॉडल सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि 1992 से कांग्रेस पिछड़े वर्ग को उसका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# हरसूद को नए अस्पताल, स्कूल और सिंचाई परियोजना की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के जनजातीय वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप जनजातीय भाई-बहनों के समग्र कल्याण के लिए पेसा नियमों को ध्यान में रखते हुए जनजातीय क्षेत्रों के विकास को और अधिक गति दी जा रही है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में बसे जनजातीय परिवारों को भी केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं जैसे पक्का मकान, निःशुल्क राशन और आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को खंडवा जिले के हरसूद में तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गरीब और जरूरतमंद के बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए हमारी सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देकर प्रोत्साहित कर रही है। तेंदूपत्ता के शासकीय मूल्य में 1000 रुपए प्रति मानक बोरा की वृद्धि कर इसे 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। प्रदेश में अभी 15 हजार वन समितियां हैं। जनजातीय समुदाय को स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां निरापद रूप से सर्वाधिक सक्षम हैं।

सीएम ने बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी का किया वितरण

हरसूद में वन समितियों एवं जनजातीय सम्मेलन का आयोजन



### प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बुजुर्गों को आधुनिक जादू की छड़ी मिली है। प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार समृद्ध, सशक्त और विकसित मप्र बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेतों को सिंचित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सिंचाई का रकबा बढ़ने से सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।*

### जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागी हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी (स्टिक) का वितरण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पात्रतानुसार हितलाभ के चेक, ई-रिक्शा प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने स्कूल, अस्पताल जैसे विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। उन्होंने हरसूद में जल संरक्षण के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के उद्देश्य विषय पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरसूद को विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 20 करोड़ की लागत की नया अस्पताल, सांदिपनि आदर्श विद्यालय, 45 करोड़ की लागत से नई सिंचाई परियोजना शामिल है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, मंत्री डॉ. विजय शाह, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

### नई औद्योगिक क्रांति से संवरेगा मध्य प्रदेश के युवाओं का भविष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां सबसे ज्यादा टाइगर हैं। देश में चीता भी मप्र में ही हैं। सरकार वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर पर्यटन रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)- 2025 प्रदेश में औद्योगीकरण की नई शुरुआत है, जिसमें 30 लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में जुटी मप्र सरकार : उइके

केंद्रीय राज्यमंत्री उइके ने कहा कि मप्र में 70 आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में जुटी है। प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व से मध्यप्रदेश अब स्वर्णिम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में जनजातीय समाज के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। कार्यक्रम को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने भी संबोधित किया।

## एक दर्जन नक्सलियों ने वाहनों को भी फूंका



# नक्सलियों की कायराना करतूत बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर दहशत फैलाने की कोशिश की है। यहां के छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा से लगे ओरसापाठ में नक्सलियों ने जमकर तांडव मचाया है। करीब 10 से 12 की संख्या में झारखंड से आये नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी को पहले घर से बाहर ले जाकर जमकर पीटा। इसके बाद बड़ी ही बेरहमीसे मुंह में गोली मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं नक्सलियों ने दो वाहनों को भी फूंक दिया है। घटना छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर से लगे महुआडांड थाने क्षेत्र के तहत ओरसापाठ की है। घटना के बाद बलरामपुर पुलिस अलर्ट मोड पर है। इस मामले में झारखंड पुलिस जांच में जुटी है। नक्सलियों के आहट से एक बार फिर से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। आशंका जताई जा रही है कि नक्सलियों ने लेवी वसूली के लिए इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि करीब 10 से 12 नक्सलियों ने मुंशी अयूब अंसारी (60) को पहले घर से उठाया। फिर कुछ दूर ले जाकर उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद बड़े ही बेदर्दी मुंह में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

### पहले पीटा, फिर मुंह में गोली मारी

बता दें कि छत्तीसगढ़ की सीमा से झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ ब्लॉक का ओरसापाठ गांव लगा हुआ है। नक्सली सबसे पहले ओरसापाठ से अंबाकोना तक निर्माणाधीन सड़क पर पहुंचे। यहां ग्रामीण कार्य विभाग के निर्माण स्थल पर वाहन खड़ा कर डीजल निकाला। इसके बाद एक्सीवेटर और ग्रेडर मशीन में आग लगा दी। यहां 50 करोड़ की लागत से मेढ़ारी से ओरसापाठ तक बन रही सड़क में मुंशी का काम कर रहे गांव के ही अयूब खान (60) को नक्सलियों ने घर से उठाया।




### शराब के पैसों के लिए अड़ीबाजी महिला की पीट-पीटकर हत्या

**हरिभूमि न्यूजःकोरबा।** श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब छिरकुट गांव निवासी इतवारी बाई (55) को धोबिराम मंझवार (23) ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने हत्या इसलिए की क्योंकि वह शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था।

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।



### टीकेएम ने इनोवा हाईक्रॉस पेश किया

**जबलपुर।** अपने ग्राहक.प्रथम पर कायम रहते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा हाइक्रॉस के एक्सक्लूसिव एडिशर्न जेड एक्स (ओ) ग्रेड में उपलब्ध होने और लॉन्च किये जाने की घोषणा की। देश भर में एक लाख से ज़्यादा ग्राहकों में भरोसेमंद, इनोवा हाईक्रॉस ग्लैमर की अपनी असाधारण भावना और कार्यकुशलता के साथ लगातार प्रभावित कर रही है। हर यात्रा को स्टीयरिंग व्हील के पीछे बैठे व्यक्ति की तरह विशिष्ट बनाने के लिए तैयार, इनोवा हाईक्रॉस एक्सक्लूसिव एडिशर्न जेड एक्स (ओ) मई 2025 से जुलाई 2025 तक दो रंगों. सुपर व्हाइट और पर्ल व्हाइट में सीमित मात्रा में उपलब्ध होगा।

## जूडा ने किया डीएमई डॉ. अरूणा कुमार का विरोध

# डॉ. अरुणा कुमार को बनाया डीएमई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नेशनल हेल्थ मिशन में संचालक के पद पर पदस्थ डॉ. अरुणा कुमार को शासन ने संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) के पद का प्रभार सौंपा है। यह पद डॉ. एके श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद रिक्त था। डॉ. एके श्रीवास्तव 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए हैं।

उनके रिटायरमेंट के बाद शासन ने एक मई को आदेश जारी करते हुए डॉ. अरुणा कुमार को संचालक चिकित्सा शिक्षा का कार्यभार भी सौंप दिया है। बता दें कि डॉ. अरुणा कुमार गांधी मेडिकल कॉलेज में गायनिक विभाग की एचओडी और जीएमसी डीन रह चुकी हैं। कुछ समय पहले शासन ने उनकी पदस्थापना एनएचएम में बतौर संचालक की थी। अब वह डीएमई का कार्यभार भी संभालेंगी।

### जूडा शासन को पत्र लिख निर्णय वापस लेने की मांग करेगा


*डायरेक्टर ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) के पर पदस्थ की गई डॉ. अरूणा कुमार का विरोध शुरू हो गया है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) ने इस नियुक्ति पर गंभीर आपत्ति जताते हुए शासन को पत्र सौंपा है और इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। पत्र में जूनियर डाक्टरों ने आरोप लगाया है कि डॉ. अरूणा कुमार की पूर्व कार्यशैली विवादास्पद रही है और उनके कार्यक्रमों में तानाशाही व प्रशासनिक अव्यवस्था देखने को मिली है। जूडा अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने बताया कि इस पद पर किसी निष्पक्ष, योग्य और छात्रहित में कार्य करने वाले अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए थी। डॉ. अरूणा कुमार की नियुक्ति को निरस्त कर पुनः विचार किया जाए और एक योग्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए।*

### उचित वेतन के लिए अंशकालीन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पोस्टकार्ड

**हरिभूमि न्यूजःभोपाल।** गुरूवार को मजदूर दिवस के अवसर पर अंशकालीन कर्मचारियों ने खून से अपनी मांगों का मांगपत्र लिखकर मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड किया है। खून से पोस्टकार्ड लिखने वालों में मंगल सिंह गंधवानी, आदित्य सिसोदिया, चंपा वारटी, जयंती उईके, प्रमिला धुर्वे, लीला चौहान, सीता नायक, राम प्रसाद आदि शामिल थे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के 50 हजार अंशकालीन कर्मचारियों को 10 साल की सेवा पूर्ण होने के बावजूद भी कलेक्टर दर का वेतन नहीं दिया जा रहा है। आठ घंटे सेवा करने के बाद भी मात्र पांच हजार वेतन प्रतिमाह अंशकालीन कर्मचारियों को दिया जा रहा है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5855



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली - 5854 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5865

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5864 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

वेव्स समिट 2025

# हॉलीवुड नहीं जाएंगी करीना बोलीं- 'भटिंडा की सिखनी हूं'



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में कई स्टार्स हैं जिन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया है। तो वहीं कई ऐसे भी हैं जो हॉलीवुड में काम करने की इच्छा जता चुके हैं। हालांकि, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर का ऐसा कहना है कि वो बॉलीवुड में काम करके खुश हैं और उन्हें हिंदी गानों पर डांस करने में बहुत मजा आता है। करीना कपूर ने ये बातें मुंबई में चल रहे वेव्स समिट 2025 में हिस्सी लेने के दौरान कहीं। चार दिवसीय वेव्स समिट के दूसरे दिन अभिनेत्री करीना कपूर भी इस इवेंट का हिस्सा बनीं और उन्होंने कई मुद्दों पर बात करते हुए अपनी राय रखी।


अभिनेत्री के साथ करण जौहर ने चर्चा की, जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। इस दौरान करण जौहर ने करीना कपूर को 'कॉफी विद करण' में उनके द्वारा बॉलीवुड कलाकारों के हॉलीवुड में काम करने पर दिए गए बयान को दोहराया और उससे जुड़ा सवाल किया। करीना ने शो में कहा था कि 'सब बस पकड़-पकड़ के हॉलीवुड जा रहे हैं।' उनके इस बयान को याद दिलाते हुए करण ने वेव्स में करीना से हॉलीवुड की योजनाओं के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए करीना ने कहा, "मैं तो यहीं पे हूं। मैं अपनी भारतीय फिल्मों और अभिनय से बहुत खुश हूं। बड़ा मजा आता है हमारे हिंदी फिल्मी गानों पर डांस करने में। बड़ा मजा आता है हिंदी डायलॉग बोलने में। भटिंडा की सिखनी हूं भाई।"

### हर लड़की को बोलना चाहिए 'मैं अपनी फेवरेट हूं'

*आगे करण जौहर ने करीना के 'जब वी मेट' के मशहूर डायलॉग 'मैं अपनी फेवरेट हूं' को लेकर बात की। जिस पर करीना ने कहा, 'यह लाइन हर महिला को खुद से प्यार करने की याद दिलाती है। ये लाइन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि हर लड़की, हर महिला को हमेशा यह लाइन बोलनी चाहिए कि मैं अपनी फेवरेट हूं बॉस। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी बात है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार पिछले साल दीपावली पर आई रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। करीना अब अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं।*

## वेव्स इवेंट से फिल्म इंडस्ट्री को होगा फायदा

### हमें और अधिक थिएटर्स खोलने की जरूरत



**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान का मानना है कि भारत को और अधिक थिएटरों में इन्वेस्ट करने की बहुत जरूरत है। वेव्स समिट समिट 2025 के दूसरे दिन 'स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिंग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप' विषय पर बोलते हुए आमिर खान ने यह बात कही। साथ ही अभिनेता ने कहा कि भारत एक फिल्म प्रेमी देश है, लेकिन इसके अधिकांश लोगों की सिनेमा तक पहुंच नहीं है। वेव्स समिट के दूसरे दिन बोलते हुए आमिर खान ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें भारत में और अधिक विभिन्न प्रकार के थिएटर की जरूरत है। देश में ऐसे जिले और कई बड़े क्षेत्र हैं, जहां एक भी थिएटर नहीं है। मुझे लगता है कि बीते दशकों में हमने जो भी परेशानियां झेली हैं, वे अधिक स्क्रीन होने के बारे में हैं। मेरा मानना है कि हमें इसी में इन्वेस्ट करना चाहिए। भारत में बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं, लेकिन यह तभी पूरी हो सकती हैं, जब आपके पास देश भर में अधिक स्क्रीन हों। अगर ऐसा नहीं है, तो लोग फिल्में नहीं देखेंगे।'

#### अमेरिका और चीन से हैं पीछे

आगे आंकड़ों पर बात करते हुए एक्टर ने कहा, "सिनेमा स्क्रीन की संख्या के मामले में भारत अमेरिका और चीन से बहुत पीछे है। देश की क्षमता और यहां रहने वाले लोगों की संख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत कम थिएटर हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास लगभग 10,000 स्क्रीन हैं। अमेरिका में जिसकी आबादी भारत की एक तिहाई है, उनके पास 40,000 स्क्रीन हैं। इसलिए वे हमसे बहुत आगे हैं। जबकि चीन में 90,000 स्क्रीन हैं।

**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे इन दिनों वेव्स समिट में पहुंच रहे हैं। साउथ एक्टर कार्ति भी इस इवेंट में शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए कार्ति ने वेव्स समिट कराने को लेकर सरकार की तारीफ की। एक्टर का मानना है कि इस समिट से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा होगा। सिनेमा को एक इंडस्ट्री का दर्जा हासिल होगा, जिससे एक्टर्स, डिस्ट्रिब्यूटर को मदद मिलेगी। कार्ति कहते हैं, 'एक मंच पर क्रिएटर, एक्टर्स को लाना अच्छी पहल है। मुझे उम्मीद है कि ये इवेंट हर साल जारी रहेगा। इससे फिल्म, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा, बढ़ावा मिलेगा। एक बार जब सरकार सिनेमा को इंडस्ट्री का दर्जा देगी तो मुझे उम्मीद है कि सिनेमाघरों के लिए टैक्स पॉलिसी, परमिशन पॉलिसी बनाई जाएंगी, यह काम फिर काफी आसान हो जाएगा।'



#### नागार्जुन ने पहल को सराहा

कार्ति के अलावा वेव्स समिट में साउथ एक्टर नागार्जुन भी पहुंचे थे। एएनआई से ही की गई बातचीत में नागार्जुन कहते हैं, 'मुझे इस समिट का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह इवेंटर फिल्म-मीडिया इंडस्ट्री के लिए भारत सरकार की एक बेहतरीन पहल है।'

#### सिंगर बादशाह ने बड़ा कदम बताया

सिंगर-रैपर बादशाह ने भी वेव्स समिट को लेकर कहा, 'मुझे यकीन है कि यह पीएम मोदी की प्राथमिकताओं में से एक है। मैं इसमें लोगों की दिलचस्पी देख सकता हूं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में बॉलीवुड के अलावा भारत को एक सॉफ्ट पावर की तरफ एक बड़ा कदम है।'

## श्रद्धा ने एडम मोसेरी का मुंह कराया मीठा, खिलाई घर पर बनी पूरन पोली



**मुंबई।** 'वेव्स 2025' का आगाज 1 मई को हो गया है। इस समिट में सिनेमा की दुनिया की कई दिग्गज हस्तियां शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन आमिर खान और करीना कपूर खान के बाद, श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी के साथ बातचीत की। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने मोसेरी के साथ जेन जेड कंटेंट का उपभोग कैसे करते हैं विषय पर चर्चा की। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने एडम मोसेरी का स्वागत पूरन पोली खिलाकर किया। सत्र शुरू होने से पहले अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी का स्वागत किया। अभिनेत्री उनके लिए घर का बना पूरन पोली लेकर आईं। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि आप फैंसी जगहों पर खाना खा रहे हैं और आपने भारतीय भोजन का स्वाद चखा है। मैं चाहती हूं कि आप यह महाराष्ट्रीयन मिठाई आजमाएं जिसे पूरन पोली कहा जाता है। यह मेरे घर पर बनी है।' इसके बाद एडम

#### रणवीर दीपिका के साथ किया डिनर

इससे पहले एडम मोसेरी ने बॉलीवुड के पॉवर कपल कहे जाने वाले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ बुधवार की शाम डिनर किया था। वह रणवीर-दीपिका के साथ मुंबई के एक रेस्तरां में एक साथ नजर आए थे। मोसेरी ने इंस्टाग्राम पर डिनर आउटिंग की एक सेल्फी भी शेयर की थी। तस्वीर को कैप्शन देते हुए मोसेरी ने लिखा था, 'मुझे आज शाम बॉम्बे में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जैसे पावर कपल से मिलने का मौका मिला साथ ही कुछ बेहतरीन खाने का मजा लिया।'

## लाइका ग्रुप और महावीर जैन फिल्म्स ने किया बड़ा ऐलान, वैश्विक स्तर की बनाएंगे नौ फिल्में



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेव्स 2025' के विजन से प्रेरित होकर लाइका ग्रुप (यूके-यूरोप) और महावीर जैन फिल्म्स ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों ने मिलकर अगले दो-तीन साल में नौ ऐसी फिल्में बनाने का ऐलान किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और कहानियों को दुनिया तक पहुंचाएंगी। यह साझेदारी 'वेव्स' समिट की पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण का केंद्र बनाना है। लाइका प्रोडक्शंस को रजनीकांत की 'रोबोट 2.0' और मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेल्वन' फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है। अब यह प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर नई कहानियां गढ़ेगा। महावीर जैन फिल्म्स ने 'ऊंचाई' जैसी फिल्म के साथ अपनी पहचान बनाई है। यह अब कार्तिक आर्यन की 'नागजिला', विक्रांत मैसी अभिनीत श्री श्री रविशंकर की बायोपिक, इम्तियाज अली के साथ दोस्ती पर आधारित फिल्म और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद की बायोपिक जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। 'वेव्स' समिट में लाइका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अल्लिराजा सुबास्करन और महावीर जैन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### टीवी मसाला



## एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' में दिखाई गंदगी

मुंबई। ओटीटी पर दिखाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर अक्सर विवाद होता है और सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। अब ऐसे ही एक अश्लील कंटेंट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' का एक अश्लील सीन वाला क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके खिलाफ यूजर्स समेत प्रियंका चतुर्वेदी ने भी आवाज उठाई है। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को संसदीय स्थायी समिति के समक्ष उठाया है और जवाब का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने स्थायी समिति में यह मुद्दा उठाया है कि उल्लू ऐप और ऑल्ट बालाजी जैसे ऐप अश्लील सामग्री के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से बच निकलने में कामयाब रहे हैं। मैं अभी भी उनके जवाब का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा कि 14 मार्च, 2024 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया था, जो अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट स्ट्रीम करते पाए गए थे। सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए एप मुख्य रूप से अश्लील सामग्री वितरित करने वाले प्लेटफॉर्म थे।

### आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर अभिनेत्री ने पैपराजी को लताड़ा


मुंबई। मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली को हाल ही में मुंबई की सड़कों पर वॉर्डरोब मालफंक्शन का सामना करना पड़ा। इसके बाद अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा शेयर कर दिया गया।



इसकी आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहने वाले ट्रोल्स को करारा जवाब भी दिया है। उनका साथ 'पुष्पा 2' फेम अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया। आंचल ने वीडियो शेयर करने के लिए एडमिन की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया। अभिनेत्री हुनर हाली ने बताया कि वीडियो उनकी सहमति के बिना शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'यह एक मानवीय चीज है, डेली लाइफ में होने वाली घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति। मेरी सहमति के बिना इस तरह के वीडियो को कैप्चर करना और अपलोड करना, सनसनीखेज बनाने के लिए इसका फायदा उठाना और मेरे शरीर पर अनुचित तरीके से ध्यान केंद्रित करना पैपराजी का व्यक्तिगत निर्णय था।' अभिनेत्री ने कहा, एक अजीब सी गलती थी।

## 'रेड 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा द भूतनी से आगे निकली थंडरबोल्ट्स

**मुंबई।** गुरुवार 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। यह फिल्म अजय देवगन की साल 2018 में आई 'रेड' की सीक्वल है। 'रेड 2' ने पहले दिन अच्छा-खासा कलेक्शन किया है। इसके साथ ही संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' भी रिलीज हुई, लेकिन फिल्म ने पहले दिन ही निराश कर दिया। कमाई के मामले में यह लाखों के आंकड़े में ही रह गई। 'द भूतनी' से बेहतर एमसीयू की 'थंडरबोल्ट्स' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। दूसरी ओर 'केसरी 2' ने भी अपने पांव जमाए रखे हैं।



*रेड 2 : अजय देवगन ने 'रेड 2' से दमदार वापसी की है। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। इस साल की शुरुआत में अजय देवगन 'आजाद' में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी। इस फिल्म से उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू भी किया है। गुरुवार को 'रेड 2' ने बॉक्स ऑफिस से 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।*

**द भूतनी:** अजय देवगन की 'रेड 2' का सामना करने के लिए संजय दत्त की 'द भूतनी' सिनेमाघरों में उतरी थी, लेकिन यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। बावजूद इसके फिल्म की कमाई का आंकड़ा लाखों में ही रहा। ओपनिंग डे पर फिल्म ने महज 65 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

#### थंडरबोल्ट्स

एमसीयू की हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

#### केसरी 2

इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पांव जमा रखे हैं। फिल्म की कमाई में गिरावट तो आई है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नई फिल्मों के आने से उस पर कुछ खास असर पड़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। फिल्म ने गुरुवार को 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 74.75 करोड़ रुपए हो गई है।

## 44 की उम्र में कपूर खानदान की बेटी की बॉलीवुड में एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक और स्टारकिड की एंट्री होने जा रही है। वो भी बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्मी घराने से। जी हां, सही सुना आपने कपूर खानदान से अब एक और इंसान फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर के बाद कपूर खानदान से पहली बार कोई एक्ट्रेस के तौर पर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहा है। ऋषि कपूर और और नीतू कपूर की बेटी और रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा साहनी अपने ओटीटी डेब्यू के बाद अब फिल्मों में एंट्री करने जा रही हैं।



इसका खुलासा खुद रिद्धिमा ने किया है। रिद्धिमा कपूर ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया और अपने फिल्मी डेब्यू के बारे में जानकारी दी। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी न देते हुए रिद्धिमा ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग जून तक पहाड़ों पर होगी। मैं और पूरी फैमिली इसके लिए काफी उत्साहित है। मैं शूटिंग के दौरान मां के साथ रही और हमने रिहर्सल भी किया। गर्मियों की छुट्टी में मेरी बेटी समायरा भी मुझसे मिलने आएगी। मैं स्क्रिप्ट की फोटोज फैमिली में भेजती रही और फिर मुझे सजेशन और सपोर्ट मिलता रहा।' रिद्धिमा ने आगे फिल्मी डेब्यू के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने इसकी योजना नहीं बनाई थी। जब मुझसे संपर्क किया गया, तो मैंने बस हां कह दिया।

## सस्पेंस और रहस्य से भरी 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर जारी



**मुंबई।** अमित साध और जिम सरभ जैसे शानदार अभिनेताओं से सजी फिल्म 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह ट्रेलर सस्पेंस, ड्रामा और रहस्य से भरी एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जो दोस्ती के अटूट बंधन को केंद्र में रखती है। यह फिल्म 16 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक समीक्षकों द्वारा सराहे गए नाटक पर आधारित है और इसे ड्रॉप डी फिल्म्स व टेन ईयर्स यंगर प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर की शुरुआत दोस्तों की हंसी-मजाक से होती है, लेकिन जल्द ही माहौल गंभीर हो जाता है। सवाल उठता है- क्या ये दोस्त सच का साथ देंगे या रहस्य को दफन कर देंगे? 'पुणे हाईवे' की कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका एक सामान्य सा वीकेंड ट्रिप तब भयावह हो जाता है, जब उन्हें एक लाश मिलती है। यह घटना उनकी जिंदगी को उथल-पुथल कर देती है और उन्हें एक मर्डर मिस्ट्री के भंवर में खींच लेती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे यह तीनों दोस्त डर, अपराध करने के बोझ और नैतिकता पर जीत पानी की कोशिश करते हैं। उनकी दोस्ती उनके बीच उनकी वफादारी की परीक्षा लेती है।

## पिता से मिली घड़ी 50 रुपए में बेच मुंबई पहुंचा था ये एक्टर

**दिलीप-नरगिस के साथ किया डेब्यू, फिर बैक टू-बैक दी 6 सुपरहिट फिल्में**

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के जुबली कुमार कहे जाने वाले एक्टर राजेंद्र कुमार एक बेहतरीन एक्टर रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में मुकाम बनाया था। तकरीबन 7 साल तक फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ने के बाद उन्हें एक हिट फिल्म मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा की तमाम बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस संग काम किया था। राजेंद्र कुमार ने एक्टिंग के साथ-साथ फिल्म निर्देशन में भी हाथ आजमाया और हिट फिल्में दीं। एक दौर था, जब राजेंद्र कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हफ्ते-हफ्ते तक छाई रहती थी। इसी के चलते उन्हें जुबली कुमार का नाम मिला था। वहीं, एक दौर ऐसा भी था जब वह महज 50 रुपये लेकर मायानगरी मुंबई पहुंचे थे।



#### मदर इंडिया के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा

*राजेंद्र कुमार ने पिता से मिली घड़ी को 50 रुपए में बेचकर मुंबई का टिकट कटवा लिया था। गीतकार राजेंद्र कृष्ण की मदद से 150 रुपए महीने सैलरी पर उन्हें डायरेक्टर एचएस रवैल संग बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम मिल गया। 1950 में उन्हें ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार की फिल्म में एक रोल मिला। इसके बाद 1950 से 1957 तक उन्होंने खूब संघर्ष किया और साल 1957 में फिल्म मदर इंडिया में उन्हें नरगिस के बेटे के रोल में देखा गया और फिल्म हिंदी सिनेमा में इतिहास बन गई। इसके बाद एक्टर ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

#### सोने के लिए किराए पर लिया करते थे खाट

फिल्म मदर इंडिया में राजेंद्र कुमार का काम पसंद किया गया और फिर उन्हें फिल्में मिलने लगी। उनकी 6 फिल्मों ने बैक-टू-बैक बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया था। एक्टर की कई फिल्में सिनेमाघरों से हटती तक नहीं थी। बता दें, मुंबई में एक एक्टर ने एक वक्त ऐसा भी देखा था जब वह सोने के लिए किराए पर खाट लिया करते थे। वह मुंबई आने के बाद बॉम्बे गेस्ट हाउस में ठहरे थे, जहां कभी धर्मेंद्र और राजकुमार ने शरण ली थी. एक्टर की हिट फिल्मों में मदर इंडिया के अलावा मेरे महबूब, संगम, आई मिलन की बेला, आरजू, सूरज, गीत, गंवार, आप आए बहार आई और ललकार शामिल हैं। एक्टर को आखिरी बार साल 1993 में आई फिल्म फूल में देखा गया था।




**आईपीएल : आज आखिरी बार एक दूसरे का सामना करेंगे दोनों दिग्गज खिलाड़ी**

# बेंगलुरु जीत से खेलेगा प्ले ऑफ, धोनी और कोहली के कारण मैच होगा खास

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा तो उसकी निगाह प्ले ऑफ ने अपनी जगह लगभग पक्की करने पर होगी। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की मौजूदगी के कारण यह मैच खास बन गया है क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों को भारतीय क्रिकेट के इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को संभवतः आखरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा। इस मैच में जीत दर्ज करने पर आरसीबी के कुल 16 अंक हो जाएंगे और उसका प्लेऑफ में जगह बनाना लगभग सुनिश्चित हो जाएगा। आरसीबी को इसके बाद तीन और मैच खेलने हैं और जिस तरह से उसकी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए टीम की निगाह शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होगी ताकि उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलें। जहां तक चेन्नई का सवाल है तो उसके 10 मैच में केवल चार अंक हैं और वह प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। धोनी की अगुवाई वाली टीम हालांकि आरसीबी के समीकरण बिगाड़ने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



## फार्म में किंग कोहली

इस मैच में हालांकि सभी की निगाहें धोनी और कोहली पर टिकी रहेंगी। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में 443 रन बनाए हैं और वह फिर से ऑरेंज कैप हासिल करने की कोशिश करेंगे जो प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलती है। उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले देवदत्त पडिक्कल से अच्छा सहयोग मिल रहा है। देवदत्त ने अपनी पिछली दो पारियों में दो अर्द्धशतक बनाए हैं। आरसीबी को

## चेन्नई के बल्लेबाजों को राहत नहीं



चेन्नई के गेंदबाजों में अभी तक तेज गेंदबाज खलील अहमद और स्पिनर नूर अहमद ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं और आरसीबी के बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। लेकिन चेन्नई के बल्लेबाजों को इस तरह की राहत नहीं मिलेगी क्योंकि उनका सामना जोश हेज़लवुड, भुवनेश्वर कुमार, कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा से होगा। चेन्नई के बल्लेबाजों ने अभी तक टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी टीम को उम्मीद होगी कि उनके बल्लेबाज जैसे आयुष म्हात्रे, सैम कुरेन, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे अच्छा योगदान देंगे जिससे कि धोनी अंतिम ओवर में अपने सर परिचित आक्रामक अंदाज में रन बना सकें।

## भारत की निगाह दौरे के सकारात्मक अंत पर

**पर्थ।** लगातार तीन मैच में हार झेलने के बाद भारत शनिवार को यहां जब पांच मैचों की श्रृंखला के अपने चौथे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से फिर भिड़ेगा तो उसकी निगाह नई रणनीति आजमाकर इस दौरे का सकारात्मक अंत करने पर होगी। सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम को पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था।

## सुदर्शन को टेस्ट टीम में शामिल करने की पैरवी

**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा।

## केसीए का श्रीसंत पर 3 साल का प्रतिबंध

तिरुवनंतपुर। केरल क्रिकेट संघ ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन के बाहर रहने को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में उसके खिलाफ कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। केसीए ने एक बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में उसकी आमसभा की विशेष बैठक में लिया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.) लोककर्म विभाग**
N.I.T. No. :/PWD/2025-26/04/E-tendring/PRO-88 Date-02/05/2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_420419_1<br>02/05/25 | संभाग क्रमांक 04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत अंडर ब्रिज मेन रोड में अंडर ब्रिज से ट्रांसफॉमर तक सी. सी. रोड़ निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) (2nd Call) | 04 माह<br>रू. 17.07 | 2000/-<br>12810/- | 20/05/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्रं. 04 ,नगर निगम जबलपुर

**आम सूचना**

**साक्षी की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**(धारा 82, 87, 90 दण्ड प्रकिया संहिता)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि आरोपी संदीप पिता दामोदर धनतोले (प्रजापति) निवासी लोधीखेड़ा जिला छिंदवाड़ा (हाल जिला पांडुर्णा) ने अपराध क्र. 79/2017 धारा 420, 407, 467, 468, 471, 379, 201, 34 भादवि. का अपराध किया है और उक्त परिवाद के विषय के बारे में परीक्षा की जाना के लिए इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने के लिए आरोपी **संदीप पिता दामोदर धनतोले (प्रजापति)** निवासी लोधीखेड़ा जिला छिंदवाड़ा (हाल जिला पांडुर्णा) को विवश करने के लिए वारंट जारी किया जा चुका है, तथा उक्त वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त आरोपी **संदीप पिता दामोदर धनतोले (प्रजापति)** निवासी लोधीखेड़ा जिला छिंदवाड़ा (हाल जिला पांडुर्णा) पर उसकी तामील नही की जा सकती और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्शित कर दिया गया है कि वह फरार हो गया (या उक्त वारंटी की तामीली से बचने के लिये अपने को छिपा रहा है।) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **संदीप पिता दामोदर धनतोले (प्रजापति)** निवासी लोधीखेड़ा जिला छिंदवाड़ा (हाल जिला पांडुर्णा) से अपेक्षा की जाती है कि वह थाना के अपराध क्र. 79/2017 धारा 420, 407, 467, 468, 471, 379, 201, 34 भादवि के बारे में जिसका परिवाद किया गया है परीक्षा की जाने के लिए तारीख 06/05/2025 को 11.00 बजे (स्थान) में माननीय न्यायालय गाडरवारा के न्यायालय के समक्ष हाजिर हो ।

**दिनांक -05/04/2025**
सील
(अजय सिंह यादव)
न्यायिक मजिस्ट्रट प्रथम श्रेणी
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/602/ ज.प्र./नपानि/2025-26 // निविदा सूचना// छिंदवाड़ा दिनांक 28/04/2025

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_420575_1 Dated 02-05-2025 | Annual tender for supply installation, testing and commissioning of different maintenance material for motor control panel of water works for financial year 25-26 in Municipal Corporation Chhindwara | 1. 3000000.00<br>2. 12 माह | 1. 5000.00<br>2. 22500.00 | 03.06.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा**

**महिंद्रा फ़ायनांस**

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: गेटवे बिल्डिंग, अपोलो बंदर, मुंबई - 400 001.
CIN: L66921 MH1991PLC059642
टेलीफोन: +91 22 6652 6000 | वेबसाइट: www.mahindrafinance.com |
ईमेल: fixeddeposit@mahindrafinance.com

महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमएमएफएसएल) के प्रबंधन द्वारा 1 अगस्त 2025 से निम्नलिखित पते पर स्थित हमारी अलोट शाखा को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

| क्र | शाखा का नाम | शाखा पता | शहर | राज्य | शाखा कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर सी वी | तल मंजिल, 1201, चेरीताल वार्ड, पारिजात बिल्डिंग के पास, पीएनबी बैंक, चेरीताल रोड, दमोह नाका, जबलपुर , मध्य प्रदेश - 482002. | जबलपुर | मध्य प्रदेश | जेसीवी (JCV) |

इन शाखाओं के सभी जमा धारकों को नीचे उल्लिखित हमारी निकटतम शाखा के पते से सेवा प्रदान की जाएगी:

| क्र | निकटतम शाखा | निकटतम शाखा का पता | शहर | राज्य | शाखा कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर | महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड 1172-ए, पहली मंजिल, अतुल बिहार, कमर्शियल विंग, आस्था मेडिकोज के पास, राइट टाउन, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482002. टेलीफोन नंबर: 0761-4054761 | जबलपुर | मध्य प्रदेश | जेएबी (JAB) |

वैकल्पिक रूप से ग्राहक किसी भी सेवा आवश्यकता के लिए हमारे समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र नंबर: 1800 266 9266 के माध्यम से MMFSL से संपर्क कर सकते हैं। या हमें fixeddeposit@mahindrafinance.com पर लिख सकते हैं।

हमें इस संबंध में हुई असुविधा के लिए गहरा खेद है और हम अपने मूल्यवान ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि कृपया हमारे साथ सहयोग करें।

**LIC HFL** LIC HOUSING FINANCE LTD
**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

( वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत मांग नोटिस ) ( 1 ) क्रमांक ( 2 ) गृह ऋण खाता क्रमांक ( 3 ) ऋणी का नाम व पता ( 4 ) सम्पत्ति का पता ( 5 ) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक ( 6 ) बकाया राशि क्र .

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 8002050001732 | श्री दीपक कुमार पता एलआईजी क्वार्टर नंबर 05, खसरा नंबर 152/1/25 का हिस्सा, त्रिमूर्ति नगर, मौजा माधोताल, एनबी 660, पटवारी हल्का नंबर 01 (अधारताल), आरएनएम महाराजपुर, तहसील पुराना जबलपुर, नया अधारताल, जिला जबलपुर, म.प्र | पता एलआईजी क्वार्टर नंबर 05, खसरा नंबर 152/1/25 का हिस्सा, त्रिमूर्ति नगर, मौजा माधोताल, एनबी 660, पटवारी हल्का नंबर 01 (अधारताल), आरएनएम महाराजपुर, तहसील पुराना जबलपुर, नया अधारताल, जिला जबलपुर, म.प्र क्षेत्र 640 वर्ग फीट | 09/08/2023<br>25,00,000/-<br>25/04/2025 | 25,71,954.83/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500013343<br>120500013344 | स्वर्गीय श्री श्याम नंदन सिंह और स्वर्गीय श्रीमती रेणु सिंह के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी पता मकान नंबर 926, पटेल नगर, सुहागी, जबलपुर, म.प्र 482001 | प्लॉट नंबर 27, मौजा सुहागी एनबी 426, पटवारी हल्का नंबर 20, खसरा नंबर 120,121 और 122 का हिस्सा, जबलपुर, म.प्र 482004 क्षेत्र 1500 वर्ग फीट | 05/03/2019<br>7,00,000/-<br>19/04/2025<br>05/03/2019<br>5,00,000/-<br>19/04/2025 | 4,55,230.66/-<br>4,37,175.99/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 8002050001425 | श्री सोनू कुमार पता लेआउट प्लॉट नंबर 15, चौतन्य सिटी फेस–2 पार्ट–1, खसरा नंबर 423/2, मौजा कजरवारा, एनबी 505, पटवारी हल्का नंबर 27 पुराना नया पटवारी हल्का नंबर 10, आरएनएम जबलपुर–1 न्यू बिलहरी, विकास खंड जबलपुर, तहसील पुराना जबलपुर नई रांझी, जबलपुर, म.प्र 482020 | लेआउट प्लॉट नंबर 15, चौतन्य सिटी फेस–2 पार्ट–1, खसरा नंबर 423/2, मौजा कजरवारा, एनबी 505, पटवारी हल्का नंबर 27 पुराना नया पटवारी हल्का नंबर 10, आरएनएम जबलपुर–1 न्यू बिलहरी, विकास खंड जबलपुर, तहसील पुराना जबलपुर नई रांझी, जबलपुर, म.प्र 482020 क्षेत्र 1060 वर्ग फीट | 05/06/2023<br>30,00,000/-<br>19/04/2025 | 31,15,367.60/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 4. | 120500017715<br>120500017716 | श्री अमित रॉय पता डुप्लेक्स/प्लॉट नंबर 63, मां नर्मदे नगर फेस–2, मौजा बिलहरी, पटवारी हल्का नंबर 23/27, नया 10, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नंबर 66, तहसील और जिला जबलपुर, म.प्र 482020 | पता डुप्लेक्स/प्लॉट नंबर 63, मां नर्मदे नगर फेस–2, मौजा बिलहरी, पटवारी हल्का नंबर 23/27, नया 10, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नंबर 66, तहसील और जिला जबलपुर, म.प्र 482020 क्षेत्र 1405 वर्ग फीट | 24/09/2021<br>28,00,000/-<br>19/04/2025<br>24/09/2021<br>15,00,000/-<br>19/04/2025 | 28,38,742.32/-<br>14,75,328.08/- + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 5. | 120500011581 | श्री अमित कुमार जैन पता 145/1, लोकमान्य तिलक वार्ड, अंधेरदेव, जबलपुर–482001 | नगर निगम हाउस नंबर 188/पी–35, पुराना राम मनोहर लोहिया वार्ड और नया पंडित भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, नजूल ब्लॉक नंबर 78, प्लॉट नंबर 47/2, तहसील और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश 482001 क्षेत्रफल 930 वर्ग फीट | 30/05/2018<br>25,80,000/-<br>19/04/2025 | 27,27,641.90/- + ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी । जिनको आपने स्वीकार किया था । ( 1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है । ( 2 ) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त ( कालम नं . 5 ) आस्ति । प्रतिभूति अनुबंध ( रक्षित आस्ति ) से रक्षित है । इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है । ( 3 ) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार – बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है । इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है । ( 4 ) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है ( कालम नं . 6 ) 1 ( 5 ) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें , न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 ( 4 ) की शक्तियों का उपयोग करेंगे। ( 6 ) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी । जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **31.05.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि ( यदि कोई हो तो ) आपको भुगतान दिया जायेगा । ( 7 ) एक्ट की धारा 13 ( 13 ) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण , बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे । ( 8 ) एक्ट की धारा 13 ( 10 ) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरूद्ध ऋण वसूली अधिकरण ( DRT ) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं । यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है ।

आज्ञा से
दिनांक : **02.05.2025** प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : जबलपुर एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.



आरआई पटवारियों के साथ राजस्व अधिकारियों ने भी मोर्चा खोला

# पटवारी के बाद अब तहसीलदार पर एफआईआर

हरिभूमि, जबलपुर।

जमीन के नामांतरण मामले में राज्य आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर (ईओडब्ल्यू) द्वारा पटवारी के ऊपर एफआईआर दर्ज किए जाने का विरोध कर रहे पटवारी संघ को अब तहसीलदार पर भी एफआईआर होने से आरआई संघ और राजस्व अधिकारी संघ का भी समर्थन मिल गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कलेक्टर द्वारा कराई गई त्रिस्तरीय जांच में संबंधित तहसीलदार और पटवारी को क्लीन चिट दे दी गई है। जांच समिति की इस रिपोर्ट को, शासन को भी भेज दिया गया है। इस बात का खुलासा खुद पटवारी संघ की कार्यकारी अध्यक्ष मुक्ता चौकसे ने किया है। इस बीच गोरखपुर तहसीलदार भरत सोनी के विरुद्ध ईओडब्लयू द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में सोमवार को राजस्व अधिकारी संघ ने भी हड़ताल की घोषणा कर दी। इधर शुक्रवार को दोपहर में पटवारी संघ और आर आई संघ रैली लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा था। पटवारी संघ व आर आई संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से मुलाकात की। कलेक्टर दीपक सक्सेना के चेंबर के बाहर आने के बाद पटवारी संघ की कार्यकारी अध्यक्ष मुक्ता चौकसे ने कहा कि कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा पूरे प्रकरण में त्रिस्तरीय विभागीय जांच कराई गई थी।



### बिना विभागीय जांच के एफआईआर दर्ज न होः पटवारी संघ

जांच में तहसीलदार और पटवारी को क्लीन चिट मिल गया है। अब सवाल यह उठता है कि बिना विभागीय जांच कराए तहसीलदार संवर्ग जिन्हें न्यायाधीश संरक्षण प्राप्त होता है और पटवारी पर ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर ली गई। शासन से पटवारी संघ ने मांग की है कि कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर एफआईआर को खारिज किया जाए। वहीं पटवारियों को प्रोटेक्शन भी दिया जाए, ताकि बिना विभागीय जांच के सीधे एफआईआर दर्ज न हो। उल्लेखनीय है कि कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से नामांतरण करने के आरोप पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर (ईओडब्ल्यू) ने गोरखपुर तहसीलदार भरत सोनी, शिखा तिवारी हल्का पटवारी गोरखपुर व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### बिना विभागीय जांच के एफआईआर दर्ज न होः पटवारी संघ

जांच में तहसीलदार और पटवारी को क्लीन चिट मिल गया है। अब सवाल यह उठता है कि बिना विभागीय जांच कराए तहसीलदार संवर्ग जिन्हें न्यायाधीश संरक्षण प्राप्त होता है और पटवारी पर ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर ली गई। शासन से पटवारी संघ ने मांग की है कि कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर एफआईआर को खारिज किया जाए। वहीं पटवारियों को प्रोटेक्शन भी दिया जाए, ताकि बिना विभागीय जांच के सीधे एफआईआर दर्ज न हो। उल्लेखनीय है कि कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से नामांतरण करने के आरोप पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर (ईओडब्ल्यू) ने गोरखपुर तहसीलदार भरत सोनी, शिखा तिवारी हल्का पटवारी गोरखपुर व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।



मौसम विभाग ने दी चेतावनी, कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है

# धूल भरी आंधी के बीच बारिश की संभावना

हरिभूमि, जबलपुर।

सूर्य देव अपना जलवा बिखेर रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर हल्के बादल घिर आये हैं। लेकिन गर्मी से कोई राहत नजर नहीं आ रही है। गुरुवार की देर शाम एक झलक बारिश ने तापमान को औसत से नीचे ला दिया। मौसम विभाग के मुताबिक पारे की नरमी के बीच अगले 24 घंटों के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर धूल भरी आंधी के बीच हल्की वर्षा और ओलावृष्टि की भी संभावना हैं। शुक्रवार को दिनभर मौसम खुला रहा, सुबह से धूप भी तेज धूप भी निकली दोपहर बाद आसमान पर हल्के बादल छा गए थे जिससे उमस ने परेशान किया। गुरुवार की शाम बारिश के बाद शुक्रवार को आसमान में बादलों के छाने से तापमान की उछाल पर ब्रेक लगा, लेकिन हवा में नमी बढ़ जाने से उमस का वातावरण बन गया। दोपहर बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान से आये चक्रवाती हवाओं के घेरे की वजह से हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना और आसमान पर बादलों ने घेरा डाला और तापमान की रफ्तार पर लगाम लगाई। मौसम विभाग के मुताबिक अभी राजस्थानी चक्रवात पूरी तरह से विदा नही हो पाया और बंगाल की खाडी से एक नया चक्रवात मध्यप्रदेश आ रहा हैं जिसके प्रभाव से हवाएं और हल्की वर्षा के साथ ओलावृष्टि गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 38.01 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 21.04 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 48 प्रतिशत और सायंकाल 29 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.35 पर और सूर्यास्त शाम 6.39 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43 डिग्री तापमान खरगौन और राजगढ़ जिले में दर्ज किया गया। दक्षिणी पूर्वी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 37.07 और न्यूनतम तापमान 20.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर धूल भरी आंधी चल सकती है, वहीं कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना हैं।

न्यू कटनी जंक्शन में देश के शक्तिशाली लोको का आगमन

# 104 टन वजन के साथ 110 की रफ्तार से दौड़ेगा लोको

हरिभूमि, जबलपुर।

भारत में रेल के माध्यम से माल ढुलाई के क्षेत्र में जबलपुर रेल मंडल के न्यू कटनी जंक्शन (एनकेजे) का



विशेष महत्व है क्योंकि यहां विद्युत एवं डीजल लोको शेड द्वारा बड़े पैमाने पर फ्रेट लोको का अनुरक्षण कर ट्रैफिक को प्रदान किया जाता है। वर्तमान मे विद्युत लोको शेड एनकेजे को 11 तथा डीजल लोको शेड को 27 ईएफ12के विद्युत लोकोमोटिव्स आवंटित किए गए हैं, जिनमें से अभी तक 9 लोको कमीशन कर दिए गए हैं। इस लोकोमोटिव का निर्माण चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू), चित्तरंजन में किया जा रहा है। ईएफ12के लोकोमोटिव डब्ल्यूएजी-9 का एक उन्नत संस्करण है जिसे 12 हजार हॉर्स पावर (एचपी) के साथ विकसित किया गया है जो भारी माल ढुलाई के लिए बना है। इसका दोहरे-खंड वाला डिज़ाइन इसे मल्टी-मोड कॉन्फ़िगरेशन में संचालित करने की अनुमति देता है, जिससे विशेष रूप से पहाड़ी इलाकों में अतिरिक्त बैंकर लोकोमोटिव की आवश्यकता कम हो जाती है। इससे न केवल दक्षता बढ़ती है बल्कि ट्रेन संचालन भी सरल होता है और टर्नअराउंड समय भी कम लगता है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि इसे पहले डब्ल्यूएजी-9 ट्विन्स के नाम से जाना जाता था। ईएफ12के लोकोमोटिव का पूरा नाम "इलेक्ट्रिक फ्राईट 12,हजार हॉर्सपावर है। यह लोकोमोटिव 110 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से चल सकता है। इस लोको में ट्विन को-को टाइप की बोगी लगायी गई है तथा प्रारंभिक कर्षण बल 104.0 टन के साथ यह भारतीय रेल्वे का सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव है। इस लोको में 520 केएन का रीजनरेटिव ब्रेकिंग ईफोर्ट दान किया गया है जो सभी लोकोमोटिव मे अधिकतम है।

इन लोकोमोटिव के आने से डीएफसी की भी दक्षता बढ़ेगी जिनमें कम समय में अधिक मात्रा में विश्वसनीयता के साथ माल ढुलाई किया जा सकेगा। जैसे-जैसे ईएफ12के बेड़े का विकास होता है और माल ढुलाई संचालन बढ़ता है, यह भारतीय रेल को दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे महत्वाकांक्षी रेलवे प्रणाली के रूप में विकसित होने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

### कार की टक्कर से बाईक सवार 2 घायल

**जबलपुर।** मदनमहल थाना क्षेत्र में एक कार ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक घायल हो गए। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार फेस 4 स्टार सिटी निवासी 35 वर्षीय शराब दुकान मैनेजर हेमंत सिंह राजपूत देर रात लगभग 12.10 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन ई 7014 से अपने दोस्त रामलाल पटैल के साथ सिविक सेंटर से अपने घर स्टार सिटी माढ़ोताल जा रहे थे जैसे ही डाक्टर अंकित सेठ की क्लीनिक के सामने पहुँचे तभी पीछे से आ रहा सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 9868 के चालक ने उसकी मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे हेमंत और रामलाल मोटर सायकल सहित नीचे गिरकर घायल हो गए जिससे दोनों के हाथ पैर में चोटें आ गईं हैं। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

*प्रस्तावित 15 कोर्स कॉम्बिनेशन में 11 नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है, जबकि 4 पाठ्यक्रम पहले से संचालित हो रहे हैं*

# नये सत्र से 15 नये कोर्स शुरु करेगा रादुविवि

हरिभूमि, जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत स्नातक स्तर पर विज्ञान विषयों में 15 नए कोर्स कॉम्बिनेशन शुरू करने का निर्णय लिया है। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान और तकनीकी शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा, जो उन्हें न सिर्फ स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर भी रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

प्रवेश समिति द्वारा प्रस्तावित 15 कोर्स कॉम्बिनेशन में 11 नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है, जबकि 4 पाठ्यक्रम पहले से संचालित हो रहे हैं। ये सभी कोर्स बायो टेक्नोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, बायो कैमिस्ट्री, जूलाजी, बॉटनी, फार्मास्युटिकल कैमिस्ट्री, कैमिस्ट्री, फॉरेंसिक साइंस,



इलेक्ट्रॉनिक्स, फिजिक्स, कम्प्यूटर साइंस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और गणित जैसे विषयों में संचालित किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार संभावनाएं भी प्रदान करेंगे।

### रोजगार और शोध को मिलेगा बढ़ावा

कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि ये कोर्स महाकौशल क्षेत्र और प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा, "इन विषयों में व्यापक स्तर पर शोध की संभावनाएं हैं और समय-समय पर अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों को मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया जाएगा।"

### पैरामेडिकल क्षेत्र में भी नई शुरुआत

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में भी अहम कदम उठाते हुए डीएमएलटी (डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी) और बीएमएलटी (बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। ये पाठ्यक्रम क्रमशः दो वर्षीय और तीन वर्षीय होंगे। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को पैरामेडिकल क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता प्रदान करना है, जिससे वे लैब टेक्नीशियन जैसी भूमिकाओं में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित हो सकें। इन कोर्सों के लिए 50-50 सीटों का निर्धारण किया गया है।

### एप्रूवल मिला तो इसी सत्र से होगा शुरु

इन पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक शिक्षा शासकीय एल्गिन अस्पताल के सहयोग से संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय और अस्पताल के बीच पहले से अनुबंध मौजूद है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पैरामेडिकल काउंसिल में इन कोर्सों के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु फाइल भी जमा कर दी गई है। यदि एप्रूवल मिल जाता है तो इन्हें इसी सत्र से शुरू किया जाएगा।

जनहित याचिका पर सचिव केंद्रीय कोयला मंत्रालय सहित अन्य को हाईकोर्ट का नोटिस

# एनसीएल में ठेका कंपनी द्वारा मजदूरों के शोषण पर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने नार्दन कोल फील्डस (एनसीएल) सिंगरौली में ठेका कंपनी द्वारा मजदूरों के शोषण के आरोप के मामले में जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सचिव केंद्रीय कोयला मंत्रालय, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उत्तरी कोल फील्ड लिमिटेड, केंद्रीय सहायक श्रम आयुक्त, आयुक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्य सतर्कता अधिकारी एनसीएल, एमएस एसोसिएट इंजीनियर्स और बिल्डर्स एमैसर्स महादेवा बिल्डर्स, एमएस आईपी एसोसिएट्स, एमएस विकास इंटरप्राइजेज, एमएस गोपाल एंटरप्राइजेज, मैसर्स यूसी जायसवाल, एमएस बीआईपीएल बीपीएल



संयुक्त उद्यम साइट अमलोहरी, मैसर्स सूर्या एसोसिएट्स तथा कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सिंगरौली को नोटिस जारी किए।

सिंगरौली निवासी समाजसेवी लाल बाबू कुशवाहा की ओर से जनहित याचिका दायर कर कोर्ट को बताया कि एनसीएल द्वारा साफ-सफाई, बागवानी, बिल्डिंग निर्माण व देखरेख सहित अन्य कार्यों के लिए संबंधित कंपनियों को ठेका दिया जाता है। ठेका लेने के कंपनी उक्त कार्य को पेटी ठेका में दूसरें को सौंप देती है। जिसके द्वारा मजदूरों को शोषण किया जाता है। कार्यरत मजदूरों को निर्धारित 30 दिनों का वेतन नहीं दिया जाता है। हाजरी रजिस्टर में उनकी 10 से 15 दिनों की अधिकतम उपस्थिति दिखाते है। इसके अलावा कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी सहित पीएफ, स्वास्थ्य सहित अन्य सेवा लाभ प्रदान नहीं किए जाते। कर्मचारियों के द्वारा विरोध करने पर उन्हें धमकाते हुए नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। ठेका कंपनी के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कार्य के लिए मशीनों का उपयोग किया जाता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दिये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसलिए याचिका दायर की गई है।

### कटनी के निजी कॉलेज के खिलाफ विलम्ब शुल्क लगाने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी के डिग्री कॉलेज के संबद्धता शुल्क पर 25 प्रतिशत विलंब शुल्क लगाने पर रोक लगा दी। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को कहा कि 5 मई 2025 तक महाविद्यालय से बिना कोई विलंब शुल्क लिए संबद्धता राशि जमा करने के लिए पोर्टल खोलें। विश्वविद्यालय प्रशासन व अन्य को जवाब देने के निर्देश दिए। लाला मथुरा दास शिक्षा समिति की ओर से दीपक पंजवानी, नेहा भाटिया, प्रवीण कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि उक्त डिग्री कॉलेज को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न विषयों की जोड़ कर लगभग 17 लाख रुपये संबद्धता शुल्क जमा करना था। पोर्टल पर गलत जानकारी के चलते समय पर शुल्क जमा नहीं कर सके। अब विवि ने 5 मई तक शुल्क जमा करने पर 25 प्रतिशत विलंब शुल्क अधिरोपित कर दिया है, इसलिए

### दो आतंकियों को ढेर करने वाले आरएफ जवान को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने के मामले में फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दो आतंकियों को ढ़ेर करने वाले रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के एक इंस्पेक्टर की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी कर ली।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। मामला आउट आफ टर्न प्रमोशन न मिलने को चुनौती का है। भोपाल निवासी रेवाशंकर योगी की ओर से यह अपील 2013 में दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता ने दो जवानों के साथ एक अप्रैल, 2008 को अनंतनाग में आतंकी असलम खान और जावेद अहमद को मार गिराया था। आतंकी अमरनाथ यात्रियों पर हमला करने की फिराक में थे। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए नियमानुसार आउट आफ टर्न प्रमोशन मिलना था। सीआरपीएफ के तत्कालीन डीआईजी की अनुशंसा के बाद भी ऐसा नहीं किया गया। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई। मामले में भारत सरकार, डीजीपी सीआरपीएफ दिल्ली, आईजी सीआरपीएफ श्रीनगर व डिप्टी आईजी सीआरपीएफ अनंतनाग सहित कमांडेंट को पक्षकार बनाया गया है।

### जिम ट्रेनर ने नाबालिग को उठाकर पटक दिया

जबलपुर। गोरखपुर थाना अतंर्गत बंदरिया तिराहा के पास एक जिम में जिम ट्रेनर ने जिम में अभ्यास करने आए एक 16 वर्षीय किशोर के साथ गालीगलौज व मारपीट कर जमीन पर पटक दिया। घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिवेणी स्कूल के पास हाथीताल निवासी 16 वर्षीय कक्षा दसवीं में पढ़ने वाला एक छात्र प्रतिदिन बंदरिया तिराहा स्थित पीटर जिम में अभ्यास करने के लिए जाता है। गत दिवस लगभग 3.30 बजे वह बंदरिया तिराहा पीटर जिम पहुंचा तभी जिम के नीचे जिम के ट्रेनर कुलदीप भाट उसे देखते ही गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर मारपीट कर उसे जमीन पर पटक दिया और फिर किसी चीज से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

माढ़ोताल सबस्टेशन में दो नए सर्किटों का निर्माण और ऊर्जीकरण

# जबलपुर की पारेषण प्रणाली को मिली मजबूती

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने जबलपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र की पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने माढ़ोताल (रिमझा) स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन में दो नए 132 के.व्ही. सर्किटों का निर्माण कर उन्हें सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। इससे पहले इस सबस्टेशन में दो 132 के.व्ही. सर्किट पहले से ही क्रियाशील थे। अब यहां कुल चार सर्किट उपलब्ध हो गए हैं।



### इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा

इस परियोजना के पूर्ण होने से माढ़ोताल, जे.पी. नगर, लेमा गार्डन, कठौंदा, रामेश्वरम सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कटंगा और सिहोरा जैसे इलाकों के उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

### चार सर्किटों से होगी आपूर्ति

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत अब माढ़ोताल सबस्टेशन को जबलपुर एवं पनागर स्थित 220 के.व्ही. सबस्टेशनों से डबल सर्किट के माध्यम से कुल चार 132 के.व्ही. सर्किटों से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसी एक फीडर के रखरखाव या तकनीकी बाधा के दौरान भी माढ़ोताल की विद्युत व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### 235 लाख की लागत से कार्यान्वयन

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि इस परियोजना के तहत लगभग 235 लाख रुपये की लागत से डबल सर्किट डबल स्ट्रिंगिंग ट्रांसमिशन टावर और सबस्टेशन में दो नए सर्किटों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया गया है। इस उन्नयन से जबलपुर शहर की विद्युत आपूर्ति पहले से अधिक लचीली और विश्वसनीय हो गई है। उन्होंने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के समस्त कार्मिकों को बधाई दी है।

# उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन आज से

हरिभूमि, जबलपुर।

**पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव**

रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्म काल के दौरान यात्रियों के बढ़ते दबाव को क्लियर करने और रेल यात्रा को सुगम बनाने की दृष्टि से समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इसी कड़ी में उधना-समस्तीपुर-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 05-05 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर

### 10 ट्रिप सेवाएं

गाड़ी संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 03 मई से 31 मई 2025 तक प्रत्येक शनिवार को उधना स्टेशन से रात 20:35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06:05 बजे, जबलपुर 09:20 बजे, कटनी 10:45 बजे, सतना 12:25 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सोमवार 02:35 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुंचेगी। (05 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 09070 समस्तीपुर उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 05 मई से 02 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर स्टेशन से प्रातः 05:00 बजे प्रस्थान कर, सतना 19:10 बजे, कटनी रात 22:00 बजे, अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 00:05 बजे, इटारसी 03:35 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए मंगलवार दोपहर 14:00 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी।

### ठहराव

चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर स्टेशन में यह ट्रेन रुकेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240